पारा आपडेट
मैक्सिमम 25.00 | मिनीमम 10.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.40
सूर्योदय (कल) ▸ 06.25


बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, सोमवार 09 फरवरी 2026 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 08 अंक : 217 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com



पेज 12






झारखंड दर्शन के पाठकों व शुभेच्छुओं से आग्रह है कि किसी भी प्रकार के विज्ञापन देने के लिए आप फोन नंबर 9262578999 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही अगर आप तक हमारे अखबार की प्रति नहीं पहुंच रही है तो भी उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रबंधक

आवश्यकता

हमारे हिंदी दैनिक झारखंड दर्शन को अपने लेखा विभाग के लिए एक योग्य और अनुभवी अकाउंटेंट और मार्केटिंग के लिए व्यक्ति की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपना रिज्यूमे इस ईमेल एवं फोन नंबर पर भेज सकते हैं।

email - jharkhanddarshan405@gmail.com
Phone - 91025 69636, 92625 78999


## भारत-मलेशिया द्विपक्षीय वार्ता के बाद 11 महत्वपूर्ण समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

# मलेशिया में खुलेगा भारतीय महा वाणिज्यिक दूतावास, जन-संबंधों को मजबूती मिलेगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2026 की पहली विदेश यात्रा भारत और मलेशिया के बीच 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली साबित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री महामहिम दातो सेरी अनवर इब्राहिम के बीच रविवार को पुत्राजाया स्थित पदार्ना पुत्र परिसर में प्रतिनिधिमंडल स्तर की सार्थक वार्ता हुई।

वार्ता के बाद दोनों नेताओं की मौजूदगी में कुल 11 महत्वपूर्ण दस्तावेज और समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, डिजिटल, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा और सांस्कृतिक सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण समझौतों के साथ जनहित से जुड़ी अहम घोषणाएं भी की गईं, जो भारत-मलेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़




करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं।

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी का आज मलेशिया के प्रधानमंत्री महामहिम दातो सेरी अनवर इब्राहिम ने पदार्ना पुत्र परिसर में औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद, दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के आधिकारिक आवास सेरी पर्दाना में सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक की। नेताओं ने व्यापक चर्चा की और 2024 में दोनों देशों के बीच स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

उन्होंने साझेदारी की नींव रखने वाले भारत-मलेशिया के सदियों पुराने संबंधों और घनिष्ठ जन-संबंधों को याद किया। नेताओं ने व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, समुद्री क्षेत्र, स्वच्छ ऊर्जा, अवसंरचना, स्टार्टअप, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण परिदृश्य की समीक्षा की।

नेताओं ने सेमीकंडक्टर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। उन्होंने द्विपक्षीय डिजिटल परिषद के माध्यम से दोनों देशों के बीच डिजिटल सहयोग में हुई निरंतर प्रगति की सराहना की और फिनटेक सहयोग को बढ़ाने के लिए यूपीआई और पे-नेट के बीच हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने संसदीय और विश्वविद्यालयीय आदान-प्रदान के माध्यम से युवाओं के बीच संबंधों को मजबूत करने का आह्वान किया। इसी बीच भारत के नालंदा विश्वविद्यालय और मलाया विश्वविद्यालय तथा मलेशिया के आईआईटी मद्रास और एडवांस्ड सेमीकंडक्टर अकादमी के बीच चल रहे सहयोग का स्वागत किया गया।

### यात्रा को 'दो पुराने मित्रों का मिलन' : मोदी

मोदी ने कहा कि मलेशिया में भारत के पहले वाणिज्य दूतावास के खुलने से वाणिज्यिक और जन-संबंधों को मजबूती मिलेगी। दोनों नेताओं ने वैश्विक शासन सुधार, हिंद-प्रशांत क्षेत्र और भारत-आसियान साझेदारी में वृद्धि सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री ने एआईटीआईजीए की समीक्षा को जल्द से जल्द पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने 2025 में आसियान की सफल अध्यक्षता के लिए प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को बधाई भी दी। पीएम अनवर इब्राहिम ने 2026 में ब्रिक्स की भारत की अध्यक्षता के लिए अपनी शुभकामनाएं और समर्थन व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले और लाल किले विस्फोट की कड़ी निंदा के लिए प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को धन्यवाद दिया और आतंकवाद विरोधी प्रयासों में निरंतर घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया। 'प्रधानमंत्री मोदी ने इस यात्रा को 'दो पुराने मित्रों का मिलन' बताते हुए प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को भारत आने का निमंत्रण भी दिया।

### प्रधानमंत्री की यात्रा में क्या-क्या हुई घोषणाएं

- यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं में मलेशिया में भारतीय महावाणिज्य दूतावास की स्थापना का निर्णय शामिल है, जिससे वहां रह रहे भारतीय समुदाय को कांसुलर सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी।
- कुआलालंपुर स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मलाया में एक समर्पित तिरुवल्लुवर केंद्र स्थापित करने और मलेशियाई नागरिकों के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति शुरू करने की घोषणा की गई।
- डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में एनपीसीआई इंटरनेशनल लिमिटेड और पेनेट एसडीएन बीएचडी के बीच सीमा-पार भुगतान समझौता।
- यूनिवर्सिटी ऑफ साइबरजया और आयुर्वेद प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर सहमति।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डॉ. जाकिर हुसैन को जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को देश के तीसरे राष्ट्रपति रहे डॉ. जाकिर हुसैन की जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने डॉ. जाकिर हुसैन के योगदान को स्मरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। डॉ. जाकिर हुसैन का जन्म 08 फरवरी 1897 को हुआ था। वे भारत के तीसरे राष्ट्रपति थे और देश के पहले ऐसे राष्ट्रपति रहे जो शिक्षाविद् पृष्ठभूमि से आए थे। वे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कुलपति और जामिया मिलिया इस्लामिया के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। डॉ. जाकिर हुसैन को शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सबसे सशक्त माध्यम मानने के लिए जाना जाता है। उन्हें वर्ष 1963 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उनका कार्यकाल सादगी, नैतिक मूल्यों और शैक्षणिक दृष्टि के लिए स्मरण किया जाता है।

### टीएनपीएससी ग्रुप 2, 2ए परीक्षाएं स्थगित, परीक्षा केंद्रों में गड़बड़ी से हंगामा

**चेन्नई।** चेन्नई में रविवार को आयोजित होने वाली टीएनपीएससी ग्रुप 2 और 2ए मुख्य परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। परीक्षा केंद्रों के आवंटन में गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए परीक्षार्थियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद टीएनपीएससी ने यह निर्णय लिया। चेन्नई के अरुंबाक्कम परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के लिए पंजीकरण नंबर उपलब्ध न होने के कारण भारी भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इससे नाराज परीक्षार्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसी तरह नंदनम परीक्षा केंद्र में भी सुबह 9 बजे के बाद तक प्रश्नपत्र नहीं पहुंचने की शिकायत सामने आई। साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दिए जाने के कारण उन्होंने वहां भी प्रदर्शन किया। इन घटनाओं को देखते हुए ग्रुप 2 और 2ए मुख्य परीक्षाओं को स्थगित करने की घोषणा की गई है। साथ ही यह भी बताया गया है कि स्थगित की गई टीएनपीएससी परीक्षाएं किसी अन्य तिथि पर आयोजित की जाएंगी।

## प्रधानमंत्री मोदी की मलेशिया यात्रा में दोनों देशों का साझा वक्तव्य जारी

# रक्षा, सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ायेंगे भारत-मलेशिया : मोदी

### पीएम मोदी ने आतंकवाद पर दिया स्पष्ट संदेश, कहा- दोहरा मापदंड मंजूर नहीं

एजेंसी

कुआलालंपुर। भारत और मलेशिया ने आतंकवाद से निपटने, खुफिया जानकारी साझा करने, समुद्री सुरक्षा मजबूत करने, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों का मानना है कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र दुनिया के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है और वे आसियान के साथ पूरे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। आतंकवाद पर उनका स्पष्ट संदेश है कि इस पर दोहरा मापदंड मंजूर नहीं तथा आतंकवाद से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।'

मलेशिया की दो दिन की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां अपने मलेशियाई समकक्ष के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह बात कही। प्रधानमंत्री ने मलेशिया में भारत के



कामगारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा समझौते, पर्यटन के लिए ग्रैटिस ई वीजा और डिजिटल पेमेंट इंटरफेस यूपीआई के मलेशिया में लागू होने को बड़ा कदम बताया।

श्री मोदी ने वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा, 'भारत और मलेशिया के संबंध विशेष हैं। हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से हमारे लोगों के बीच गहरे और आत्मीय रिश्ते रहे हैं। आज मलेशिया, भारतीय मूल की आबादी वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। हमारी सभ्यताएँ, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई हैं।'

### समुद्री सुरक्षा में सहयोग मजबूत करेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में हम आतंकवाद रोधी, खुफिया जानकारी साझा करने, समुद्री सुरक्षा में सहयोग मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश रक्षा सहयोग को भी और व्यापक बनाएंगे। साथ ही उन्होंने रक्षा, एआई, डिजिटल प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमति व्यक्त की है। श्री मोदी ने कहा कि मलेशिया में भारत के कामगारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा समझौते, पर्यटन के लिए ग्रैटिस ई वीजा और डिजिटल पेमेंट इंटरफेस यूपीआई का मलेशिया में लागू होना ये सभी कदम, दोनों देशों के नागरिकों के जीवन को सरल बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मलेशिया को तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भी जोड़ता है। उन्होंने कहा कि मलेशिया में तमिल भाषा की मजबूत और जीवंत उपस्थिति शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में दिखाई देती है।

### आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों का किया विरोध

प्रधानमंत्री ने वैश्विक संस्थाओं में सुधारों को जरूरी बताया और आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों का विरोध करते हुए आतंकवाद से कोई समझौता नहीं करने की बात कही। श्री मोदी ने कहा, 'हमारा साझा मत है कि आज की चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार जरूरी है। हम शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे और आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है, आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों का विरोध और आतंकवाद से कोई समझौता नहीं। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, 'हम आसियान के साथ पूरे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत आसियान को केन्द्र के रूप में प्राथमिकता देता है।'

## प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशिया में भारतीय प्रवासियों से किया संवाद, बोले

# भारत-मलेशिया संबंधों को सुदृढ़ करने में प्रवासी भारतीयों की रही अहम भूमिका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मलेशिया में भारतीय प्रवासी समुदाय के विशिष्ट सदस्यों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने मंत्रियों, सांसदों, सीनेटरों तथा आजाद हिंद फौज के वरिष्ठ सदस्यों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने मलेशिया के डिजिटल मंत्री तुआन गोबिंद सिंह देव, मानव संसाधन मंत्री रमनन रामकृष्णन, प्रधानमंत्री विभाग में उप मंत्री तुआन एम. कुलसेगरन तथा राष्ट्रीय एकता के उप मंत्री तुआन आर. युनेसवरन सहित अन्य प्रमुख भारतीय मूल के नेताओं से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने मलेशिया के विकास और प्रगति में भारतीय प्रवासी समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय समुदाय भारत-मलेशिया संबंधों को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभा रहा है। प्रवासी भारतीय नेताओं ने भारत और मलेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूती देने में प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की तथा भारत के परिवर्तन से जुड़े उनके दृष्टिकोण और पहलों का समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रवासी भारतीय नेताओं ने मलेशिया में भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। प्रधानमंत्री ने आजाद हिंद फौज की बालक सेना के वरिष्ठ सदस्य जेयराज राजा राव तथा नेताजी वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष रथाकृष्णन से भी मुलाकात की।

## मिजोरम और असम को जोड़ने वाली नई ट्रेन सेवा को रेल मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

● गुवाहाटी स्टेशन पर नई यात्री सुविधाओं का भी करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी और यात्री-केंद्रित बुनियादी ढांचा को मजबूत करने के भारतीय रेलवे के विजन के अनुरूप रेल, सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव आगामी 9 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सायरंग-सिलचर के बीच एक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे और गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर नई पैसेंजर सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे। यह पहल अंतर-राज्यीय कनेक्टिविटी को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी, साथ ही यात्रियों के लिए आराम, सुविधा और देखभाल को भी बढ़ाएगी।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने रविवार को बताया कि सायरंग रेलवे स्टेशन पर होने वाले इस कार्यक्रम में मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा भी मौजूद रहेंगे। यह रेल सेवा मिजोरम की राजधानी क्षेत्र के लिए रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाने में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। असम के सांसद (राज्यसभा) कनाद पुरकायस्थ भी इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे, जबकि रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति सायरंग और गुवाहाटी रेलवे स्टेशनों पर मौजूद रहेंगे।

नई सायरंग-सिलचर ट्रेन सेवा मिजोरम की राजधानी क्षेत्र को सीधी, किफायती और आरामदायक रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह राज्य के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों तक पहुंच में भी सुधार लाएगी, जिससे पर्यटन और आतिथ्य, स्थानीय व्यापार और गाइडिंग सेवाओं जैसी



संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। चूंकि सिलचर उच्च शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं का एक प्रमुख केंद्र है, इसलिए यह नई ट्रेन सेवा मिजोरम के मरीजों और छात्रों के लिए काफी लाभप्रद होगी।

गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के एक प्रमुख स्थान पर नई पैसेंजर सुविधाएं विकसित की गई है। इसमें एक वातानुकूलित लाउंज, लाइटिंग, वेंटिलेशन और चार्जिंग प्वाइंट सुविधाओं सहित सुरक्षित स्लीपिंग पॉड्स और महिलाओं को समर्पित एक प्रसाधन कक्ष है। यह केवल भुगतान करने वाले उपयोगकताओं के लिए एक सीमित बहु व्यंजन कैटरिंग सेवा भी प्रदान करता है, जो भारतीय रेलवे के विश्व स्तरीय स्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर यात्री अनुभव के विजन के अनुरूप एकीकृत सेवा डिजाइन का एक मॉडल है।

नई ट्रेन सेवाओं और पैसेंजर-केंद्रित पहलों की शुरूआत आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर यात्री अनुभव के प्रति पूसीरे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें पूरे पूर्वोत्तर में सुविधाओं और सेवाओं के लिए नए मानक स्थापित करने की क्षमता है।

# बोकारो में फिर अपहरण की कोशिश, काले रंग की कार से युवती को उठाने का प्रयास, मोबाइल की घंटी ने बचाई जान

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** स्टील सिटी बोकारो में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा मामला सेक्टर-4 स्थित कुमार मंगलम स्टेडियम के पास का है, जहां बीते 5 फरवरी की शाम करीब 6:45 बजे एक कामकाजी युवती का अपहरण करने का दुस्साहसिक प्रयास किया गया। गनीमत रही कि ऐन वक्त पर युवती के मोबाइल पर फोन आ गया, जिससे घबराकर अपहरणकर्ता कार लेकर फरार हो गए। रविवार को सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष लीला देवी के साथ प्रेस वार्ता के दौरान पीड़िता ने आपबीती सुनाते हुए शहर में सक्रिय अपराधियों के खौफनाक मंसूबों को उजागर किया।

पीड़िता ने बताया कि वह एक निजी संस्थान में कार्यरत है और उस शाम ऑटो से सेक्टर-4 स्थित केंद्रीय विद्यालय के पास उतरकर पैदल अपने घर की



ओर जा रही थी। इसी दौरान एक काले रंग की कार ने कई बार उसका पीछा किया। कार में आगे दो महिलाएं बैठी थीं, जिनमें से एक गाड़ी चला रही थी। चालक के बगल में बैठी बैंककर्मी महिला ने कार धीरे कर युवती को लिफ्ट देने के बहाने अंदर बैठने को कहा। युवती के इनकार करने के बावजूद वे लगातार दबाव बनाती रहीं, यहाँ तक कि पीछे बैठी एक अन्य महिला ने उसे डांटते हुए चुपचाप कार में बैठने का आदेश दिया। इसी बीच युवती के मोबाइल की रिंग बजी और जैसे ही उसने कॉल रिसीव किया, अपहरणकताओं को लगा कि उसने किसी को फोन कर दिया है। पकड़े जाने के डर से वे तुरंत कार को यू-टर्न लेते हुए मस्जिद रोड की ओर भगा ले गए। युवती के अनुसार, कार के शीशों पर डार्क काली फिल्म लगी थी और पीछे 'प्रेस' लिखा हुआ था। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष लीला देवी ने युवती के साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सामने आना जरूरी है ताकि पुलिस इन अपराधियों तक पहुंच सके।

### दहशत में शहर, जनवरी से अब तक कई घटनाएं

बोकारो में अपहरण के प्रयासों की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले जनवरी के प्रथम सप्ताह में सेक्टर-12 थाना क्षेत्र की आदर्श कोऑपरेटिव कॉलोनी से भी दो बच्चियों के अपहरण की कोशिश की गई थी। उन वारदातों में भी काली फिल्म लगी दो कारों का इस्तेमाल हुआ था, जिनका सुराग पुलिस अब तक नहीं लगा पाई है। इसके अलावा, हाल के दिनों में दो महिलाओं के लापता होने के बाद उनके शव बरामद होने से शहरवासियों में गहरा रोष और असुरक्षा की भावना है। नया मोड़ से लापता महिला का शव सेक्टर-6 सिटी कॉलेज मैदान में मिला, जबकि सेक्टर-2 की महिला का शव चंदनकियारी से बरामद हुआ। इन घटनाओं के कारण शाम ढलते ही मोहल्ले सुनसान हो जा रहे हैं और डरे हुए अभिभावक बच्चों को मैदानों में खेलने भेजने से कतरा रहे हैं।

### काली फिल्म पर कोई कार्रवाई नहीं

शहरवासियों और पीड़िता ने पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता पर भी सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस हर चौराहे पर बाइक सवारों से हेलमेट और कागजात के नाम पर हजारों रुपये जुमार्ना वसूलती है, लेकिन काली फिल्म लगे संदिग्ध चार पहिया वाहनों पर उनकी नजर नहीं पड़ती। आदर्श कोऑपरेटिव की घटना हो या सेक्टर-4 की ताजा वारदात, हर जगह काली फिल्म वाले वाहनों का इस्तेमाल अपराधियों के लिए ढाल बन रहा है।

### जल्द होगा मामले का खुलासा : डीएसपी

दूसरी ओर, सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने आश्वासन दिया है कि सेक्टर-4 के मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही इसका खुलासा होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेक्टर-6 और चंदनकियारी में मिले शवों का मामला अपहरण का नहीं है और सेक्टर-12 से लापता महिला का पता चल गया है, जिसे वापस लाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने शहरवासियों से किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।

# उत्पाद विभाग की छापेमारी में नकली विदेशी व महुआ शराब की खेप जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

**रांची।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग की टीम ने तमाड़ और बुंडू थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब, बीयर, देसी शराब और अवैध महुआ शराब जब्त की है।
इस दौरान एक छोटा पिकअप वैन (जेएच01सीएम 8239) से अवैध शराब की खेप पकड़ी गई, जबकि अलग-अलग स्थानों से कुल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।
उत्पाद विभाग से रविवार को मिली



जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर तमाड़ एवं बुंडू थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में परासी रोड पर एक पिकअप वैन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। इस मामले में मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।
उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त शराब में 38.13 लीटर नकली विदेशी शराब, 15.6 लीटर बीयर, 5.7 लीटर देसी शराब, 120 लीटर अवैध महुआ शराब तथा 600 किलोग्राम जावा महुआ शामिल है। इसके अलावा, एक अन्य स्थान पर छापेमारी कर अवैध महुआ शराब के एक विक्रेता को भी गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने दो अवैध महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। वहीं, एक फरार आरोपित के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर सख्त नजर रखी जा रही है और चुनाव अवधि के दौरान ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।
उत्पाद विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब का निर्माण या बिक्री हो रही हो, तो इसकी सूचना विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### ऊर्जा सचिव का पदस्थापन कर आवंटन निर्गत करने की मांग : महासंघ

रांची। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार झारखंड सरकार से ऊर्जा विभाग में ऊर्जा सचिव के पदस्थापन की मांग की है। कहा कि ऊर्जा सचिव के नहीं रहने से ऊर्जा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों को आवंटन निर्गत नहीं हो पा रहा है जिसके चलते विगत चार माह से कर्मचारियों और पदाधिकारियों का वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है जिससे ऊर्जा विभाग के कर्मचारियों और पदाधिकारियों को घोर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और उनका आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है जिससे उनके पारिवारिक आवश्यकताओं, जिम्मेवारियों,जरूरतों एवं आवश्यक खर्चों का भी व्यवस्था नहीं हो पा रहा है। श्री जहीर ने कहा की ऊर्जा विभाग में अनुपूरक बजट में आवंटन होने के बावजूद क्षेत्रीय कार्यालयों को आवंटन निर्गत नहीं हो पा रहा है व तुरंत किया जा सके और विभाग में कार्यरत कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों का वेतन भुगतान समय पर सुचारू रूप से हो सके। कहा कि झारखंड सरकार ऊर्जा विभाग के करीब 150 कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की वित्तीय स्थिति उनके कठिनाइयों और समस्याओं को देखते हुए इस पर तुरंत पहल कर ऊर्जा सचिव का पदस्थापन एवं शीघ्र आवंटन निर्गत करा कर समय पर वेतन दिया जाए।

### जेसीआइ रांची पुरुषोत्तमपुर की नई टीम ने संभाला पदभार, मनोज कुमार बने अध्यक्ष

**रांची।** जेसीआइ रांची पुरुषोत्तमपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार ने रविवार को कांके रोड स्थित ओडीआर रॉक गार्डेन में आयोजित तीसरे इंस्टॉलेशन सेरेमनी में अपनी टीम के साथ पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान अध्यक्ष उत्तम ओझा ने नए अध्यक्ष को पदभार सौंपा, जबकि शुभम टंडन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपनी टीम के सदस्यों को भी पदभार ग्रहण के साथ शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार ने वर्षभर में किए जाने वाले सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा के महासचिव बिदेश्वर बेक ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें और संस्था को नई पहचान दिलाएं। विशिष्ट अतिथि झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने भी नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा और समर्पण से ही संगठन मजबूत बनता है तथा युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। कार्यक्रम में जेसीआइ की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राखी जैन, जोनल अध्यक्ष गौरव सेठ और जेडवीपी शुभम टंडन ने भी अपने विचार साझा किए। मंच संचालन सोनल अग्रवाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सचिव राजीव रंजन ने दिया। ये रहे उपस्थित, संजीव कुमार पोद्दार, सज्जन अग्रवाल, नामेश्वर ओझा, नीतिन सिंह, श्वेता ओझा, अरविंद राजगढ़िया, अरुण कुमार झा, विनायक गुप्ता, तन्वी अग्रवाल, अयांश अग्रवाल, विशाल पाडिया, अमित शर्मा, प्रिया लाखोटिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### डालसा का वरिष्ठ नागरिकों-ग्राहकों के लिए साईबर फ्रॉड जागरूकता सत्र का आयोजन

**रांची।** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना के आदेश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची अनिल कुमारा मिश्रा-1 के नेतृत्व में डालसा सचिव की देखरेख में बास्केटबॉल ग्राउण्ड सेल सिटि पुंदाग रांची में वरिष्ठ नागरिकों ग्राहकों के लिए साईबर फ्रॉड जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता के माध्यम से साईबर फ्रॉड से बचाव और सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी संगीता सिंह, प्रहलाद उपाध्याय, संगीता सिंह, पिंकु कुमारी, सुरज मुण्डा, अरविन्द कुमार तथा इंदुसिंद बैक के राहुल त्रिवेदी, प्रियंका, आदिल मेंहदी, अपुरबी कुमारी, राहुल कुमार, अनुश्मिता, निर्मल देव, राजेश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### रातू में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**रांची।** रातू थाना के बेलांगी स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास रविवार की दोपहर तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों के मुताबिक ईनोवा कार काफी तेज रफ्तार में थी जिससे टक्कर के बाद कार सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बाइक सवार युवक नशे की हालत में था, जिससे उसका भी संतुलन बिगड़ गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर रातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले का जायजा लिया। दोनों वाहनों को पुलिस जब्त कर थाना ले गई है।

### भारतीय एकता कमिटी ने लगाया मुफ्त ईलाज कैंप

**रांची।** कर्बला टैंक रोड गुदड़ी चौक स्थित भारतीय एकता कमिटी के ऑफिस में रविवार को मुफ्त ईलाज कैंप लगाया गया, कमिटी के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने बताया कि इस कैंप को गरीबों व कमजोर लोगों को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है इस कैंप में लोगों की जांच के लिए डॉ एन के झा, डॉक्टर अमीत कुमार और डॉक्टर एन आबेदीन के द्वारा दर्जनों लोगों के बीपी शुगर के अलावा अन्य तकलीफ से परेशान लोगों की जांच की गयी और जरुरत के हिसाब से डॉक्टरों ने उन्हें दवाईयां भी दी, उन्होंने कहा कि एकता कमिटी के काम को देख कर बहुत से ऐसे लोग हैं जो गुप्त रुप से गरीबों की मदद करते हैं जिससे ऐसे प्रोग्राम कर लोगों को फायदे पहुंचायी जाती है।

## बरियातु में सरेआम लुटेरों ने मचाया तांडव

### झपट्टामारों ने महिला के गले से झपटा चेन

### भुक्तभोगी ने दबोचा आरोपी को,हुई फायरिंग

वरीय संवाददाता

**रांची।** बरियातु थाना के हाउसिंग कॉलोनी में शनिवार की दोपहर सरेआम बाइक सवार दो झपट्टामारों ने मॉल से सामान खरीद कर घर लौट रहीं जस्सी सलूजा के गले में झपट्टामार कर भागना चाहा,लेकिन भुक्तभोगी जस्सी ने भी गिरते हुए वापस अपने चेन को आरोपी के हाथ से छीनते हुए उस पर झपट पड़ीं जिससे दोनो अपराधी और बाइक से गिर गये लेकिन अपराधी दौड़



कर भागने लगा जिसे पकड़ने के लिए महिला भी भागने लगीं तब आरोपी अपने पास पास से हथियार निकाल कर फायरिंग कर दी फिर भी महिला नहीं डरीं, बाद में पीछे से उसका साथी बाइक लेकर उसके पास पहुंचा जिसमें सवार हो कर दोनों भाग निकले, इस छीना झपटी में भुक्त भोगी जस्सी सलूजा को घुटने हाथ व अन्य जगहों में गंभीर चोटें आयी है।
इधर पुलिस के मुताबिक अपराधियों ने जिस हथियार से फयरिंग की वह नकली थी महिला को डराने के लिए रबर की गोली चलायी गयी, पुलिस का यह भी कहना है कि छिनतई के मामले में भुक्त भोगी महिला के द्वारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी है।
हालांकि घटना की पुरी तस्वीर पास के सीसी टीवी कैमरों में कैद हो गयी है जिसके आधार पर पुलिस अपराधियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## हत्या के आरोप में गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

**रांची।** डोरंडा थाने की पुलिस मारपीट में गंभीर रुपय से घायल व्यक्ति की मौत के बाद आरोपी शंकर लोहरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
जानकारी के मुताबिक 30 जनवरी को साउथ ऑफिस पाड़ा में दो गुटों में किसी बात को लेकर जम कर मारपीट हुई थी जिसमें 24 वर्षीय अभिषेक लोहरा गंभीर रुप से जख्मी हो गया था,मारपीट की सूचना पर पहुंची डोरंडा थाने की पुलिस ने गंभीर रुप से जख्मी को परिजनों के साथ ईलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया था, इस संबंध में पीड़ित अभिषेक की मां लक्ष्मी देवी ने शंकर लोहरा सहित अन्य अज्ञातों पर मारपीट कर



जख्मी करने का मामला दर्ज कराया था, 7 फरवरी को रिम्स में इलाजरता अभिषेक लोहरा की मौत हो गयी जिसके बाद पुलिस रेस हुई और हत्या का मामला दर्ज करते हुए अभिषेक को मार कर गंभीर रुप से जख्मी करने वाले आरोपी 34 वर्षीय शंकर लोहरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं इस घटना में शामिल अन्य की तलाश की जा रही है।

## ऑपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान में एक पॉकेटमार धराया



वरीय संवाददाता

**रांची।** रेलवे पुलिस द्वारा चलाये गये ऑरेशन यात्री सुरक्षा के दौरान आरपीएफ टीओपीबी की टीम ने ट्रेन नम्बर 18611 बनारस एक्सप्रेस के एक यात्री से पॉकेटमारी की गयी एक पर्स के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
रेलवे अधिकारियों के मुताबिक शनिवार को टी ओपीबी आरपीएफ की टीम बनारस एक्सप्रेस में एक संदिग्ध को देखा जो पुलिस को देखते ही घबरा गया, यह देख ड्यूटी में तैनात एएसआई बलराम कुमार, शंकर कुमार, दिनेश कुमार डीके जिटरवाल डीके मीणा और मुकेश प्रसाद की टीम उस व्यक्ति से संदेह के आधार पर पूछताछ कर उसकी पहचान डोरंडा के रहने वाले शंकर रवानी के रुप में की बाद में उसकी तलाशी ली गयी जिसमें उसके पास से एक पर्स मिला पर्स में दूसरे व्यक्ति के नाम का पैन और डेबिट कार्ड के अलावा 850 रुपये बरामद किये, जब्त सामान के बारे पूछने पर उसने बताया कि बनारसा एक्सप्रेस के एक पैसेंजर की पॉकेटमारी में मिला है, जिसे कस्टडी में लेने के बाद आगे की कारवाई के लिए जीआरपी के हवाले कर दिया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## सर्द हवाओं की वजह से तापमान तेजी से नीचे गिरा, ठंड का असर कई जिलों में काफी बढ़ गया

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मौसम ने एक बार फिर लोगों को चौंका दिया है। उत्तरी भारत में सक्रिय हुए नए पश्चिमी विक्षोभ का असर अब राज्य में साफ नजर आने लगा है। सर्द हवाओं की वजह से तापमान तेजी से नीचे गिरा है और ठंड का असर कई जिलों में काफी बढ़ गया है। हालात ऐसे हैं कि राज्य के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री तक नीचे चला गया है।



**रांची का तापमान लगभग सामान्य :** राजधानी रांची में न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, रांची का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम है, जबकि अधिकतम तापमान लगभग सामान्य बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं देखा गया।

### इन जिलों में रहा सबसे कम न्यूनतम तापमान

गुमला 5.0 डिग्री
खूंटी 5.7 डिग्री
सिमडेगा 6.9 डिग्री
मेदिनीनगर 7.1 डिग्री
हजारीबाग 8.6 डिग्री
सरायकेला 8.6 डिग्री
पाकुड़ 9.6 डिग्री
लोहरदगा 9.8 डिग्री रहा।

### अभी राहत नहीं, सर्द हवाएं रहेंगी जारी

फिलहाल ठंड से राहत मिलने की उम्मीद कम ही है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। सर्द हवाएं चलती रहेंगी और तापमान कम बना रहेगा। राज्य में अभी बारिश की कोई संभावना नहीं है, लेकिन बादल छाए रहने से सुबह के समय हल्का कुहासा देखने को मिल सकता है।

### रांची-जमशेदपुर को छोड़ बाकी जिलों में ज्यादा ठंड

राजधानी रांची और जमशेदपुर को छोड़ दें तो राज्य के अधिकतर जिलों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। सबसे ज्यादा ठंड गुमला में देखने को मिली, जहां न्यूनतम तापमान सिर्फ 5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं खूंटी, सिमडेगा और मेदिनीनगर जैसे जिलों में भी सुबह और शाम ठंड लोगों को परेशान कर रही है।

### आज से फिर बदलेगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक आज यानी 9 फरवरी से झारखंड के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे और यह सिलसिला करीब चार दिनों तक जारी रह सकता है। हालांकि बादलों की वजह से न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी जरूर हो सकती है, लेकिन ठंड का एहसास बना रहेगा।

## राज्य के नवनिर्माण में अपना योगदान करें युवा : सुदेश महतो

वरीय संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो रविवार को खटंगा, खेलगांव में आयोजित मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जहां श्री महतो ने सैकड़ों महिलाओं, युवाओं और समाजसेवियों को अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य विकास के रास्ते से भटक चुका है। आज हमारे राज्य की खनिज संपदा के बाद कोई अन्य रूप में पहचान है तो वह है लेबर स्टेट के रूप में। राज्य की बागडोर युवाओं को अपने हाथों में लेने की जरूरत है, ताकि राज्य को फिर से सही दिशा में गति दी जा सके। श्री महतो ने कहा कि युवा लगातार आजसू से जुड़ रहे हैं और संगठन को मजबूत करने में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। हमें एकजुट होकर राज्य के नवनिर्माण में अपना योगदान करने की आवश्यकता है।
इस मौके पर केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत , केंद्रीय महासचिव दीपक महतो , रांची महानगर अध्यक्ष अमित यादव के साथ-साथ पार्टी कई पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## शहीद सोमा उरांव की पुण्यतिथि पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दी श्रद्धांजलि

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर प्रखंड के शकरपदा गांव में शहीद स्वर्गीय सोमा उरांव की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने शहीद सोमा उरांव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।
श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों



के प्रति समाज को हमेशा विशेष सम्मान और संवेदना रखनी चाहिए। उन्होंने शहीद की पत्नी द्वारा विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक सशक्त, जागरूक और विकसित समाज की मजबूत नींव होती है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीद परिवारों और उनके गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। मौके पर यह भी बताया गया कि हवलदार स्वर्गीय सोमा उरांव ने 8 फरवरी 2010 को जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में देश की सेवा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए थे। उनके बलिदान की स्मृति में प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

## 10 फरवरी को जिले के 619 बूथों पर एमडीए कार्यक्रम

- राहे, सोनाहातु, तमाड़ और कांके प्रखंड में विशेष कैंप का होगा आयोजन
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला समूहों को उपायुक्त द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा

वरीय संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त सह जिला



दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने सभी जिलेवासियों से विशेष कर (राहे, सोनाहातु, तमाड़ और कांके प्रखंड ) अपील करते हुए कहा की राष्ट्रीय लिम्फेटिक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे जिले को फाइलेरिया (हाथीपांव) से पूर्णतः मुक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर हमारे सामने है। यह बीमारी रोकथाम योग्य है और इसे जड़ से समाप्त किया जा सकता है।बशर्ते हम सभी मिलकर इस अभियान में पूर्ण सहयोग दें। प्रभावित प्रखंडः राहे, तमाड़, सोनाहातु, कांके (कांके, सोनाहातु एवं तमाड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र) लक्षित आबादीः लगभग 4,91,014 व्यक्ति (गर्भवती महिलाएं, 2 वर्ष से कम आयु के बच्चे एवं अत्यंत गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर)दी जाने वाली दवाएं पूरी तरह निःशुल्क दी जाएगी। 10 फरवरी को बूथ पर दवा न ले पाने वाले व्यक्तियों को 25 फरवरी 2026 तक घर-घर जाकर दवा उपलब्ध कराई जाएगी। उपायुक्त ने सभी से अपील हुए कहा 10 फरवरी 2026 को अपने नजदीकी बूथ पर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा अवश्य लें। अपने परिवार, पड़ोसियों, रिश्तेदारों और मित्रों को भी इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

## बीसीआइ प्लेटिनम-टाइटेनियम चैप्टर की बैठक में उपलब्धियों की समीक्षा, उत्कृष्ट सदस्यों का सम्मान

वरीय संवाददाता

**रांची।** बीसीआइ प्लेटिनम और टाइटेनियम की संयुक्त बैठक रविवार को स्थानीय होटल में हुई। बैठक में दोनों चैप्टर के साल भर में सदस्यों की ओर से किये गये कार्यों का लेखा जोखा सदस्यों के समक्ष रखा गया। इसमें प्लेटिनम चैप्टर के सदस्यों ने रेफरेंस के माध्यम से कुल 27 करोड़ रुपए का कारोबार किया। वहीं, प्लेटिनम चैप्टर के सदस्यों ने छह करोड़ से अधिक का व्यापार किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले दोनों चैप्टर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,



सचिव एवं कोषाध्यक्षों को सम्मनित किया गया। इसके अलावा टीम लीडर के लिए शिल्पी केजरीवाल हुई। सात गोल्डेन सदस्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बैठक में मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि बीसीआइ के तीन वर्ष पूरे हो गये है। अभी इस बीसीआइ परिवार से 130 से अधिक सदस्य जुड़ चुके हैं। यह कारंवा लगातार आगे बढ़ रहा है। मिलजुल कर एक दूसरे के सहयोग से अपने व्यापार को बढ़ा रहे है। आपके व्यापार को बढ़ाने में 130 लोग सहयोग कर रहे हैं। बीसीआइ आपके लिए सदैव खड़ा है। आपके व्यापार को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### हर्षोल्लास के साथ मना अम्बिका पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह



बोकारो। रविवार को अम्बिका पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कई आकर्षक कार्यक्रम मसलन नृत्य, नाटक, देश प्रेम के गीत, भजन आदि प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएल के भू-अर्जन विभाग के महाप्रबंधक सह बोकारो स्टील अफसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी एक-एक प्रस्तुति काबिले तारीफ है। पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी खूब नाम कमाएं। यही आशीर्वाद देता हूं। स्कूल के निदेशक दिनेश सिंह ने कहा कि प्राचार्य विजय सौरभ ने बीएस सिटी से दूर जैनामोड़ जैसे स्थान पर स्कूल का सफल संचालन और विद्यार्थियों को तराशने का काम किया है। प्रखंड प्रमुख देव शरण भगत, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पंकज जायसवाल, थाना प्रभारी बिपिन महतो ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुति की प्रशंसा की। मौके पर अभिभावक व स्कूल के शिक्षक शिक्षिकायें मौजूद रहे।

### 15 साल से सेविका को नहीं मिला आंगनबाड़ी केंद्र का भवन



**बोकारो।** जरीडीह प्रखंड तांतरी दक्षिणी पंचायत के अम्बेदकर नगर में विगत 15 साल पहले बना आंगनबाड़ी केंद्र का भवन विभाग के द्वारा सेविका को नहीं मिलने के कारण केंद्र किराए के मकान में चल रहा है। सेविका लक्ष्मी देवी ने बताया कि केंद्र का भवन निर्माण होने के बाद से ही प्रखंड सीडीपीओ से कई बार आवेदन पत्र देकर मांग करती रही हूं, लेकिन आज तक भवन में लगे ताला का चाभी हमें नहीं मिला। किराए के मकान में केंद्र संचालित करने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इधर अंचल सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ प्रणव ऋतुराज ने बताया कि सेविका के हांथ से आवेदन मिला है, जल्द ही उक्त भवन सेविका को देने का काम किया जाएगा।

### मांदर-नगाड़ों की गूंज में सरना स्थल बना सांस्कृतिक संगम



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-8 स्थित सरना स्थल में आदिवासी हो समाज कमिटी की ओर से पर्व मागे पोरोब पारंपरिक रीति-रिवाज, नृत्य-गीत और उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया गया। कोल्हान सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से पहुंचे आदिवासी समुदाय के लोगों की सहभागिता ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिऊरी पुजारी, गंगाधर पूर्ति, सहयोगी नरसिंग पूर्ति एवं मनोज पूर्ति द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। पूजा के उपरांत मांदर-नगाड़े (दमा-दुमंग) की गूंजती थाप पर सामूहिक पारंपरिक नृत्य और गीत शुरू हुए, जिसने पूरे सरना स्थल को उत्सवमय वातावरण से भर दिया। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी पारंपरिक वेशभूषा में थिरकते नजर आए, जिससे शहर के बीचोंबीच गांव के पर्व जैसा दृश्य साकार हो उठा। कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि हो फिल्म एवं एल्बम एक्ट्रेस मिताली होनहागा की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। उन्होंने आदिवासी संस्कृति की समृद्ध परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। आयोजन समिति के संरक्षक ललित पूर्ति एवं संजय पूर्ति ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति प्रकृति से गहराई से जुड़ी है। बोकारो में हो समाज की बड़ी आबादी होने के कारण अपनी भाषा, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मागे का अर्थ स्त्री तुम ही हो माना जाता है और यह पर्व सृष्टि की उत्पत्ति तथा मानव रचना का प्रतीक है। समिति अध्यक्ष मुनेश बारी ने कहा कि मागे पर्व फसलों की कटाई और खेत-खलिहान के कार्य पूर्ण होने के बाद मनाया जाता है। हो समुदाय की मान्यता के अनुसार सृष्टि रचना के समय प्रथम मानव लुकू और लुकुमी की उत्पत्ति हुई, जिनकी संतान आज का मानव समाज है। इस पर्व के माध्यम से समाज एकता, भाईचारे और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का संदेश देता है। मौके पर सचिव अनु बिरुली, कोषाध्यक्ष सुखसेन देवगाम, उप-कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन तुबिद, निरंजन कुंकल, कृष्णा गगराई, तिरला चांपिया, दीपक मेलगांडी सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### बोकारो में कुल 10439 अभ्यर्थियों ने दी सीटेट की परीक्षा, दूसरे दिन 736 रहे अनुपस्थित

# सुचारू व सफल आयोजन को ले सिटी कोऑर्डिनेटर ने प्रशासन सहित सभी सहयोगियों के प्रति जताया आभार

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से विद्यालयों में शिक्षण पेशे के लिए योग्य एवं कुशल उम्मीदवारों के चयन को लेकर आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट)- फरवरी 2026 बोकारो में रविवार को पूर्णतया शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। 7 एवं 8 फरवरी को आयोजित दो दिनों की इस परीक्षा में कुल पंजीकृत 11522 में से 10439 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 1083 अनुपस्थित रहे। रविवार को दूसरे दिन दोनों ही पालियों को मिलाकर कुल पंजीकृत 7803 में 7067 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 736 अनुपस्थित रहे। इसके पूर्व, शनिवार को परीक्षा के पहले दिन शिफ्ट- 1 के एग्जाम में कुल निबंधित 3719 में 3372 परीक्षार्थी शामिल थे और 347 अनुपस्थित रहे। सीटेट के सिटी



कोऑर्डिनेटर एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार के अनुसार, रविवार को प्रथम पाली में कुल आवंटित 5040 में 4594 कैंडिडेट परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 446 अनुपस्थित रहे।

वहीं, दूसरी पाली के लिए कुल पंजीकृत 2763 अभ्यर्थियों में से 2473 उपस्थित तथा 290 अनुपस्थित रहे। दूसरे दिन की परीक्षा को लेकर केन्द्रवार जानकारी साझा करते हुए डॉ. गंगवार ने बताया कि डीपीएस बोकारो सेक्टर- 4 स्थित परीक्षा केंद्र में प्रथम पाली में 432, द्वितीय में 425, चिन्मय विद्यालय सेक्टर 5 में प्रथम पाली में 492, द्वितीय में 486, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 4 में प्रथम पाली में 483 एवं द्वितीय में 480, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 स्थित सेंटर पर पहली पाली में 494 और दूसरी में 476, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 4 में पहली पाली में 489 व द्वितीय पाली में 491, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में पहली पाली में 446 तथा दूसरी पाली में 115 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसके अलावा, रविवार को पहली पाली में डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में 440, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल चास में 438, होली क्रॉस स्कूल रेलवे कॉलोनी में 433 तथा श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 में 447 कैंडिडेट परीक्षा में शामिल रहे। इन परीक्षा केंद्रों पर सेकेंड शिफ्ट की परीक्षा नहीं हुई।

### परस्पर समन्वयन एवं सहयोग से ही सफल रही परीक्षा : डॉ. गंगवार



दोनों दिन की परीक्षाओं के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने इसके लिए जिला प्रशासन के भरपूर सहयोग के साथ-साथ सभी केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों तथा वीक्षकों सहित समस्त सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सभी के परस्पर समन्वयन एवं सहयोग से ही परीक्षा पुनः पूरी सफलता के साथ संपन्न हुई। विदित हो कि सीटीईटी सीबीएसई की ओर से ली जाने वाली एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जिसमें सभी अभ्यर्थी विद्यालयों में शिक्षक के पद पर बहाली हेतु सुयोग्य माने जाते हैं। सीटेट (सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) में दो पेपर की परीक्षा आयोजित की जाती है। पहला पेपर उन अभ्यर्थियों के लिए होता है, जो पहली से 5वीं तक पढ़ाने के लिए आवेदन करते हैं। वहीं, दूसरा पेपर उनके लिए होता है, जो कक्षा 6 से 8वीं तक पढ़ाने के लिए अपना आवेदन करते हैं।

## लेंस प्रत्यारोपण के लिए 59 मरीजों को जीएम ने पुरुलिया के लिए किया रवाना

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी संकल्प को दोहराते हुए रविवार को बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी ऑफिसर्स क्लब से सेवा की एक नई कड़ी जोड़ी गई। डीवीसी सीएसआर, डीवीसी अस्पताल और नेताजी आई अस्पताल, रामचंद्रपुर (पुरुलिया) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पुनीत कार्य के तहत 59 मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए पुरुलिया भेजा गया।

इन मरीजों की आंखों की ज्योति लौटाने के इस मिशन को डीवीसी के जीएम (एचआर) ए.ए. कुजूर और सीएसआर के वरीय प्रबंधक मनीष कुमार चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सभी वे मरीज हैं, जिनका चयन बीते 4 फरवरी को आयोजित विशाल नेत्र मोतियाबिंद जांच सह ऑपरेशन



शिविर में किया गया था। डीवीसी प्रबंधन ने घोषणा की है कि चयनित सभी मरीजों के ऑपरेशन का पूरा खर्च, दवाएं, चश्मा और रहने-खाने की व्यवस्था मुफ्त में की जाएगी।

इस अवसर पर जीएम (एचआर) ए.ए. कुजूर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि डीवीसी का उद्देश्य केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाना भी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने जोर दिया कि डीवीसी अपने सामाजिक दायित्वों (उरफ) के निर्वहन हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करता आ रहा है और भविष्य में भी ऐसे मानवीय शिविरों का सिलसिला जारी रहेगा, ताकि जरूरतमंदों को आधुनिक चिकित्सा का लाभ मिल सके। मौके पर रमेश यादव, संदीप कुमार, किशोर ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक चेतना के साथ ब्रह्मा कुमारी संस्थान में महाशिवरात्रि महोत्सव

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बोकारो थर्मल शाखा में रविवार को महाशिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और आध्यात्मिक चेतना के साथ मनाया गया। स्थानीय सेवा केंद्र पर आयोजित इस महोत्सव का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य शहजादी बानो, विशिष्ट अतिथि डीवीसी सीएसआर के वरीय प्रबंधक मनीष कुमार चौधरी, संस्थान की वरिष्ठ बहन कुसुम व सुमन, सीआईएसएफ के निरीक्षक प्रशांत कुमार प्रसून और मुखिया चंदना मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पूरा वातावरण शिव भक्ति के भजनों और आध्यात्मिक तरंगों से सराबोर नजर आया।

समारोह को संबोधित करते हुए



वक्ताओं ने महाशिवरात्रि के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रकाश डाला। संस्थान की बहन कुसुम और सुमन ने कहा कि शिवरात्रि का वास्तविक अर्थ अज्ञानता के अंधकार को समाप्त कर ईश्वरीय ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर होना है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य शांति के लिए बाहर की दुनिया में भटक रहा है, जबकि सच्ची शांति हमारे भीतर मौजूद शिव तत्व को पहचानने में है। उन्होंने आह्वान किया कि परमात्मा शिव की आराधना का सच्चा अर्थ अपने भीतर के विकारों और बुराइयों का त्याग करना है। सकारात्मक सोच और ईश्वरीय स्मृति ही हमें तनाव-मुक्त और स्वस्थ जीवन दे सकती है। इस अवसर पर डॉ. संगीता रानी और शहजादी बानो ने भी जीवन को व्यसन मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों को ईश्वरीय सौगात और प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर शैलेश भाई, बहन सीमा, प्रियंका प्रिया सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## मनीष कुमार चौधरी ने महत्वपूर्ण योजना का शुभारंभ किया



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** डीवीसी बोकारो थर्मल की सीएसआर योजना के माध्यम से रविवार को विकास के कार्यों को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। गोविंदपुर-ई पंचायत के अंतर्गत गोविंदपुर बस्ती में विकास कार्यों को नया विस्तार देते हुए मुख्य अतिथि डीवीसी के जीएम (एचआर) ए.ए. कुजूर और सीएसआर के वरीय प्रबंधक मनीष कुमार चौधरी ने महत्वपूर्ण योजना का शुभारंभ किया। पंचायत के मुखिया विश्वनाथ महतो एवं पंसस अनीता देवी की उपस्थिति में संयुक्त रूप से 25 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया गया। इस योजना के शुरू होने से गांव की गलियां अब रात के अंधेरे में भी दूधिया रोशनी से नहाई रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने डीवीसी की इस पहल का पुरजोर स्वागत किया, लेकिन साथ ही गांव के प्रमुख चौराहों पर हाईमास्ट लाइट लगाने की अपनी पुरानी मांग को एक बार फिर अधिकारियों के समक्ष पुरजोर तरीके से रखा। ग्रामीणों की बात सुनते हुए जीएम (एचआर) और सीएसआर प्रबंधक ने आश्वासन दिया कि डीवीसी अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सोलर स्ट्रीट लाइट लगने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि सुरक्षा की भावना भी बढ़ेगी। जहां तक हाईमास्ट लाइट का प्रश्न है, इसे आगामी सीएसआर बैठक में प्राथमिकता के आधार पर शामिल कर प्रस्तावित किया जाएगा।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला हिंसा, बाल विवाह व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सशक्त जागरूकता अभियान

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** महिला एवं किशोरी हिंसा के उन्मूलन तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से रविवार को कसमार प्रखंड की चार पंचायतों में सहयोगिनी संस्था की ओर से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को बाल विवाह, मानव तस्करी, महिला हिंसा, घरेलू हिंसा, डायन प्रथा और दहेज प्रथा जैसी गंभीर सामाजिक बुराइयों के दुष्परिणामों से अवगत कराया और इनके खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का संदेश दिया। यह



जागरूकता कार्यक्रम खैराचातर, बागदा, टांगटोना और दुगार्पुर पंचायतों के विभिन्न गांवों और टोले-मोहल्लों में आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के दौरान कलाकारों ने सहज, प्रभावशाली और भावनात्मक प्रस्तुति के माध्यम से यह दशार्या कि किस प्रकार सामाजिक कुरीतियां महिलाओं और किशोरियों के जीवन को प्रभावित करती हैं। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, किशोरियां और युवा उपस्थित रहे और उन्होंने कलाकारों के संदेश को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी संस्था के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि सहयोगिनी संस्था इन चार पंचायतों के 19 गांवों में महिलाओं और किशोरियों के समूह बनाकर उन्हें संगठित कर रही है, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और अन्याय के खिलाफ स्वयं आवाज उठा सकें। उन्होंने कहा कि संस्था का लक्ष्य केवल महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा को रोकना ही नहीं है, बल्कि उन्हें सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना भी है।

## झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट कसमार प्रखंड कमिटी का हुआ गठन

बोकारो। झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (जेयूजे) से जुड़े बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के पत्रकारों की एक बैठक रविवार को बहादुरपुर में हुई। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में बोकारो जिला अध्यक्ष कृष्णा चौधरी, कोषाध्यक्ष पंकज सिन्हा एवं सचिव सब्बीर अंसारी मौजूद थे। बैठक में कसमार प्रखंड कमिटी गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शेखर शरदेंदू अध्यक्ष एवं रमेश चंचल सचिव के रूप में चुने गये। इसके अलावे मौके पर ही कसमार प्रखंड कमिटी का विस्तार भी किया गया। जिसमें हेमंत कुमार महतो को उपाध्यक्ष, विकास कुमार गोस्वामी को कोषाध्यक्ष तथा अशोक कुमार महतो को सह सचिव चुना गया। इसके अलावे सदस्य के रूप में कमलेश जायसवाल, राजेश्वर महतो, लालेंदू शेखर मुखर्जी, सुभाष महतो, अनिल महतो एवं जय प्रकाश प्रसाद महतो चुने गये। इस दौरान जिलाध्यक्ष कृष्णा चौधरी ने कहा कि जेयूजे विश्व स्तर के जर्नालिस्ट संगठन से संबद्ध पत्रकारों का सबसे बड़ा संगठन है। जिसमें झारखंड सहित बोकारो जिले के प्रखंडों में कमिटी गठित कर मजबूत किया जा रहा है। कसमार प्रखंड के बाद बोकारो जिले के अन्य सभी प्रखंडों में सदस्य बनाकर कमेटी गठित करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की चन्द्रपुरा प्रखंड कमेटी का गठन

### आंदोलनकारियों ने मांगा 50 हजार सम्मान पेंशन

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** झारखण्ड राज्य निर्माण के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले आंदोलनकारियों को संगठित करने और उनके अधिकारों की लड़ाई को धार देने के उद्देश्य से रविवार को चन्द्रपुरा प्रखंड के तारानारी स्थित शनिचर बाजार में एक बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की चन्द्रपुरा प्रखंड कमेटी का सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुआ। मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया जगदीश महतो की अध्यक्षता और रासबिहारी रजक के संचालन में आयोजित इस सभा



में आंदोलनकारियों का जोश देखते ही बन रहा था। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजदेव महथा ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि धरातल स्तर पर मोर्चा को सशक्त बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में लोकतांत्रिक तरीके से कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज चन्द्रपुरा की टीम तैयार की गई है, जो भविष्य के आंदोलनों और रणनीतियों को अमलीजामा पहनाएगी। बैठक के माध्यम से जिलाध्यक्ष राजदेव महथा ने प्रदेश सरकार के समक्ष आंदोलनकारियों की ज्वलंत समस्याओं को रखते हुए स्पष्ट चेतावनी दी। उन्होंने मांग की कि आंदोलनकारियों के लिए जेल जाने की बाध्यता को तत्काल समाप्त किया जाए। मोर्चा ने मांग की है कि प्रत्येक आंदोलनकारी को प्रति माह 50,000 रुपये सम्मान पेंशन राशि दी जाए। इसके अलावा, आंदोलनका रियों के आश्रितों को क्षैतिज आरक्षण के तहत सरकारी नौकरियों में सीधी नियुक्ति देने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि राज्य के निर्माण में खून-पसीना बहाने वालों को उनका वाजिब हक मिलना ही चाहिए।

### नई कार्यकारिणी में चयनित पदाधिकारी

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई प्रखंड कमेटी की घोषणा की गई, जिसमें अनुभवी और सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसमें अध्यक्ष बानेश्वर महतो, संरक्षक जगदीश महतो (पूर्व मुखिया), उपाध्यक्ष शमिद, डॉ० प्रेमचंद महतो, भोलाराम महतो एवं प्रेमचंद महतो, महासचिव सुनील कुमार टुडू, सचिव रासबिहारी रजक, घनश्याम महतो एवं गोपाल महतो, संगठन सचिव मो. फारुख, कोषाध्यक्ष यदु महतो चुने गए। समारोह में जिला सचिव खगेन्द्र नाथ वर्मा, राजकिशोर महतो, संयुक्त सचिव परमेश्वर मंडल, टिकु राम महतो, तुलसी हजाम सहित सैकड़ों की संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जिला संयुक्त सचिव परमेश्वर मंडल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## बोकारो पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई, फेयरवेल समारोह में छाया उत्साह

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर-3 स्थित बोकारो पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य, गरिमामय एवं यादगार फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह भावनाओं, उत्साह और उमंग से सराबोर रहा, जिसमें कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के प्रति स्नेह, सम्मान और शुभकामनाओं की सुंदर अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुधा शेखर एवं मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन संबोधन में प्राचार्या डॉ. सुधा शेखर ने कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक



सफर की सफलता पर बधाई देते हुए भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ सामना करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी विद्यालय के ब्रांड एंबेसडर होते हैं और उन्हें जहां भी जाएं, अपने संस्कार, ज्ञान और आचरण से विद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। आकर्षक नृत्य, मधुर संगीत और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया और समारोह को यादगार बना दिया। फेयरवेल समारोह का विशेष आकर्षण मास्टर बीपीएस एवं मिस बीपीएस प्रतियोगिता रही, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास, प्रतिभा और मंचीय कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अपनी बुद्धिमत्ता, व्यक्तित्व और अभिव्यक्ति क्षमता से सभी को प्रभावित करते हुए मास्टर बीपीएस का खिताब राज नारायण राज चौहान ने अपने नाम किया, जबकि मिस बीपीएस का खिताब वैष्णवी त्रिपाठी को प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मकोली में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर, 39 की जांच में 26 मरीज चिन्हित



**बेरमो।** बोकारो जिला डेकोरेटर एसोसिएशन जोन 7 की ओर से रविवार को मकोली मोड़ स्थित एलपी मैरेज हॉल परिसर में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जोन 7 के बोकारो जिला महासचिव अनुप कुमार सिंहा, संरक्षक लोकेश्वर महतो उर्फ मास्टर तथा अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ० एम. आलम के नेतृत्व में उनकी टीम आशा, मिथुन महतो, मो० ताहिर और अफताब आलम ने कुल 39 लोगों की नेत्र जांच की, जिसमें 26 मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। चिन्हित सभी मरीजों का ऑपरेशन हाजी एआर मेमोरियल आंख अस्पताल, कथारा में किया जाएगा। मरीजों को वाहन सुविधा के साथ कथारा भेजा गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आंखें मनुष्य के शरीर की सबसे महत्वपूर्ण इंद्रियां हैं, जिनके बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। बढ़ती उम्र में मोतियाबिंद होना सामान्य है, लेकिन आर्थिक कारणों से समय पर उपचार न होने पर अंधता का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए समय रहते जांच और इलाज आवश्यक है। वक्ताओं ने यह भी आश्वस्त किया कि मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आने दी जाएगी तथा ऑपरेशन के बाद आवश्यक चश्मा, लेंस आदि भी उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर के सफल आयोजन में इजहारूल हक, प्रेम रवानी, संतोष महतो, बैजू मालाकार, महेंद्र राम, उमेश केवट, पिंटू नायक, मनोज रजक, संतोष कुमार सहित अन्य लोगों की सक्रिय सहभागिता रही।

### बारात से लौट रही कार पेड़ से टकराई, एक की मौत, चार गंभीर रूप से घायल



**चतरा।** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पीतिजझ्झइटखोरी मुख्य पथ पर रविवार की सुबह करीब पांच बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब प्रतापपुर से बारात लेकर लौट रही एक अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरमतपुर गांव से बारात प्रतापपुर गई थी। विवाह समारोह के उपरांत सभी लोग सुबह घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीतिजझ्झइटखोरी मार्ग पर चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे कार सीधे पेड़ से टकरा गई। वाहन में कुल आठ लोग सवार थे, जिनमें से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मनोज राम (40 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल मदेश कुमार, अभय राम, राहुल कुमार एवं आर्यन कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. विनय मेहता ने प्राथमिक उपचार किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद मृतक के गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

### हंटरगंज में 'मुन्ना टीवी सेंटर' का उद्घाटन, शून्य प्रतिशत ब्याज पर मिलेंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान




**हंटरगंज।** हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय के सरकारी अस्पताल रोड स्थित अनस कॉम्प्लेक्स में रविवार को ह्यमुन्ना टीवी सेंटरह्न नामक इलेक्ट्रॉनिक दुकान का विधिवत उद्घाटन प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव ने कहा कि क्षेत्र में इस प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक दुकान खुलने से स्थानीय लोगों को अब चतरा, शेरघाटी या गया जैसे दूरस्थ शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। वहीं दुकान संचालक मो. परवेज ने बताया कि यहां ग्राहकों को उचित मूल्य पर सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामान उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जो ग्राहक किस्तों पर सामान लेना चाहते हैं, उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज पर सुविधा दी जाएगी। साथ ही उद्घाटन के अवसर पर दस दिनों तक सभी सामानों पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य रेणु दास, मुखिया प्रतिनिधि चैतू यादव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष वकील खान, विधायक प्रतिनिधि जगन्नाथ पासवान, जयहिंद पासवान, समाजसेवी रोशन सिन्हा, मो. ओबेदुल्ला, मुजीबुर रहमान, मो. फैयाज, मो. शमीअहमद, मो० बबन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### इलाज के दौरान घायल युवक की रिम्स रांची में मौत, दुगदा में शोक की लहर

**चंद्रपुरा।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक प्रदीप हेम्ब्रम की इलाज के दौरान रिम्स अस्पताल, रांची में शनिवार 8 फरवरी की अहले सुबह मौत हो गई। उनकी मौत की खबर जैसे ही दुगदा के प्रेमनगर पहाड़ी पहुंची, पूरे इलाके में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 फरवरी को रटारी-चंद्रपुरा सड़क स्थित पम्मी फ्यूल्स पेट्रोल पंप के समीप प्रदीप हेम्ब्रम बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़े थे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद चंद्रपुरा पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल डीवीसी अस्पताल पहुंचाया गया।

## कलश यात्रा के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ का हुआ भव्य शुभारंभ



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह/जमुआ।** जमुआ प्रखंड के हरला पंचायत अंतर्गत बसरीयाधाम में रविवार को श्री श्री 1008 नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा में 751 महिलाएं एवं युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुईं। कलश यात्रा बसरीयाधाम से प्रारंभ होकर जमुआ, कन्दाजोर और तुर्कडीहा होते हुए झारो नदी धाम पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ पवित्र जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञशाला लौटे। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु माथे पर धार्मिक पट्टियां लगाए हुए थे और बैंड-बाजे तथा भक्ति गीतों की मधुर धुन पर झूमते नजर आए। कलश यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

जगह-जगह ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यज्ञ स्थल पर पहुंचने के बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर यज्ञ समिति के सदस्य बाल गोविंद कुमार, पूर्व विधायक केदार हाजरा, प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, मुखिया बेवी देवी, पूर्व मुखिया महेंद्र कुमार, उमेश यादव, रामरतन कुमार, दिनेश कुमार, राजेश यादव, राजकुमार राय, लक्ष्मण यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यज्ञ के आचार्य जयकृष्ण पांडेय ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और समाज में सुख, शांति व समृद्धि का संचार होता है। उन्होंने कहा कि इस शतचंडी महायज्ञ से संपूर्ण क्षेत्र शिवमय और भक्तिमय हो उठा है।

## जांगी गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय शिव प्राण-प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ



झारखंड दर्शन संवाददाता

**चतरा।** सिमरिया अनुमंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत जांगी में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्री श्री 108 शिव प्राण-प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस कलश यात्रा में 1001 श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। पुरोहितों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं को कलश प्रदान कर यात्रा का शुभारंभ कराया गया। कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर जांगी, चौराही, हिंसरी, जरही, करहनीबाद सहित अन्य गांवों का भ्रमण करते हुए दो मोहन नदी जलाशय पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया गया। इसके उपरांत श्रद्धालु नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचे और कलश की स्थापना की। इस दौरान ह्यहर-हर महादेवह्न, ह्यहर-हर शंभूह्न, ह्यजय श्रीरामह्न एवं ह्यजय बजरंगबलीह्न के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू एवं अन्य सदस्यों ने बताया कि यह नौ दिवसीय महायज्ञ 8 फरवरी से 16 फरवरी तक चलेगा। इसके लिए विशाल एवं आकर्षक यज्ञ मंडप का निर्माण कर उसे विद्युत झालरों से सजाया गया है। गांव में जगह-जगह तोरण द्वार लगाए गए हैं तथा झंडा-पताकाओं से सजावट की गई है। समिति के अनुसार प्रतिदिन संध्या में भजन-कीर्तन तथा रात्रि में प्रवचन का आयोजन होगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से कथा वाचक पहुंचेंगे।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था, यज्ञ मंडप की परिक्रमा को लगी रही भीड़



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो नगर क्षेत्र के ढोरी बस्ती स्थित स्वप्रकट बाबा गणपति धाम में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं 34 वें वार्षिक गणेश मेला के चौथे दिन रविवार को आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। महायज्ञ के अवसर पर अनुष्ठान के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की।

परिक्रमा को लेकर सुबह से ही महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। महायज्ञ में यज्ञाचार्य हीरालाल शास्त्री (वेदाचार्य) हरिशरणम कुटीर बी, देवघर के सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। उपाचार्य पंकज शास्त्री, आचार्य आदित्य पांडेय, विकास पांडेय, आशीतोष पांडेय, राम किशोर पांडेय एवं पुजारी शिव शंकर पांडेय ने मुख्य यजमान विक्रांत शर्मा एवं उनकी पत्नी किरण देवी से यज्ञ मंडप में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कराई। संध्या के समय पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महायज्ञ के दौरान गूंजते मंत्रोच्चारण से आसपास का पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। यज्ञ कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के बीच महाभोग के रूप में खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से ग्रहण किया। वहीं महायज्ञ एवं गणेश मेला को सफल बनाने के लिए गणपति धाम ढोरी बस्ती फुसरो की यज्ञ एवं मेला समिति के सदस्य पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं। गणेश मेला में मनोरंजन की भी भरपूर व्यवस्था की गई है। छोटे बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं, जिनका बच्चे खासा आनंद ले रहे हैं। धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ मेले की रौनक से पूरा इलाका उत्सवमय बना हुआ है।

## तेनुघाट में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी महाराज का 138वां जन्मोत्सव, वार्षिक सत्संग धूमधाम से संपन्न



झारखंड दर्शन संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट स्थित सत्संग भवन में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी महाराज का 138 वां पावन जन्मोत्सव वार्षिक सत्संग के रूप में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सत्संग महोत्सव में सैकड़ों सत्संगी साथियों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की भी भव्य व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

जन्मोत्सव सत्संग कार्यक्रम में गोमिया विधानसभा की पूर्व विधायिका एवं वर्तमान विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता तथा मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती बबीता देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने परम प्रमेय श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इस अवसर पर तेनुघाट सत्संग के सत्संगी साथियों द्वारा श्रीमती बबीता देवी का आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया।

कार्यक्रम में ऋतिक राधेश्याम सिन्हा, के.एल. दास, आनंदमय साव, रामनाथ मरांडी, सत्संगी माता निर्मला देवी, फूलमती देवी सहित झामुमो के जिला महासचिव मुकेश कुमार महतो, उमेश महतो, प्रकाश कुमार महतो, राजेंद्र महतो, दीपक गुप्ता, संतोष श्रीवास्तव, मंटु यादव, बिंदेश्वर साहनी, शालिग्राम प्रसाद, मुकेश कुमार समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने ठाकुर अनुकूल चंद्र जी महाराज के आदर्शों और शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## पटेल नगर में मिल्लत कमेटी का गठन, विकास और शिक्षा पर हुआ मंथन



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पटेल नगर में रविवार को मक्का मस्जिद एवं मदनी मस्जिद कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों मस्जिदों की कमेटियों के साथ कॉलोनीवासियों की सहभागिता से सर्वसम्मति से मिल्लत कमेटी का गठन किया गया। बैठक का उद्देश्य सामाजिक एकता को मजबूत करना, कॉलोनी के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयास करना तथा शिक्षा और सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए सदर मो. कलाम खान ने कहा कि कॉलोनी के विकास के लिए अब कमेटी के सदस्यों को ठोस, पारदर्शी और जनहितकारी निर्णय लेने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि मक्का मस्जिद और मदनी मस्जिद की कमेटियों के एकजुट होने से आपसी भाईचारा, सौहार्द और सहयोग की भावना और अधिक मजबूत होगी। इससे समाज के लोग खुलकर एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आएंगे और सामाजिक समस्याओं का समाधान मिल-जुलकर किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी शिक्षा भी समाज की प्रगति के लिए अनिवार्य है। वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि किसी भी समाज के विकास में युवाओं की भूमिका सबसे अहम होती है। समाज की युवा पीढ़ी को शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर न केवल अपने भविष्य को संवारना चाहिए, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बैठक के दौरान संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर भी चर्चा की गई और सर्वसम्मति से पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया।

## पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गिरिडीह स्थित सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक गिरिडीह ने की, जिसमें जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, अंचल पुलिस निरीक्षक, थाना एवं ओपी प्रभारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, वारंट एवं कुर्की की कार्रवाई, लंबित पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन मामलों के शीघ्र निपटारे तथा माननीय न्यायालय से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों एवं आम जनता से मिली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने पर विशेष जोर दिया गया। आगामी महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने विधि-व्यवस्था संधारण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। गोष्ठी के दौरान विगत माह में कांडों के अनुसंधान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस पदाधिका रियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ करेंगे, ताकि जिले में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।

## फुसरो नगर परिषद चुनाव को लेकर पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस-प्रशासन द्वारा रविवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान ढोरी खास स्थित ब्रैकेटिंग पॉइंट के समीप मजिस्ट्रेट रमेश कुमार परेरा के नेतृत्व में चलाया गया, जहां दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों की डिक्की की तलाशी ली गई तथा संदेह की स्थिति में वाहन चालकों से आवश्यक कागजातों की भी जांच की गई। वहीं, वीडियो स्क्वायड की टीम भी मौके पर मौजूद रहकर आने-जाने वाले सभी वाहनों की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए थी। मजिस्ट्रेट रमेश कुमार परेरा ने बताया कि नगर परिषद चुनाव को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए फुसरो नगर के सभी प्रवेश द्वारों पर ब्रैकेटिंग कर वाहनों की जांच की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान वाहनों के माध्यम से धन की अवैध आवाजाही पर रोक लगाना है, ताकि किसी भी प्रकार से चुनाव प्रक्रिया प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि संदेह होने की स्थिति में वाहन चालकों से पूछताछ भी की जा रही है। चुनावी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एफएसटी एवं एसएसटी का गठन किया गया है। इस अवसर पर बेरमो थाना के एसआईआर सचिन रोशन ने बताया कि जिला प्रशासन एवं चुनाव निवार्ची पदाधिकारी के निदेर्शानुसार आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फुसरो नगर परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है।

## पिछरी यात्री शेड बना शराबियों और मनचलों का अड्डा, छात्राओं व आम लोगों में दहशत



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंदेश्वरी दुबे आवासीय महाविद्यालय पिछरी के समीप यात्रियों को धूप और बरसात से राहत देने के उद्देश्य से बनाया गया यात्री शेड आज अपने मूल उद्देश्य से भटक चुका है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह यात्री शेड अब शराबियों और मनचलों का अड्डा बन गया है, जिससे छात्र-छात्राओं, महिलाओं और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्री शेड परिसर में जगह-जगह शराब की खाली बोतलें, डिस्पोजल गिलास और पानी की बोतलें पड़ी देखी जा सकती हैं। दिन में कभी-कभार और शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा यहां लग जाता है। नशे में धुत लोग न केवल शेड में बैठकर शराबखोरी करते हैं, बल्कि आने-जाने वाली छात्राओं और महिलाओं पर फब्तियां कसते हुए माहौल को असुरक्षित बना देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यात्री शेड के आसपास कॉलेज, स्कूल, बैंक और आवासीय परिसर स्थित हैं, ऐसे में इस तरह की गतिविधियों से सामाजिक वातावरण खराब हो रहा है। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि जब शराबियों को वहां से हटने या मना करने की कोशिश की जाती है तो वे गाली-गलौज करने लगते हैं और कई बार मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं। इस स्थिति से परेशान स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने पेटरवार थाना पुलिस एवं जिला पुलिस प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

## नगर निगम चुनाव के दौरान गिरिडीह शहर से हटाए गए अवैध होर्डिंग, कामेश्वर पासवान ने लगाया पक्षपात का आरोप



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में नगर निगम चुनाव की सरगर्मी तेज होते ही प्रशासन ने मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुपालन को लेकर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में नगर निगम के अधिकारियों द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में लगे अवैध चुनावी होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई की गई।

नगर निगम प्रशासन ने बताया कि ये सभी होर्डिंग्स बिना एमसीएमसी की अनुमति के लगाए गए थे, जिससे आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा था। इसी कारण इन्हें अवैध घोषित करते हुए हटाया गया है। अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई सभी प्रत्याशियों पर समान रूप से लागू की गई है। इस दौरान महापौर पद के प्रत्याशी कामेश्वर पासवान टावर चौक के समीप पहुंचे, जहां उनकी होर्डिंग हटाई जा रही थी। उन्होंने इस कार्रवाई का कड़ा विरोध जताते हुए नगर निगम पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। कामेश्वर पासवान ने चुनाव आयोग से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग करते हुए कहा कि यह कार्रवाई केवल विरोधी दलों को निशाना बनाने का प्रयास है। पासवान ने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। वहीं दूसरी ओर नगर निगम प्रशासन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सभी अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ एकसमान कार्रवाई की जा रही है और किसी के साथ भेदभाव नहीं किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### युवाओं को रोजगार दिलाना प्राथमिकता, जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू का दावा



**धनबाद।** धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 53 से जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू के पार्षद प्रत्याशी बनने की घोषणा के बाद क्षेत्र में खासकर युवाओं के बीच उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। उनके समर्थन में युवा वर्ग पूरे जोश के साथ जनसंपर्क अभियान चला रहा है। जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू ने कहा कि कल्याणेश्वरी तीसरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड तसरा प्रोजेक्ट (सेल) के तहत 28 वर्षों के लिए परियोजना स्थापित की जा रही है। जितेंद्र सिंह ने बताया कि वे भाकपा माले के सदस्य हैं और सिंदरी के विधायक भी भाकपा माले से हैं। समर्थकों एवं स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के वादे के साथ रमेश शर्मा मैदान में



**धनबाद ।** धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 53 से रमेश शर्मा के पार्षद प्रत्याशी बनने की घोषणा के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे वार्ड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर रमेश शर्मा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य वार्ड संख्या 53 में स्वास्थ्य सेवाओं और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि वार्ड के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने और बेड की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वे निरंतर प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रात्रि के समय किसी व्यक्ति की तबीयत खराब होने पर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं मिलते हैं, जिससे मजबूरी में धनबाद जाना पड़ता है और आम लोगों को भारी खर्च उठाना पड़ता है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक मतदान कर उन्हें विजयी बनाएं।

### वार्ड विकास संकल्प के साथ बलराम महतो ने नामांकन दाखिल कर पेश की मजबूत दावेदारी



**धनबाद।** नगर निगम चुनावों की सरगर्मी के बीच वार्ड संख्या 53 से बलराम महतो ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने वार्ड विकास संकल्प के साथ एक बार फिर चुनावी मैदान में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। बलराम महतो ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि वार्ड संख्या 53 को एक आदर्श वार्ड के रूप में स्थापित करना है। पिछले पांच वर्षों में किए गए बुनियादी ढांचे एवं जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों पर जनता अपनी मुहर लगाएगी। उन्होंने कहा कि वे हमेशा गरीबों, असहायों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के हित में कार्य करते रहे हैं और आगे भी वार्ड के बेटे व भाई बनकर सेवा करते रहेंगे। यदि जनता ने इस बार अवसर दिया, तो वे वार्ड की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल देंगे।

### फैंसी नंबर प्लेट लगी एक्सयूवी चर्चा में, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**धनबाद।** बाघमारा क्षेत्र में एक फैंसी नंबर प्लेट लगी एक्सयूवी वाहन इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस वाहन की नंबर प्लेट पर वैध पंजीकरण संख्या के स्थान पर ह्वविवेक गेमिंगह्व लिखा हुआ है। वाहन का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, न्यूज टुडे धनबाद इस वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं करता है। परिवहन विभाग द्वारा लगातार नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के बावजूद इस तरह की फैंसी नंबर प्लेट वाले वाहन सड़कों पर बेधड़क घूमते नजर आ रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार किसी भी वाहन की नंबर प्लेट पर केवल निर्धारित प्रारूप में पंजीकरण संख्या अंकित होना अनिवार्य है। नियमों के विपरीत किसी प्रकार का नाम, उपनाम या अन्य शब्द अंकित करना दंडनीय अपराध है। परिवहन विभाग के अधिकारी संबंधित वाहन की पहचान करने में जुट गए हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान यदि नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो वाहन मालिक के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### महापौर प्रत्याशी अमित कुमार अग्रवाल ने आरोपों को बताया राजनीतिक साज़िश, कहा— चुनावी माहौल में जानबूझकर फैलाया जा रहा भ्रम



**झरिया।** नगर निगम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में महापौर पद के प्रत्याशी अमित कुमार अग्रवाल पर लगाए गए आरोपों को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। अमित कुमार अग्रवाल ने आरोप लगाने वाले रवि बुंदेला के दावों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें पूरी तरह निराधार, असत्य और भ्रामक बताया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन पर लगाया गया कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप पूरी तरह तथ्यहीन है और इसका सच्चाई से कोई संबंध नहीं है। महापौर प्रत्याशी अमित कुमार अग्रवाल ने इन आरोपों की कड़ी निंदा करते हुए आम नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों से सावधान रहें और केवल सत्य एवं प्रमाणित तथ्यों पर ही विश्वास करें। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता सच्चाई को समझती है और ऐसे भ्रामक व झूठे आरोपों का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी।

### त्रिवेणी घाट में विधि-विधान के साथ डॉ. बुद्धदेव महतो का अस्थि विसर्जन



**सिंदरी/धनबाद।** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय चंद्रदेव महतो ने अपने छोटे भाई, प्रखर समाजसेवी एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी दिवंगत डॉ० बुद्धदेव महतो का अस्थि विसर्जन रविवार को त्रिवेणी घाट में पूरे धार्मिक विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच किया। यह अवसर अत्यंत भावुक रहा, जहां घाट पर उपस्थित हर व्यक्ति की आंखें नम थीं और वातावरण पूरी तरह शोकाकुल हो गया था। विधायक चंद्रदेव महतो ने मुख्य यजमान के रूप में तीर्थ पुरोहितों के निर्देशन में अस्थि कलश का विधिवत पूजन किया।

# धनबाद नगर निगम चुनाव नजदीक, सिंदरी वार्ड संख्या 53 में तेज हुई चुनावी सरगर्मी

झारखंड दर्शन संवाददाता

**सिंदरी।** धनबाद नगर निगम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, वैसे-वैसे सिंदरी अंचल सहित पूरे क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होती जा रही हैं। महापौर पद से लेकर वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वार्ड संख्या 53 इन दिनों चुनावी चर्चा का केंद्र बना हुआ है, जहां कई प्रत्याशी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं।

**शिक्षा को बनाया मुख्य मुद्दा, असीम मुखर्जी उर्फ गोपाल ने आदर्श वार्ड बनाने का लिया**



**संकल्प:** धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 53 से असीम मुखर्जी उर्फ गोपाल पार्षद प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने वार्ड को एक शिक्षित एवं आदर्श वार्ड के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराया। असीम मुखर्जी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। शिक्षा के बिना स्वस्थ, सशक्त एवं प्रगतिशील समाज की कल्पना संभव नहीं है। शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है और एक शिक्षित नागरिक ही मजबूत समाज का निर्माण कर सकता है।

उन्होंने शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज शिक्षा को व्यापार बना दिया गया है, जिसके कारण गरीब, निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि शिक्षा को सरल, सुलभ और सर्वसुलभ बनाया जाए, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। असीम मुखर्जी ने बताया कि वार्ड संख्या 53 के आसपास बीआईटी सिंदरी, भागा माइनिंग कॉलेज, बलियापुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं बीएड कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान स्थित हैं। यदि किसी गरीब छात्र या छात्रा को शिक्षा के दौरान आर्थिक कठिनाई होती है, तो वे व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहयोग करने के लिए सदैव तैयार रहेंगे। उन्होंने मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

## कल्याणेश्वर शिव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह

झारखंड दर्शन संवाददाता

**झरिया।** झरिया के जामाडोबा कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध कल्याणेश्वर शिव मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में धनबाद नगर निगम के मेयर प्रत्याशी एवं झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। मंदिर समिति के सदस्यों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गमछा पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात संजीव सिंह ने विधिवत भगवान शिव के दर्शन-पूजन किए और जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान संजीव सिंह ने प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के सफल आयोजन के लिए मंदिर समिति को शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव उनके समक्ष रखे, जिन्हें उन्होंने गंभीरता से सुना और नगर के सर्वांगीण विकास व जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों की उपस्थिति से यह आयोजन भव्य और सफल रहा।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार, 23 फरवरी को मतदान और 27 को मतगणना

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह जानकारी उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आदित्य रंजन ने चुनावी तैयारियों को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को धनबाद नगर निगम क्षेत्र के 468 भवनों में 974 तथा चिरकुंडा नगर परिषद के 32 भवनों में 42 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की जाएगी तथा सभी बूथों को मॉडल बूथ के रूप में विकसित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र में 158 सामान्य, 648 संवेदनशील और 168 अति संवेदनशील मतदान केंद्र चिह्नित किए गए हैं, जबकि चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में 40 सामान्य और दो संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

मतदान सामग्री 23 फरवरी को बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से डिस्पैच की जाएगी और मतदान संपन्न होने के बाद धनबाद पॉलिटेक्निक में सामग्री रिसीव की जाएगी। 27 फरवरी को वहीं मतों की गिनती की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के सफल संचालन के लिए 6000 से अधिक मानवबल की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा 180 बसों सहित 500 से अधिक वाहनों की व्यवस्था की गई है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग को सक्रिय कर दिया गया है और जिन क्षेत्रों में पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था, वहां विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे और अति संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। चुनाव के दौरान क्विक रिस्पांस टीम और रशिंग पार्टी भ्रमणशील रहेगी। सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए 24 घंटे सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल सक्रिय रहेगा। उन्होंने मीडिया से अपील की कि फेक न्यूज, भ्रामक या सौहार्द बिगाड़ने वाली खबरों के प्रसार से बचें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को प्रलोभन देने या आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा धनबाद महानगर कोर कमेटी की अहम बैठक, नगर निगम चुनाव की रणनीति को अंतिम रूप

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर जिला की कोर कमेटी की एक अति आवश्यक बैठक शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय, धनबाद में जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी नगर निगम चुनाव की व्यापक तैयारी तथा संगठनात्मक मजबूती सुनिश्चित करना रहा। बैठक में चुनाव संचालन समिति, मुख्य चुनाव कार्यालय, प्रचार वाहन, नुक्कड़ सभा, मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रबंधन, युवा सम्मेलन, महिला सम्मेलन, घोषणा पत्र सहित विभिन्न विभागों की संरचना एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान चुनाव को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए कई महत्वपूर्ण एवं निर्णायक निर्णय लिए गए। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा तथा प्रदेश मंत्री सरोज सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ चुनाव लड़ने का आह्वान किया गया तथा भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी संजीव कुमार की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा ने कहा कि धनबाद नगर निगम चुनाव भाजपा के लिए एक निर्णायक अवसर है। संगठनात्मक ढांचे को सशक्त बनाकर पार्टी विकास और विश्वास के मुद्दों के साथ जनता के बीच जाएगी। वहीं धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि धनबाद की जनता विकास, स्वच्छता, बेहतर नागरिक सुविधाएं और भ्रष्टाचार मुक्त नगर निगम चाहती है। भाजपा की नीति और नीयत पर जनता को पूर्ण विश्वास है। यदि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर टीम भावना के साथ कार्य करेंगे तो भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी संजीव कुमार की ऐतिहासिक जीत निश्चित है। प्रदेश मंत्री सरोज सिंह ने कहा कि महिला शक्ति, युवा शक्ति और संगठन की सामूहिक ताकत के बल पर भाजपा नगर निगम चुनाव में ऐतिहासिक विजय दर्ज करेगी।

## हंगामे के बीच सिविल कोर्ट धनबाद की हड़ताल समाप्त, सोमवार से लौटेंगे अधिवक्ता



झारखंड दर्शन संवाददाता

**धनबाद।** रास्ता और पार्किंग की समस्या को लेकर धनबाद सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं और बार एसोसिएशन की ओर से पिछले दस दिनों से जारी कलमबंद हड़ताल शनिवार को समाप्त कर दी गई। हड़ताल समाप्त करने का निर्णय जनरल बॉडी मीटिंग के दौरान लंबी बहस और हंगामे के बाद लिया गया। इस फैसले के साथ ही सोमवार से न्यायिक कार्य पुनः बहाल होने की उम्मीद जताई जा रही है। शनिवार सुबह जनरल बॉडी मीटिंग शुरू होते ही अधिवक्ताओं के बीच माहौल गर्म हो गया। बैठक में एक पक्ष हड़ताल जारी रखने के समर्थन में था, जबकि दूसरा पक्ष आम वादकारियों के हित में न्यायिक कार्य बहाल करने की बात कर रहा था। दोनों पक्षों के बीच कई बार तीखी नोकझोंक भी हुई। अंततः बहुमत के आधार पर हड़ताल को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

हड़ताल के कारण बीते दस दिनों से धनबाद में न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रहा, जिससे आम जनता और वादकारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आमसभा के बाद बार एसोसिएशन के महासचिव जीतेंद्र कुमार ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बार एसोसिएशन का दरवाजा बंद रखे जाने को लेकर असंतोष है। इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को स्मार पत्र सौंपा जाएगा और समस्याओं के समाधान के लिए समय दिया जाएगा। महासचिव ने यह भी कहा कि यदि समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल नहीं होती है, तो बार एसोसिएशन झारखंड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करने के साथ दोबारा आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## भाजपा ने महापौर प्रत्याशी संजीव कुमार की जीत सुनिश्चित करने के लिए तेज किया बूथ स्तर का अभियान



झारखंड दर्शन संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम चुनाव में महापौर पद के भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार की जीत सुनिश्चित करने को लेकर शनिवार को धनबाद महानगर के विभिन्न मंडलों के कई वार्डों में बूथ अध्यक्षों एवं प्रमुख कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क, जनसंपर्क अभियान तथा चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देना रहा। सभी मंडलों में कार्यकताओं के बीच उत्साह और जोश का माहौल देखा गया। बरटांड़ मंडल में मंडल अध्यक्ष हुल्लास दास की अध्यक्षता में वार्ड संख्या 20 में रंगाटांड़ दुर्गा मंदिर के सामने तथा वार्ड संख्या 18 में दास बस्ती स्थित बजरंगबली मंदिर के सामने बैठकें हुईं। मनईटांड़ मंडल में मंडल अध्यक्ष इंद्रभूषण कुशवाहा की अध्यक्षता में वार्ड संख्या 30 में पत्थरकुलही पार्क के पास और वार्ड संख्या 29 में भूदा दुर्गा मंडप के सामने कार्यकताओं के साथ बैठक की गई। बैंक मोड़ मंडल में मंडल अध्यक्ष सन्नी रवानी की अध्यक्षता में वार्ड संख्या 32 में भाजपा कार्यालय बैंक मोड़ में बैठक हुई, जबकि वार्ड संख्या 14 में लाला टोला मटकूरिया बस्ती में मंडल प्रतिनिधि नीरज सिन्हा की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें भाजपा जिला मंत्री सह मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सरायढेला मंडल में मंडल अध्यक्ष बसंती सिंह की अध्यक्षता में वार्ड संख्या 23 कुसुम बिहार स्थित दून पब्लिक स्कूल के सामने तथा वार्ड संख्या 24 मुरली नगर दुर्गा मंदिर के पास बैठक हुई। सदर मंडल में मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता की अध्यक्षता में वार्ड संख्या 26 एवं 27 की संयुक्त बैठक होटल प्रियांशी के पास आयोजित की गई।

## प्रियदर्शनी पार्क में जनता मजदूर संघ का भव्य बनभोज सह मिलन समारोह



झारखंड दर्शन संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी स्थित प्रियदर्शनी पार्क में रविवार को जनता मजदूर संघ की ओर से बनभोज सह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के सिंदरी सचिव वेद प्रकाश ओझा ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में मजदूर, संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिक शामिल हुए, जिससे पूरा पार्क उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता के रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रम की शुरूआत धनबाद के प्रथम उपमहापौर स्वर्गीय नीरज सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके सामाजिक और राजनीतिक योगदान को स्मरण किया और उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनता मजदूर संघ के महामंत्री अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में मजदूरों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि निजीकरण, बेरोजगारी और महंगाई के कारण श्रमिक वर्ग पर दोहरा बोझ पड़ रहा है। ऐसे हालात में जनता मजदूर संघ ही मजदूरों और आम जनता की सशक्त आवाज बनकर संघर्ष कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संगठन किसी भी परिस्थिति में मजदूरों के शोषण को बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि जरूरत पड़ी तो मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और मजदूरों की लड़ाई को जनआंदोलन का रूप दें। इस अवसर पर आसनी सिंह ने कहा कि धनबाद महापौर प्रत्याशी इंदु देवी पूर्व में महापौर रह चुकी हैं और उनके कार्यकाल में शहर में कई उल्लेखनीय विकास कार्य हुए थे।

## धनबाद मेयर चुनाव 2026 में रवि बुंदेला को मिला 'डायमंड' चुनाव चिन्ह, बदलाव की मुहिम को मिली नई धार

झारखंड दर्शन संवाददाता




**धनबाद।** धनबाद नगर निगम के आगामी मेयर चुनाव 2026 को लेकर शहर में राजनीतिक सरगर्मी लगातार तेज होती जा रही है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रत्याशियों का जनसंपर्क अभियान भी रफ्तार पकड़ता जा रहा है। इसी क्रम में मेयर पद के लोकप्रिय प्रत्याशी रवि बुंदेला को निर्वाचन आयोग द्वारा डायमंड (हीरा) चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और इसे धनबाद में बदलाव की दिशा में एक मजबूत कदम के रूप में देखा जा रहा है। डायमंड चुनाव चिन्ह को मजबूती, पारदर्शिता और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक माना जाता है। श्री रवि बुंदेला का कहना है कि यह चिन्ह केवल एक पहचान नहीं, बल्कि धनबाद को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर बनाने के उनके संकल्प को दशार्ता है। चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद उन्होंने धनबाद की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह चुनाव किसी एक व्यक्ति या पद का नहीं, बल्कि पूरे शहर के भविष्य से जुड़ा हुआ है।उन्होंने कहा कि धनबाद आज कई चुनौतियों से जूझ रहा है, जिनमें साफ-सफाई, जलापूर्ति, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार प्रमुख हैं। इन सभी मुद्दों पर ठोस और दीर्घकालिक समाधान की जरूरत है। श्री बुंदेला ने जनता से अपील की कि वे भावनाओं के बजाय विकास और भविष्य को ध्यान में रखकर मतदान करें।

उनके अनुसार अब समय आ गया है जब धनबाद को नई सोच, ईमानदार नेतृत्व और मजबूत निर्णयों की आवश्यकता है। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री रवि बुंदेला लगातार विभिन्न वार्डों, मोहल्लों और बाजार क्षेत्रों में लोगों से संवाद कर रहे हैं।

## एसएनएमएमसीएच धनबाद में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मरीजों में अफरा-तफरी

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल धनबाद में शनिवार शाम करीब 5:30 बजे स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। यह घटना संयुक्त सचिव के अस्पताल निरीक्षण के महज दो घंटे बाद हुई, जिससे अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। आग लगने से कार्यालय में रखे कई महत्वपूर्ण सरकारी रिकॉर्ड, एयर कंडीशनर, फर्नीचर, पंखे सहित अन्य सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। कार्यालय बंद होने के बाद सभी कर्मचारी अपने घर लौट चुके थे। कुछ देर बाद कार्यालय से अचानक धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं, जो देखते ही देखते बगल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग तक फैल गईं। धुएं के फैलते ही मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए मरीज और तीमारदार बाहर निकल आए। तत्काल इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन को दी गई। सूचना मिलते ही होमगार्ड के जवान और अस्पताल कर्मी मौके पर पहुंचे। कार्यालय का गेट तोड़कर अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ी के पहुंचने से पहले ही आग बुझा ली गई, जिससे एक बड़ी घटना टल गई। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण पुराने विद्युत बोर्ड में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की चपेट में आकर मरीजों के इलाज, ऑपरेशन, जननी शिशु सुरक्षा योजना से संबंधित भुगतान रिकॉर्ड सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए हैं।

## सुभाषितम्

**अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण है - जॉन टिलोटसन**

# खराब कचरा प्रबंधन पर्यावरण के लिए बड़ी चुनौती

**मनोज कुमार मिश्र**

कचरा अब केवल शहरों की समस्या नहीं है। शहरीकरण और आधुनिकीकरण की होड़ में गांव-देहात भी कचरे की समस्या को झेलने को मजबूर हो गए हैं। पर्यावरण के लिए घरों के निकलने वाले कूड़ों से अधिक प्लास्टिक कचरा, मेडिकल कचरा, इलेक्ट्रोनिक कचरा ज्यादा नुकसानदेह है। एक अनुमान के मुताबिक देशभर से हर रोज निकलने वाले करीब तीन लाख मीट्रिक टन कचरे में तमाम नए तरह के कूड़ा पैदा होने के चलते केवल एक चौथाई कूड़े का निबटान आसानी से हो पा रहा है। हिमालय की ऊंची चोटियों से लेकर पवित्र केदारनाथ धाम भी कचरा और खास कर प्लास्टिक कचरे से तबाह है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने मन की बात में इसके लिए अपील करनी पड़ी। दिल्ली, मुंबई या दूसरे बड़े शहरों में कचरों के पहाड़ (लैंडफिल) से लोगों को खतरा है ही, उसे खत्म करने के कई प्रयासों के दौरान निकलने वाले गैस से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। जिस तरह से आए दिन दिल्ली के गाजीपुर, भलस्वा और ओखला या मुंबई के मुलुंग के कूड़े के पहाड़ों में आग लगती रहती है वैसी ही आग दिल्ली, मुंबई, देहरादून आदि के कूड़े घर में लगने लगी है। प्लास्टिक और दूसरे कचरों से बड़ी संख्या में समुद्री जीव लगातार मर रहे हैं। शहरों और देहातों में गाय और पालतू जानवरों की मौत का एक बड़ी कारण प्लास्टिक और मेडिकल कचरा है। उत्तराखंड के जंगलों में हाथियों के लीद ((शौच) में प्लास्टिक कचरा मिलने के बाद तो वन जीवों पर संकट के बादल छाने लगे हैं।

घरों से हर निकलने वाले कूड़े प्रबंधन एक समस्या है ही क्योंकि माना जाता है कि अगर अलग-अलग कूड़े की छंटाई शुरूवात में घरों से नहीं हुई तो बाद में उन्हें अलग करना कठिन हो जाता है। बड़ी समस्या दूसरे प्रकार के कूड़े से है। अब घरों को तोड़ने से होने वाले मलबे को सड़क बनाने में उपयोग किया जाने लगा है। प्लास्टिक के पुराने बोतलों आदि को भी री-साईकिल कर दूसरी चीज बनाए जाने लगे हैं। बड़ी समस्या मेडिकल कूड़े की है। एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के दौरान हर रोज 710 टन मेडिकल कचरा निकल रहा था। मेडिकल कचरो का सही प्रबंधन न करने पर तो उनमें आपस में ही रासायनिक प्रतिक्रिया होने से खतरनाक गैस निकलने लगते हैं। इसी तरह इलेक्ट्रोनिक कचरा प्रबंधन बड़ी समस्या बन चुका है। अब मोबाइल, टीवी, फ्रिज, एसी, कूलर, गीजर, हीटर इत्यादि सामान हर घर तक पहुंच गया है। उनके बेकार होने पर उसके पुराने सामानों का उपयोग एक हद तक ही होता है। बाद में तो वह कूड़ा ही बन जाता है। इस कूड़े की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है। समस्या इसलिए ज्यादा विकराल होती जा रही है कि हम जिन दुनियां के अमीर देशों की नकल करके आधुनिकता के अंधी दौड़ में फंसे हुए है, वहां भी कचरा प्रबंधन समस्या है लेकिन वहां अपने देश जैसी न तो भारी आबादी है और न कम संसाधन। कुछ दशक पहले तक कूड़ा प्रबंधन शहरों की समस्या थी। गांव में गिनती के पक्के मकान थे। मिट्टी या बांस-फूस के मकानों को तोड़ तक वापस कुछ और मिट्टी या बांस- फूस से नया मकान बनाया जाता था। घरों से निकलने वाला कूड़ा खाद बन जाता था क्योंकि उसमें मिलावटी चीजें नहीं या कम से कम होती थी। गांव में प्लास्टिक के थैलों और बोतलों आदि का उपयोग तो कुछ दशकों से शुरू हुआ है। लोग सामान लाने-ले-जाने के लिए अपने थैलों आदि का उपयोग करते थे। गांव में इलेक्ट्रोनिक सामान गिनती के थे। अब गांव में भी ज्यादातर घर पक्के बन गए। इलेक्ट्रोनिक और मेडिकल कचरा शहरों की तरह गांव में भी इकट्ठा होने लगा है। शहरीकरण की बढ़ती रफ्तार ने देश के गांवों की आबादी को भी वही सारे रोग दे दिए हैं, जिसे झेलने के लिए शहरों के लोग पहले अभिशप्त थे।

अब कचरा प्रबंधन केवल महानगरों या शहरों की समस्या नहीं है, यह देश की बड़ी समस्या बन गया है। बिना कूड़ा प्रबंधन के प्रदूषण से निजात नहीं मिलने वाला है। यह साबित हो चुका है कि प्रदूषण का एक बड़ा का?ण कूड़ा-कचरा है। दुनिया के अमीर देश भी इस समस्या को झेल रहे हैं और उससे निजात पाने के विभिन्न उपाय खोज चुके हैं और हर रोज नए उपाय मिलने की उम्मीद दिखाते हैं। उनका कूड़ा प्रबंधन बेहतर होने से उन देशों में प्रदूषण के मुख्य कारणों में कचरा या कूड़ा नहीं है। उनका खानपान और रहन-सहन उन्हें बीमार बना रहा है। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले विकासशील देश में से प्रदूषण के बड़े कारणों में एक कारण मानव के उपयोग में आने वाले विभिन्न तरीके के कचरे हैं। दुर्भाग्य से इस समस्या से हम निजात नहीं पा सके हैं और अमीर देशों की नकल में जीवन शैली में बदलाव कर प्रकृति का सही उपयोग के बजाए उसका दोहन करके अपने को ज्यादा बीमार कर रहे हैं। यही हाल अपने देश में भी अंधाधुंध हो रहे शहरीकरण और विदेशी जीवन शैली का नकल करने से हो रहा है। नरेन्द्र मोदी साल 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनते ही जिन चीजों का लगातार और बार-बार आग्रह कर रहे हैं उसमें स्वच्छता, स्वावलंबन और कचरा मुक्त देश बनाने का आग्रह प्रमुख है।

# स्किल लीडर्स कॉन्क्लेव–2026 का भव्य आयोजन



विनोद कुमार सिंह

भारत केवल भूगोल का भू-खंड मात्र नहीं, बल्कि सतत परिवर्तनशील चेतना है। सभ्यता की इस भूमि ने ऋषियों के आश्रमों से लेकर आधुनिक प्रयोगशालाओं तक ज्ञान की यात्रा तय की है। वर्तमान में विश्व चौथी औद्योगिक क्रांति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल अर्थव्यवस्था के युग में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में भारत के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि कितनी सड़कें, कितने पुल और कितनी फैक्ट्रियां बनेंगी, बल्कि यह है कि भारत के युवा कितने कुशल, कितने नवाचारी और कितने उद्यमशील होंगे।इस ज्वलंत प्रश्न के उत्तर की खोज करते हुए मुझे दिल्ली के ऐतिहासिक राजघाट स्थित गांधी सत्याग्रह सभागार में आयोजित स्किल लीडर्स कॉन्क्लेव एवं कौशल मेला-2026 का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह आयोजन भारत की मानव पूंजी नीति का वैचारिक घोषणा-पत्र बनकर कौशल चेतना के महासूर्य की महापुंज के रूप में दृष्टिगोचर हुआ।

सर्वविदित है कि यह आयोजन ऐसे समय हुआ, जब भारत 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को सरकारी नीतियों, बजट और समाज के स्तर पर साकार करने के प्रयास में जुटा है। यह कार्यक्रम भारत के प्रथम राजकीय कौशल विश्वविद्यालय श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल द्वारा दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय तथा असम स्किल यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस महाकुंभ में देश के दस से अधिक कौशल विश्वविद्यालयों, दिल्ली के सौ से अधिक कॉलेजों और स्कूलों के विद्यार्थियों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और नीति निमार्ताओं की सहभागिता ने इसे राष्ट्रीय कौशल विमर्श का केंद्र बना दिया।इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने उद्घाटन सत्र में कहा कि कौशल और नवाचार ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। उनका यह वक्तव्य केवल भाषण नहीं था, बल्कि भारत के विकास दर्शन की पुनर्परिभाषा थी।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कौशल विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकता देने की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के संघर्षशील जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। राजघाट के समीप गांधी सत्याग्रह सभागार में कौशल विमर्श का आयोजन प्रतीकात्मक रूप से भी अत्यंत अर्थपूर्ण था, क्योंकि गांधीजी का स्वदेशी,श्रम और आत्मनिर्भरता का विचार आज आधुनिक संदर्भ में कौशल- आधारित आत्मनिर्भर भारत के रूप में पुनर्जीवित हो रहा है।हरियाणा के पलवल में स्थापित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय भारतीय उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक मौन क्रांति का प्रतीक है।

इसकी स्थापना केवल एक विश्वविद्यालय खोलने की प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं थी,बल्कि औपनिवेशिक अकादमिक मॉडल से हटकर उद्योग-समन्वित, रोजगार-उन्मुख और उद्यमिता- प्रेरित शिक्षा मॉडल की नींव रखने का ऐतिहासिक प्रयास था। जहाँ परंपरागत भारतीय विश्वविद्यालयों में शिक्षा कक्षा-कक्ष और परीक्षा-केंद्रित रही है, वहीं इस विश्वविद्यालय ने 'लर्निंग बाय डूइंग' और 'वर्क-इंटीग्रेटेड लर्निंग' की अवधारणा को संस्थागत रूप दिया। यहां विद्यार्थी केवल पुस्तकों में नहीं, बल्कि उद्योगों,फैक्ट्रियों, कार्यशालाओं और स्टार्टअप इकोसिस्टम में सीखते हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल,इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी,हॉस्पिटैलिटी, कृषि,डिजाइन,डिजिटल मीडिया, लॉजिस्टिक्स और उद्यमिता सहित तीस से अधिक स्नातक, स्नातकोत्तर,डिप्लोमा और प्रमाणपत्र कार्यक्रम संचालित हैं। ये पाठ्यक्रम उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जुड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों की रोजगार-योग्यता में गुणात्मक सुधार हुआ है। विश्वविद्यालय के आँकड़ों के अनुसार अब तक दस हजार से अधिक विद्यार्थी विभिन्न कौशल-आधारित कार्यक्रमों में नामांकित हो चुके हैं, जिनमें लगभग 35 से 40 प्रतिशत छात्र ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आते हैं। कौशल विश्वविद्यालय की सफलता का सबसे बड़ा मापदंड उसका परिणाम होता है -विद्यार्थियों का रोजगार, उनकी आय और उनकी उद्यमशीलता। विश्वविद्यालय के करियर एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के अनुसार कौशल-आधारित स्नातकों का औसत प्लेसमेंट प्रतिशत 65 से 70 प्रतिशत के बीच रहा है, जबकि तकनीकी क्षेत्रों में यह 75 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया है। औसत प्रारंभिक वेतन पैकेज तीन से छह लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा है, जो कौशल-आधारित स्नातकों के लिए राष्ट्रीय औसत से बेहतर माना जाता है। उद्यमिता के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं।अब तक डेढ़ सौ से अधिक छात्र और पूर्व छात्र स्टार्टअप या स्वरोजगार उद्यम स्थापित कर चुके हैं। विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन केंद्र और उद्योग नेटवर्क से जुड़े इन उद्यमों ने स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित किए हैं।

भारतीय शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी आलोचना यह रही है कि विश्वविद्यालयों से निकलने वाले स्नातक उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार नहीं होते।इस कौशल विश्वविद्यालय ने इस ऐतिहासिक खाई को पाटने का प्रयास किया है। सौ से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को औद्योगिक अप्रेंटिसशिप अवसर उपलब्ध कराए गए हैं,जो शिक्षा और रोजगार के बीच सेतु बनते हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय केवल प्रशिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि कौशल नवाचार केंद्र के रूप में भी विकसित हो रहा है। विश्वविद्यालय में बीस से अधिक कौशल नवाचार प्रयोगशालाएँ और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं। फैकल्टी और छात्रों द्वारा तीन सौ से अधिक शोध एवं उद्योग समाधान परियोजनाएँ संचालित की गई हैं।पेटेंट,प्रोटोटाइप और उद्योग- समर्थित शोध में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी पारंपरिक कौशल परंपरा है - कारीगर,शिल्पकार, तकनीशियन,कृषि श्रमिक और हस्तशिल्प कलाकार। विश्वविद्यालय ने रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग कार्यक्रम के तहत पांच हजार से अधिक पारंपरिक कौशल धारकों को औपचारिक प्रमाणन प्रदान किया है, जिससे उनकी आय, सामाजिक स्थिति और रोजगार अवसरों में वृद्धि हुई है। हरियाणा मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी डॉ. राज नेहरू ने जॉब मार्केट में हो रहे बदलाव और एआई के प्रभाव पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा,रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में दस से अधिक फ्यूचर-स्किल आधारित पाठ्यक्रम शुरू किए हैं और लक्ष्य रखा है कि 2030 तक कम से कम पचास प्रतिशत पाठ्यक्रमों को उभरती तकनीकों से जोड़ा जाए।

दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय, कौशल्या स्किल यूनिवर्सिटी,एनआईओएस और एनसीवीईटी के विशेषज्ञों ने कौशल शिक्षा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ समन्वित करने और उद्योग सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। कुलगुरु प्रो. दिनेश कुमार का कथन कि वर्ष 2027 तक 44 प्रतिशत कौशल बदल जाएंगे, भारतीय शिक्षा नीति के लिए चेतावनी और अवसर दोनों है।सेमिनार के साथ आयोजित कौशल मेले में विद्यार्थियों ने तकनीकी नवाचार,सामाजिक समाधान मॉडल,डिजाइन प्रोटोटाइप और स्टार्टअप अवधारणाएँ प्रदर्शित कीं। लगभग दो सौ से अधिक छात्र परियोजनाएँ प्रदर्शित की गईं, जिन्हें विशेषज्ञों ने सराहा। यह मेला युवा भारत की कल्पनाशीलता और तकनीकी क्षमता का जीवंत प्रमाण था।भारत की जनसांख्यिकीय लाभांश तभी आर्थिक शक्ति में बदलेगा जब युवाओं के पास वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कौशल होंगे।श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय जैसे संस्थान भारत की मानव पूंजी नीति के प्रयोगशाला मॉडल हैं। यदि इन मॉडलों को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया जाए,तो भारत वैश्विक उत्पादन, सेवा और डिजिटल अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। अंततः राजघाट के गांधी सत्याग्रह सभागार में आयोजित स्किल लीडर्स कॉन्क्लेव एवं कौशल मेला-2026 भारत के कौशल सत्याग्रह का प्रतीक है।इस कौशल विश्वविद्यालय ने यह सिद्ध किया है कि यदि शिक्षा उद्योग,नीति और समाज के साथ समन्वित हो, तो बेरोजगारी, कौशल अंतर और सामाजिक असमानता जैसी समस्याओं का संरचनात्मक समाधान संभव है।कौशल- आधारित शिक्षा केवल रोजगार नीति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नीति है।

# संसदीय व्यवधान के विकल्प



हृदयनारायण दीक्षित

संसद की गरिमा के प्रश्न स्थाई भाव बन रहे हैं। संसद देश काल का दर्पण होती है। यह केवल बजट पास करने या कानून बनाने का ही संवैधानिक निकाय नहीं होती। सदन की गरिमा और मयार्दा बहुधा तार-तार हो रही है। संसद की गरिमा को उच्च स्तर पर बनाए रखने का कर्तव्य सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का है। उत्तरदायित्व का निर्वाहन शोर-शराबे से नहीं होता। कांग्रेस दीर्घकाल तक सत्ता में रही है। देश की संसदीय राजनीतिक संस्कृति को विकसित करने की जिम्मेदारी कांग्रेस की ही रही है। लेकिन विपक्षी दल की भूमिका में कांग्रेस वैचारिक विकल्प नहीं दे पाई। दुनिया भर के संसदीय जनतंत्रों में सत्ता पक्ष का विकल्प देने की जिम्मेदारी विपक्ष की होती है। सदन में अचानक किसी मुद्दे पर उबाल आ जाना बड़ी बात नहीं है। तीखी नोकझोंक भी संभव है। लेकिन योजना बनाकर सदन के भीतर उत्पात करना किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता।

भारतीय संसद में बहुत कुछ अप्रिय घटित हो रहा है। ऐसा उत्पात सदन की मयार्दा का हनन है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि कांग्रेस के सांसद किसी अप्रत्याशित घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देना चाहते थे। बिरला ने कहा कि उन्होंने नेता सदन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सतर्क किया था कि ऐसी कोई बड़ी घटना संभव थी। बिरला ने यह भी कहा कि अभी बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने जैसा व्यवहार किया वैसा लोकसभा की शुरूआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ। यद्यपि कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के दावे को झूठ बताया है। लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि प्रधानमंत्री के आसन के सामने तीन महिला सदस्यों का खड़े होना किस दृष्टि से संसदीय है। लोकसभा अध्यक्ष के अनुसार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनुरोध किया था कि वे सदन में न आएं।

18वीं संसद में प्रेरक घटनाएं नहीं दिखाई पड़ती। विपक्ष अपने संसदीय दायित्वों के निर्वाहन में सफल नहीं रहा। व्यवधान और शोर बार-बार के स्थगन और संसदीय शब्दों का प्रयोग लगातार हो रहा है। राष्ट्रीय विमर्श के प्रश्न बहस का मुद्दा नहीं बन पाए। वैकल्पिक विषयों पर सदन के पटल पर विकल्प देना, विकल्प के क्रियान्वयन के लिए सुझाव देना विपक्ष की जिम्मेदारी है। यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला टू प्रपोज दि गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा टू अपोज दि गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज दि गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'गवर्नमेंट इन वेटिंग' कहा जाता है। लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं।

संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री सदन का नेता होता है। नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी कम नहीं होती। सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए उसे सरकार की नीतियों की आलोचना करनी चाहिए। उस आलोचना का आधार होना चाहिए। सदन में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा संसदीय व्यवहार का प्रमुख हिस्सा है। अपशब्द विचार प्रकट करने का सही माध्यम नहीं होते। अपशब्दों का प्रयोग संसदीय कर्तव्य के आदर्श निर्वाहन का विकल्प नहीं होता। लेकिन यहां प्रधानमंत्री के आसन के समक्ष खड़े होकर शोर मचाना, महिला सांसदों का आसन को घेर कर खड़े होना जैसे प्रसंग रोजमर्रा की कार्यवाही का हिस्सा बन रहे हैं। प्रधानमंत्री के विरुद्ध किसी अनहोनी के सम्बंध में बिरला का रहस्योद्घाटन गंभीर प्रकृति का है। यह छोटी-मोटी घटना नहीं है। योजना बनाकर संसद की कार्यवाही को किसी भी रूप में प्रभावित करने की इच्छा भी खतरनाक है। यह सदन के विशेषाधिकार का भी उल्लंघन है। लोकसभा अध्यक्ष को घटना के सभी तथ्यों की जानकारी है। इसलिए ऐसे गंभीर मुद्दे पर विशेषाधिकार के अवमान की कार्यवाही होनी चाहिए।

यद्यपि ब्रिटिश संसद को संसदीय मामलों में लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, लेकिन ब्रिटिश संसद के जन्म के बहुत पहले भारत में लोकतांत्रिक संस्थाएं थीं। लुडविग जैसे विद्वानों ने वैदिक काल में ही भारत की संसदीय संस्थाओं का उल्लेख किया है। सभा और समितियां ऋग्वेद में हैं। अथर्ववेद में हैं। महाभारत में हैं। वैदिक साहित्य में सभा के सदस्य सभासद कहलाते थे। जो सभेय थे, सभा में सुंदर बोलते थे, वे सभ्य कहे जाते थे। उत्तर वैदिक काल और पुराणों के समय भिन्न-भिन्न जनहितकारी विषयों पर विचार गोष्ठियां होती थीं। भाषा में मधुरता थी। आचार और विचार मर्यादित थे। लेकिन आधुनिक भारत की संसद तमाम प्रतिभाओं के बावजूद मर्यादित रूप में नहीं चलती। संसदीय कार्यवाही प्रेरित नहीं करती। यह हताश और निराश करती है। संविधान सभा की कार्यवाही लंबे समय तक चली थी। सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. आम्बेडकर, कमलापति त्रिपाठी, विशंभर दयालु त्रिपाठी, मौलाना हजरत मोहानी, हरि विष्णु कामथ, हृदयनाथ कुंजूरू, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे विद्वान सदस्य थे। इस लंबी कार्यवाही में कहीं कोई कटुता नहीं दिखाई पड़ी। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सभा की अध्यक्षता कर रहे थे। संविधान सभा ने देश को एक राज व्यवस्था दी। राष्ट्रवादी मूल और आदर्श दिए लेकिन आश्चर्य है कि ऐसी परंपराओं के उत्तराधिकारी होकर भी हम अपनी संसद को सुव्यवस्थित नहीं चला पा रहे हैं। दुर्भाग्य का विषय है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास नीतियों के स्तर पर कोई विकल्प नहीं है। शोर स्थाई भाव है।

सदन राष्ट्रीय विमर्श के संवैधानिक मंच हैं। विपक्ष को तथ्य और तर्क सहित चर्चा करनी चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि प्रश्नों का उद्देश्य क्या है? क्या लोकतंत्र की मजबूती हंगामे से ही संभव है। क्या शोर शराबा और हंगामा ही बहस का उपकरण हो सकते हैं। लोकसभा के मंच से लगातार विपक्ष द्वारा यही कहा जा रहा है कि हंगामा हथियार हो गया है। विपक्ष के पास तथ्य नहीं है। विपक्ष को लगता है कि विपक्ष के पास तथ्य और तर्क से ज्यादा हंगामा और नारेबाजी के उपकरण ही हैं। विपक्ष सरकार को घेरने के अलावा और किसी लक्ष्य से प्रेरित नहीं है। वह राष्ट्रीय आवश्यकता की रणनीति पर कम और हंगामा द्वारा राजनीतिक बढ़त लेने का हथियार ज्यादा है। सदन में अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर कम से कम विपक्ष से अपेक्षा की जा सकती है कि वह उत्तरदायी बने। प्रश्न पूछे। विकल्प दे। सुझाव रखे। सरकार को जवाबदेह बनाए। विपक्ष का यह भी कर्तव्य है कि वह सदन को हंगामे का मंच न बनाएं। वैकल्पिक विचार दे और संसदीय कार्यवाही को राष्ट्रहितैषी बनाए।

# गड्ढों वाली व्यवस्था और खतरे में पड़ता जीवन

**ललित गर्ग**

गड्ढों में गिरी व्यवस्था में समाप्त होता जीवन आज के भारत की एक ऐसी विडंबना बन चुका है, जिसे देखकर मन भीतर तक सिहर उठता है। नोएडा में कार सवार युवा इंजीनियर की गड्ढे में गिरकर मौत का दर्द अभी समाज के मन से उतरा भी नहीं था कि दिल्ली में बाइक सवार युवक की जान एक खुले गड्ढे ने लील ली। दोनों घटनाओं में समानता यह है कि गड्ढे प्रशासन द्वारा विकास या मरम्मत के नाम पर खोदे गए थे और दोनों जगह न तो कोई बैरिकेडिंग थी, न चेतावनी बोर्ड, न रोशनी की व्यवस्था। मानो व्यवस्था ने पहले गड्ढा खोदा और फिर निश्चिंत होकर वहां से हट गई कि अब जो होगा, वह नागरिक की किस्मत है। यही वह सोच है जो किसी भी समाज को भीतर से खोखला कर देती है।

प्रश्न यह नहीं है कि गड्ढे क्यों खोदे गए, प्रश्न यह है कि गड्ढे खोदकर लोगों को मौत के मुंह में धकेलने का अधिकार प्रशासन को किसने दिया। क्या विकास का अर्थ यह हो गया है कि सड़कों पर चलते हुए हर नागरिक अपनी जान हथेली पर रखे। क्या शहरों की चमक-दमक और बड़े-बड़े दावों के बीच आम आदमी का जीवन इतना सस्ता हो गया है कि उसकी मौत पर सिर्फ एक खबर छप जाए, दो दिन बहस हो और फिर सब कुछ सामान्य हो जाए। यह सामान्य हो जाना ही सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि जब मौतें सामान्य लगने लगें, तब व्यवस्था की संवेदनशीलता मर चुकी होती है। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदा गया गड्ढा हो या नोएडा की किसी एजेंसी का, जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया हर बार एक जैसी रहती है। अफसर निलंबित कर दिए जाते हैं, जांच समितियां बना दी जाती हैं, 24 या 48 घंटे में रिपोर्ट देने की



घोषणा होती है और कुछ समय बाद वही फाइलें धूल फांकने लगती हैं। निलंबन और जांच अब समाधान नहीं, बल्कि एक औपचारिक रस्म बन गई है। सवाल यह है कि क्या निलंबन से मरे हुए बेटे लौट आते हैं, क्या जांच समितियों से टूटे हुए परिवार फिर से जुड़ जाते हैं। जब तक जवाबदेही केवल कागजों पर सिमटी रहेगी, तब तक गड्ढों में गिरती जिंदगियां यूं ही व्यवस्था का शिकार बनती रहेंगी।

इस पूरी तस्वीर का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बड़े शहरों में ऐसी घटनाएं कम से कम चर्चा में तो आती हैं, मीडिया सवाल तो उठाता है, लेकिन छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में यही गड्ढे रोज जिंदगियां निगल रहे हैं और खबर तक नहीं बनते। वहां न कैमरा पहुंचता है, न कोई प्रतिनिधि, न कोई जांच समिति। वहां मौतें सिर्फ परिवारों की निजी त्रासदी बनकर रह जाती हैं। क्या नागरिक का मूल्य शहर के आकार से तय होगा। क्या महानगरों का नागरिक ज्यादा कीमती है और छोटे शहरों का नागरिक सस्ता। यह असमानता केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि संवेदनाओं की भी है। हम एक ओर विकसित भारत, सशक्त भारत, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात करते हैं, दूसरी ओर हमारी सड़कों पर खुले गड्ढे हमें आईना दिखाते हैं। विकास की रफ्तार तेज हो सकती है, लेकिन यदि उस रफ्तार में सुरक्षा, जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना नहीं जुड़ी, तो वह रफ्तार विनाश की ओर ही ले जाएगी। यह विडंबना ही है कि हम स्मार्ट सिटी की बातें करते हैं, लेकिन स्मार्ट बैरिकेडिंग, स्मार्ट चेतावनी और स्मार्ट जिम्मेदारी पर बात करना भूल जाते हैं। तकनीक के युग में भी एक साधारण चेतावनी बोर्ड लगाना हमारे तंत्र को याद नहीं रहता। दरअसल समस्या केवल लापरवाही की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जिसमें नागरिक को एक आंकड़ा समझ लिया गया है। फाइलों में वह एक केस नंबर है, सड़क पर वह एक बाधा और हादसे के बाद वह एक आंकड़ा। जब तक प्रशासन और शासन की दृष्टि में नागरिक का जीवन सर्वोपरि मूल्य नहीं बनेगा, तब तक हर नया गड्ढा एक नई मौत की संभावना बनकर खड़ा रहेगा। सवाल यह भी है कि क्या इन गड्ढों के लिए कभी उच्च स्तर पर नैतिक जिम्मेदारी तय होगी। क्या कभी ऐसा होगा कि किसी बड़े पद पर बैठे व्यक्ति से पूछा जाए कि आपके विभाग की लापरवाही से एक जान गई, इसलिए आप पद पर बने रहने के नैतिक अधिकारी नहीं हैं। भ्रष्ट शासन के समाप्त होने की बड़ी-बड़ी घोषणाएं हर चुनाव में सुनाई देती हैं। पोस्टर बदलते हैं, नारे बदलते हैं, लेकिन जमीन पर गड्ढे वैसे ही रहते हैं। यदि भ्रष्टाचार केवल रिश्वत लेने तक सीमित होता तो शायद उसे पहचानना आसान होता, लेकिन यह जो संवेदनहीन भ्रष्टाचार है, जहां नियमों की अनदेखी, सुरक्षा मानकों की उपेक्षा और समय पर काम पूरा न करना शामिल है, यह ज्यादा खतरनाक है। इसमें पैसा दिखता नहीं, लेकिन इसकी कीमत किसी की जान से चुकानी पड़ती है।

आज जब हम अमृत काल और शताब्दी वर्ष में नए भारत की कल्पना कर रहे हैं, तब यह प्रश्न और भी तीखा हो जाता है कि क्या खुले गड्ढों वाला देश महान बन सकता है। क्या वह देश विकसित कहलाने योग्य है, जहां नागरिक रात को सड़क पर निकलते समय यह दुआ करे कि कहीं कोई गड्ढा उसकी जिंदगी न छीन ले। विकास केवल पुलों, सड़कों और इमारतों से नहीं मापा जाता, बल्कि इस बात से मापा जाता है कि आम आदमी खुद को कितना सुरक्षित महसूस करता है। यदि सुरक्षा का भरोसा नहीं, तो सारी उपलब्धियां खोखली हैं। गड्ढों में गिरी व्यवस्था केवल सड़कों की समस्या नहीं है, यह हमारे शासन तंत्र की नैतिक गिरावट का प्रतीक है।

यह उस दूरी को दिखाता है जो सत्ता और नागरिक के बीच बढ़ती जा रही है। जब तक हर गड्ढे को सिर्फ तकनीकी खामी समझा जाएगा और हर मौत को दुर्भाग्य कहकर टाल दिया जाएगा, तब तक यह सिलसिला रुकेगा नहीं। जरूरत इस बात की है कि हर गड्ढा एक सवाल बने, हर मौत एक चेतावनी और हर लापरवाही एक अपराध मानी जाए। कब वे गड्ढे भरेंगे, कब व्यवस्था की दरारें बंद होंगी और कब विकास की दौड़ में भागता देश यह भरोसा पाएगा कि वह सुरक्षित हाथों में है, यह सवाल आज हर नागरिक के मन में है। शायद उस दिन हम सचमुच कह सकेंगे कि हमारा देश महान बनने की राह पर है। अभी तो लगता है कि हम महान नहीं, बल्कि परेशान हैं और यह परेशानी सिर्फ गड्ढों की नहीं, गड्ढों में गिरती संवेदनाओं की है।

## आज का राशिफल

**मेष** : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**वृष** : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मिथुन** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को निबटा लें समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्क** : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह** : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**कन्या** : पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें।

**तुला** : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**वृश्चिक** : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**धनु** : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**मकर** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**कुम्भ** : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए।सब्र का फल मीठा होता है।

**मीन** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 09 फरवरी 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। पहली घटना में ग्राम पेंसरा निवासी 60 वर्षीय कारु रविदास, पिता धर्मचंदी रविदास, मारपीट में घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना में ग्राम डोंडहरा निवासी 31 वर्षीय मुकेश कुमार प्रसाद, पिता महेन्द्र प्रसाद, को मारपीट में चोटें आईं। दोनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में कराया गया। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

### खुटरा में बीएसएफ से सेवानिवृत्त जवान महेश रविदास का भव्य स्वागत



**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड के खुटरा गांव निवासी महेश रविदास के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) से सेवानिवृत्त होकर गांव लौटने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। महेश रविदास ने वर्ष 1996 में बीएसएफ में बहाली के बाद लगभग तीन दशक तक देश की सेवा की। इस दौरान वे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों में तैनात रहकर कर्तव्यनिष्ठा, साहस और अनुशासन के साथ राष्ट्र सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। गांव आगमन पर पूर्व मुखिया पति मंटू कुमार दास, कुलेश्वर राम बड़कागांव पूर्व विधायक प्रतिनिधि, कार्तिक राम सीकरी, शिक्षक सहदेव राम, सेवानिवृत्त शिक्षक सेवाराम सहित ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी सुमित्रा देवी, पुत्र रवि कुमार, अनिरुद्ध कुमार, पुत्री वर्षा कुमारी, अनमोल दास, ममता कुमारी सहित परिवारजन भी उपस्थित रहे। स्वागत समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि महेश रविदास जैसे जांबाज जवानों के कारण ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और आम नागरिक निश्चिंत होकर जीवन यापन कर पाते हैं। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनके अनुभव गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे और वे सामाजिक एकता व अनुशासन को मजबूत करने में मार्गदर्शन देंगे। समारोह का समापन देशभक्ति नारों और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

### नगरपालिका चुनाव 2026: महापौर और वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के व्यय पंजी निरीक्षण की तिथियां तय

**हजारीबाग।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत महापौर और वार्ड पार्षद पद के सभी अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पंजी के निरीक्षण के लिए तिथियां और स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग ने यह कार्यक्रम तय किया है। सभी अभ्यर्थियों को 11 फरवरी, 16 फरवरी और 20 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित स्थलों पर उपस्थित होकर अपने व्यय लेखा पंजी की जांच कराना अनिवार्य होगा। वार्ड संख्या 1 से 12 तक के महापौर और वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के लिए निरीक्षण स्थल नया समाहरणालय सभागार निर्धारित किया गया है। वार्ड संख्या 13 से 24 तक के अभ्यर्थियों की जांच नया समाहरणालय के द्वितीय तल पर होगी, जबकि वार्ड संख्या 25 से 36 तक के अभ्यर्थियों की जांच नया समाहरणालय के ग्राउंड फ्लोर पर की जाएगी। नोडल पदाधिकारी सह राज्य कर पदाधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों से तय तिथि और समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर व्यय पंजी की जांच कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को निर्वाचन नियमों के विरुद्ध माना जाएगा।

### चैतन्य महोत्सव 2026 की तिथि बदली, भागवत कथा अब 24 फरवरी से 2 मार्च तक



**हजारीबाग।** मतवारी गांधी मैदान स्थित चैतन्य महोत्सव 2026 कार्यालय में गौरांग सेवा फाउंडेशन गुरुकुल की ओर से एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें जानकारी दी गई कि चैतन्य महोत्सव 2026 के तहत प्रस्तावित भागवत कथा महायज्ञ की तिथि में परिवर्तन किया गया है। पहले यह आयोजन 23 फरवरी से 1 मार्च तक होना था, लेकिन नगर निगम चुनाव के कारण अब यह महायज्ञ 24 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में बताया गया कि महोत्सव को लेकर इस बार नगर निगम क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में भी प्रचार-प्रसार और चर्चाएं तेज हो गई हैं। आयोजन के प्रमुख आकर्षणों में इस वर्ष झूला मेला भी शामिल रहेगा, जिसमें लोगों को दुकानें लगाने का अवसर मिलेगा। झूला मेला और दुकानों की बुकिंग जारी है। आयोजकों ने बताया कि 2 मार्च को होलिका दहन के अवसर पर पंडाल में ही भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान हजारों श्रद्धालु अपने-अपने घरों से तैयार किए गए पकवान लेकर आएंगे, जिनसे अलग-अलग भोग के पहाड़ बनाए जाएंगे। भगवान को भोग अर्पित करने के बाद वही प्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में श्यामव्रजविलास प्रभु, उत्तानपाद प्रभु, धर्मेंद्र ठाकुर प्रभु, सोनू जन्नत प्रभु, ओमप्रकाश प्रभु, युवा प्रचारक निखिल गुप्ता, श्रवण प्रभु, रणजीत बरनवाल, जय अद्वैत प्रभु, आदित्य यादव सहित गुरुकुल के अन्य छात्र उपस्थित थे।

### टाटीझरिया ने फाइनल में कथारा को 9 विकेट से हराया, हेसला के मैदान में जीता खिताब



**टाटीझरिया।** बगोदर के हेसला स्थित खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मुकाबला टाटीझरिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन के साथ अपने नाम कर लिया। खिताबी मुकाबले में टाटीझरिया ने कथारा को 9 विकेट के बड़े अंतर से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच में टॉस जीतकर टाटीझरिया के कप्तान ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो पूरी तरह सफल रहा। टाटीझरिया के गेंदबाजों के सटीक और आक्रामक आक्रमण के सामने कथारा की टीम टिक नहीं सकी और निर्धारित 5 ओवरों में मात्र 33 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाटीझरिया की टीम ने आक्रामक शुरूआत करते हुए केवल 3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर ली। समापन समारोह में टूनामेंट कमेटी की ओर से विजेता टीम टाटीझरिया को 50 हजार रुपये नकद, ट्रॉफी और खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजू यादव, लालमोहन महतो और पिंटु यादव मौजूद रहे।

### सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2026 संपन्न : 101 जोड़ों ने शाही अंदाज में लिए सात फेरे

# राज्यपाल संतोष गंगवार की मौजूदगी, मनोज तिवारी और दीपक तिर्की के सुरों से सजा समारोह

## कन्यादान के वक्त भावुक हुए सांसद मनीष जायसवाल, नवदंपतियों को जीवनभर साथ का दिया भरोसा





झारखंड दर्शन संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ के सिद्धू-कान्हु मैदान में आयोजित सांसद सामूहिक विवाह उत्सवञ्2026 ऐतिहासिक और यादगार बन गया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर 101 गरीब, जरूरतमंद और दिव्यांग परिवारों की बेटियों का सामूहिक विवाह पूरे विधि-विधान और भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ। बैंड-बाजा, आतिशबाजी, लोकनृत्य और सजी-धजी कारों के साथ निकली सामूहिक बारात ने पूरे शहर को उत्सव में बदल दिया।

विवाह समारोह का सबसे आकर्षक दृश्य तब देखने को मिला जब 101 जोड़ों की जयमाला सितारा आकृति में संपन्न हुई। छऊ नृत्य, झूमर, ढोल-नगाड़े, ताशा और शहनाई की गूंज ने पूरे आयोजन को लोकउत्सव का स्वरूप दे दिया। विवाह उपरांत नवविवाहित जोड़ों को घरेलू उपयोग के सामान के साथ आजीविका के लिए इलेक्ट्रिक रिक्शा भी प्रदान किया गया, ताकि उनका भविष्य आत्मनिर्भर और सुरक्षित बन सके।

इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने समारोह में पहुंचकर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। प्रसिद्ध गायक व सांसद मनोज तिवारी ने मंच से भक्ति और विवाह गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया, वहीं झारखंड के लोकगायक दीपक तिर्की ने सादरी और नागपुरी गीतों से समारोह को झारखंडी रंग में रंग दिया। आयोजन में भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, कई विधायक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए। कन्यादान और विदाई के समय सांसद मनीष जायसवाल भावुक हो उठे। उन्होंने नवविवाहित बेटियों और दामादों से कहा कि जीवन में जब भी किसी सहायता की जरूरत पड़े, वह एक भाई और बेटे के रूप में सदैव साथ खड़े मिलेंगे। उन्होंने दूल्हों को परिवार की जिम्मेदारी निभाने और बेटियों को सम्मान व सुरक्षा देने का संदेश दिया।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यदि समाज जागरूक हो तो अभावग्रस्त परिवारों की बेटियों की भी शाही शादी संभव है। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प दोहराया। समारोह के सफल आयोजन में सांसद परिवार, भाजपा कार्यकताओं, सामाजिक संगठनों और जिला प्रशासन का उल्लेखनीय योगदान रहा। चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## विष्णुगढ़ में उद्यमिता प्रशिक्षण, स्वरोजगार से आय बढ़ाने पर जोर



झारखंड दर्शन संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ परियोजना कार्यालय परिसर में जनजागरण केंद्र के तत्वावधान में एक दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अजीम प्रेमजी फाउंडेशन अंतर्गत संचालित परियोजना ह्यउन्नत कृषि एवं पशुधन विकास के माध्यम से महिला किसानों की आय में सतत वृद्धिह्ल के तहत आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कैडर, किसानों और महिला समूहों को उद्यमिता विकास, स्वरोजगार के नए अवसर तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की व्यवहारिक जानकारी देना रहा। प्रशिक्षण में बताया गया कि उद्यमिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है और सही मार्गदर्शन से किसान व युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान जिला उद्योग विभाग के जिला उद्यमी समन्वयक ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, एमएसएमई पंजीकरण, ऋण व अनुदान प्रक्रिया, उद्योग स्थापना से जुड़े दस्तावेज, बैंक समन्वय, विपणन रणनीति और व्यवसाय प्रबंधन की जानकारी दी। स्थानीय संसाधनों, कृषि और पशुपालन आधारित उद्यम, लघु प्रसंस्करण इकाइयों के माध्यम से स्थायी आय के अवसर विकसित करने पर भी जोर दिया गया।

प्रशिक्षण में जनजागरण केंद्र के कैडर, प्रगतिशील किसान, महिला समूहों के सदस्य सहित अन्य प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। समापन पर परियोजना प्रबंधक देव कुमार सिंह ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीण समुदाय को स्वरोजगार से जोड़ने की प्रतिबद्धता जताई।

## संगठनात्मक अनुशासन और जनसेवा ही भाजपा की ताकत: आदित्य साहू





झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** विधायक जनसेवा कार्यालय में भाजपा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति और जनसेवा के कार्यों को और प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई।

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि संगठनात्मक अनुशासन, आपसी समन्वय और जनसेवा ही भाजपा की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय भूमिका निभाने और जनहित की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री सुमन पप्पु ने किया। संगठन को मजबूत करने और कार्यकताओं की भूमिका को और सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन से कार्यकताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। बैठक में प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पार्टी नेता और बड़ी संख्या में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हजारीबाग ब्रह्म समाज में माघ उत्सव, भक्ति और नवजागरण की परंपरा हुई जीवंत



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर की नवजागरण की ऐतिहासिक संस्था हजारीबाग ब्रह्म समाज में माघ उत्सव श्रद्धा और भक्तिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वोच्च सत्ता को समर्पित शास्त्रों का पाठ हुआ और ब्रह्म संगीत का गायन किया गया। उल्लेखनीय है कि 1828 में राजा राममोहन राय द्वारा स्थापित ब्रह्म समाज की स्थापना दिवस को हर वर्ष माघ उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

उत्सव में कोलकाता ब्रह्म समाज से आए सुप्रतिम चक्रवर्ती ने आचार्य की भूमिका में ईश्वर आराधना का संचालन किया। कोलकाता और हजारीबाग के कलाकारों द्वारा ब्रह्म संगीत और रविंद्र संगीत की प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया।

सभा को संबोधित करते हुए आचार्य सुप्रतिम चक्रवर्ती ने कहा कि जदुनाथ मुखर्जी ने हजारीबाग में ब्रह्म समाज की स्थापना कर इसे तत्कालीन बंगाल प्रांत में नवजागरण का प्रमुख केंद्र बनाया। उन्होंने बताया कि इस समाज से जुड़े प्रयासों से शिक्षा और सामाजिक सुधार के कई कार्य हुए, जिनकी छाप आज भी शहर में दिखाई देती है।

माघ उत्सव की व्यवस्था में वर्तमान सचिव नीलांजन चटर्जी सहित समाज के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में जदुनाथ मुखर्जी के वंशजों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाज के लोग उपस्थित रहे।

## नागी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में छात्रवृत्ति और विकास राशि को लेकर अनियमितता का आरोप



झारखंड दर्शन संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के नागी पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नागी में छात्रवृत्ति वितरण और विद्यालय विकास राशि को लेकर गंभीर अनियमितता का आरोप सामने आया है। विद्यालय के अध्यक्ष सहदेव कुमार महतो ने प्रधानाध्यापक सह सचिव पर सरकारी राशि की गलत तरीके से निकासी करने का आरोप लगाया है। अध्यक्ष का कहना है कि कई छात्र-छात्राओं का नामांकन एक साथ सरकारी और निजी विद्यालयों में कराया गया है, जिससे वे छात्रवृत्ति का अनुचित लाभ उठा रहे हैं। वहीं नियमित रूप से सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले कई छात्र-छात्राओं को अब तक छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिली है। छात्रों से बातचीत में भी यह बात सामने आई कि उन्हें अभी तक छात्रवृत्ति का लाभ नहीं दिया गया।

वहीं प्रधानाध्यापक का पक्ष है कि नामांकन के अनुपात में केवल लगभग पचास प्रतिशत छात्र ही नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहते हैं।

मामले की जानकारी मिलने पर विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग महादेव देहाती ने विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

महादेव देहाती ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चे बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर पढ़ने आते हैं और उनके अधिकारों व भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### किड्स कैंपस जॉन स्कूल के वार्षिक समारोह में पहुंचे मुन्ना सिंह, शिक्षा को बताया राष्ट्र निर्माण की नींव

## सिटी पब्लिक स्कूल के मंच से बोले मुन्ना सिंह, अनुशासन और संस्कार से बनते हैं जिम्मेदार नागरिक



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह रविवार को कटकमदाग प्रखंड के ढेंगुरा पंचायत स्थित किड्स कैंपस जॉन स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से उनका स्वागत और सम्मान किया गया।

विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोहा। अपने संबोधन में मुन्ना सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने बच्चों से अनुशासन और परिश्रम के साथ पढ़ाई करने का आह्वान किया। मौके पर उप-मुखिया गुलाम सरवर और दिलशाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

इसके बाद मुन्ना सिंह गदोखर स्थित सिटी पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से बुके और अंगवस्त्र देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार देने और जिम्मेदार नागरिक तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में सालिक जफर, मिस्टर खान, गुलाम, साबिर और नौशाद खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बरही में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के श्रीनगर वरीयठा मोड़ के समीप सड़क किनारे एक गड्ढे में अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष आंकी जा रही है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही है, हालांकि मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में महिला की पहचान को लेकर पूछताछ कर रही है और आम लोगों से भी जानकारी देने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का समापन, 25 किसानों को मिला प्रमाण-पत्र



**साहिबगंज।** उद्यान विभाग, साहिबगंज द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राष्ट्रीय मधुमक्खी एवं शहद मिशन योजना के तहत चयनित 25 किसानों को सात दिवसीय मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसका समापन समारोह आयोजित कर सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। समापन अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन एवं कृषि वैज्ञानिक संजीव कुमार द्वारा बरहरवा प्रखंड के कालू पंचायत में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किसानों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि मधुमक्खी पालन एक शत-प्रतिशत जैविक और लाभकारी व्यवसाय है, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन से न केवल शहद उत्पादन होता है, बल्कि इससे फसलों की परागण प्रक्रिया बेहतर होती है, जिससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में भी सुधार आता है। अधिकारियों ने किसानों से मधुमक्खी पालन को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उद्यान विभाग के मुकेश कुमार सहित आत्मा योजना के अंतर्गत चयनित सभी 25 किसान उपस्थित थे।

### गोड्डा नगर परिषद वार्ड संख्या 07 से पूजा तिवारी निर्विरोध वार्ड पार्षद घोषित



**गोड्डा।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के अंतर्गत गोड्डा नगर परिषद के वार्ड संख्या 07 से पूजा तिवारी को निर्विरोध वार्ड पार्षद घोषित किया गया है। निर्धारित समय-सीमा तक केवल एक ही अभ्यर्थी द्वारा नामांकन किए जाने के कारण यह स्थिति बनी। जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या 07 के लिए नाम निर्देशन की अंतिम तिथि तक केवल पूजा तिवारी ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। 05 फरवरी 2026 को हुई संवीक्षा के दौरान उनका नामांकन पत्र वैध पाया गया। इसके पश्चात 06 फरवरी 2026 को अपराह्न 3 बजे तक अभ्यर्थिता वापस लेने की समय-सीमा समाप्त होने के बाद कोई अन्य उम्मीदवार मैदान में नहीं रहा। इसके बाद झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के नियम 49(1) के तहत पूजा तिवारी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पूजा तिवारी, पति अशोक कुमार तिवारी, पटेल नगर, गोड्डा की निवासी हैं। उनके निर्विरोध चुने जाने पर समर्थकों में हर्ष का माहौल देखा गया।

### महागामा में श्री गणेश डेंटल मल्टी स्पेशलिस्ट क्लीनिक का भव्य उद्घाटन



**महागामा।** महागामा रेफरल अस्पताल के सामने स्थित केडी परिसर में रविवार को श्री गणेश डेंटल मल्टी स्पेशलिस्ट क्लीनिक का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रख्यात चिकित्सक डॉ० तरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि इस क्लीनिक के खुलने से महागामा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को दांतों के इलाज के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यहां दांत से संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं का आधुनिक और सुलभ उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। सीएमओ डॉ० यू.के. चौधरी ने कहा कि यह क्लीनिक आधुनिक मशीनों और वैज्ञानिक पद्धतियों से सुसज्जित है, जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित दंत उपचार मिल सकेगा। उन्होंने इस पहल को क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उद्घाटन अवसर पर राजमहल परियोजना के अधिकारी प्रणव कुमार, अतिरिक्त अभियंता संजीव कुमार, शंकर गुप्ता, कृष्ण देव रविदास, नंद किशोरी देवी, कौशल किशोर दुबे, सरिता दुबे, डीएवी स्कूल के प्राचार्य विनोद सिंह, शंकर सुमन, पंडित सतीश झा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने क्लीनिक की शुरूआत को क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

### देवघर नगर निगम चुनाव : वार्ड 27 में प्रियंका देवी को मिला पूर्व प्रत्याशी कविता देवी परिवार का पूर्ण समर्थन



**देवघर।** देवघर नगर निगम चुनाव के अंतर्गत वार्ड संख्या 27 में राजनीतिक स्थिति उस समय पूरी तरह स्पष्ट हो गई, जब पूर्व प्रत्याशी कविता देवी का नामांकन तकनीकी कारणों से निरस्त हो गया। इसके पश्चात कविता देवी एवं उनके पुत्र, युवा समाजसेवी उत्तम कुमार राय ने संयुक्त रूप से वार्ड की प्रत्याशी प्रियंका देवी को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। समर्थन कार्यक्रम के दौरान युवा समाजसेवी ध्रुव प्रसाद साह, आकाश कुमार, मनोज कुमार यादव, रंजीत वर्मा, संतोष यादव, शिवानी सहित बड़ी संख्या में समर्थक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि वार्ड 27 की जनता इस बार परिवर्तन चाहती है और विकास के नए दौर की शुरूआत के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर कविता देवी ने कहा कि प्रियंका देवी के नेतृत्व में वार्ड 27 प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा। उनकी ईमानदारी, सरल स्वभाव एवं विकास के प्रति प्रतिबद्धता से यह भरोसा मजबूत होता है कि वे वार्ड को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाने में सफल होंगी। उन्होंने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा कि विकास के इस संकल्प को मजबूत करने के लिए सभी मतदाता एकजुट होकर प्रियंका देवी के पक्ष में मतदान करें, ताकि वार्ड 27 को एक बेहतर और उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाया जा सके।

# एसडीओ ने सुंदरपहाड़ी प्रखंड के परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

झारखंड दर्शन संवाददाता



**गोड्डा।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा वैद्यनाथ उरांव ने शनिवार को सुंदरपहाड़ी प्रखंड स्थित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आईटीआई कॉलेज सुंदरपहाड़ी, प्लस टू उच्च विद्यालय सुंदरपहाड़ी तथा प्रभात तारा मिशन स्कूल चंदना स्थित परीक्षा केंद्रों का गहन अवलोकन किया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे बैठक व्यवस्था, प्रकाश की समुचित व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रश्न पत्रों के सुरक्षित वितरण की स्थिति की जांच की गई।

अनुमंडल पदाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों, वीक्षकों एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मियों को परीक्षा संचालन से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा की पवित्रता और निष्पक्षता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की कदाचार की सूचना मिलने पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने परीक्षार्थियों से भी अपील की कि वे शांतिपूर्ण वातावरण में बिना किसी दबाव के परीक्षा दें। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा अवधि के दौरान निरंतर निगरानी रखी जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सुंदरपहाड़ी मोनिका बास्की भी उपस्थित रहीं।

### विद्यापति सांस्कृतिक परिषद ने दिवंगत सदस्य सुधीर कुमार पाठक को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



गोड्डा। विद्यापति सांस्कृतिक परिषद की ओर से शनिवार की संध्या स्थानीय विद्यापति भवन में एक शोक सभा का आयोजन कर परिषद के दिवंगत सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर कुमार पाठक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके आकस्मिक निधन से परिषद सहित पूरे जिले के साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर व्याप्त है। स्व० सुधीर कुमार पाठक मूल रूप से पोड़ैयाहाट प्रखंड अंतर्गत माधुरी गांव के निवासी थे तथा वर्तमान में कपूरी नगर, गोड्डा में रह रहे थे। वे परिषद के सक्रिय सदस्य होने के साथ-साथ एक कुशल अधिवक्ता और समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। शोक सभा के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने उनके मिलनसार स्वभाव, सादगी, सहयोगी प्रवृत्ति एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्मरण किया। डॉ. वंशीधर मिश्र, सर्वजीत झा 'अन्तेवासी', माधव चंद्र चौधरी, पवन कुमार झा, परितोष पाठक, मिथिलेश कुमार ठाकुर, विनय कुमार चौधरी, सुरजीत झा, नर्मदेश्वर झा, गौरव वत्स, प्रभु झा, मोली सिन्हा एवं अजीत कुमार सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि स्वर्गीय पाठक का निधन परिषद के लिए अपूरणीय क्षति है। अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया तथा शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

## मधुपुर नगर परिषद चुनाव 2026 को लेकर अध्यक्ष पद के सात प्रत्याशियों को मिले चुनाव चिन्ह, प्रचार में आई तेजी

झारखंड दर्शन संवाददाता



**मधुपुर।** नगर परिषद चुनाव 2026 को लेकर शनिवार को अनुमंडल कार्यालय में चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में पूरी की गई। चुनाव निर्वाचित पदाधिकारी अमर प्रसाद की देखरेख में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे कुल सात प्रत्याशियों को उनके-अपने चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए।

चुनाव चिन्ह मिलते ही सभी प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार में पूरी तरह जुट गए हैं। अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी अनन्‍नु कुमारी को एयर कंडीशनर, तबस्सुम नाज को छड़ी, दरक्शां प्रवीण को चूड़ियां, मिती कुमारी को बैटरी टॉर्च, लक्ष्मी कुमारी को बेंच, शबाना परवीन को बिस्किट तथा सनोवर यास्मीन को बक्सा चुनाव चिन्ह प्रदान किया गया। इसके साथ ही नगर परिषद क्षेत्र के 23 वार्डों से चुनाव लड़ रहे कुल 129 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को भी उनके चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। यह पूरी प्रक्रिया चुनाव निर्वाचित पदाधिकारी यामुन रविदास एवं विनय कुमार पांडे द्वारा संपन्न कराई गई। अधिकारियों ने प्रत्याशियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने तथा चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही प्रचार करने की सख्त हिदायत दी। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला, जिससे नगर परिषद चुनाव को लेकर मधुपुर का राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है।

## उपायुक्त ने जिला कोषागार कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्य पर दिया जोर

झारखंड दर्शन संवाददाता




**पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार ने अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित जिला कोषागार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोषागार कार्यालय में संधारित विभिन्न वित्तीय अभिलेखों, रोकड़ बही, स्ट्रांग रूम तथा कार्यालय कक्ष का गहन अवलोकन किया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कोषागार पदाधिकारी सुश्री सारती तोपनो ने उपायुक्त को पीएल अकाउंट सहित कोषागार से जुड़े विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोषागार से संबंधित सभी कार्य नियमित रूप से अद्यतन रखे जा रहे हैं तथा वित्तीय अभिलेखों का संधारण निर्धारित नियमों के अनुरूप किया जा रहा है।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नॉन-ज्यूडिशियल रजिस्टर, कोर्ट फीस स्टांप रजिस्टर, एडवोकेट वेलफेयर फंड स्टांप रजिस्टर, चेक पंजी, आरडीएस डिवीजन आवंटन व्यय पंजी एवं कोषागार स्थापना रोकड़ बही सहित अन्य अभिलेखों का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने कोषागार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पेंशनधारकों के भुगतान से पूर्व जीवन प्रमाण पत्र का नियमित रूप से सत्यापन किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। उपायुक्त ने कोषागार से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने पर विशेष बल दिया।

## जामताड़ा स्टेशन के पास सवारी ट्रेन में पॉकेटमारी, आरपीएफ-सीआईबी की कार्रवाई में युवक गिरफ्तार

झारखंड दर्शन संवाददाता



**देवघर।** मधुपुर-आसनसोल-झाझा रेलखंड पर चल रही गाड़ी संख्या 63509 अप आसनसोल-झाझा सवारी ट्रेन में यात्रा के दौरान दो महिला यात्रियों के साथ पॉकेटमारी की घटना सामने आई। यह घटना जामताड़ा स्टेशन से पहले एवं स्टेशन के समीप अलग-अलग स्थानों पर हुई, जिससे कुछ समय के लिए यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ जामताड़ा और सीआईबी जसीडीह की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व जसीडीह सीआईबी के प्रधान आरक्षी पी.के. सिंह और प्रधान आरक्षी रवि प्रकाश सिंह ने किया। टीम में आरपीएफ जामताड़ा के एएसआई इकबाल खान और कांस्टेबल प्रकाश मंडल भी शामिल थे। संयुक्त टीम ने संदिग्धों की घेराबंदी कर तलाशी ली, जिसमें दोनों महिला यात्रियों के चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए। इस दौरान एक युवक को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीप सिंह (20 वर्ष), निवासी बाराबनी, अंडाल, बर्दवान पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। बरामद मोबाइल में एक महिला यात्री कोलकाता के कोनगर की निवासी है, जबकि दूसरी महिला जामताड़ा जिले की रहने वाली बताई गई है। आरपीएफ के अनुसार, आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद मधुपुर रेल थाना को सुपुर्द कर दिया गया। जहां उसे मधुपुर रेलवे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने मोबाइल एवं कीमती सामान की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत आरपीएफ या जीआरपी को दें।

### शहीद जवानों एवं उनके स्वजनों की सहायता सर्वोच्च प्राथमिकता : डालसा



गोड्डा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोड्डा के अध्यक्ष रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निदेशानुसार पथरगामा प्रखंड अंतर्गत पीपरा गांव में माइक्रो विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को कानून से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। डालसा की ओर से गठित टीम में अधिकार मित्र बासुदेव मणीनंदन कुमार, रामविलास महतो, रजनी कुमारी सहित अन्य सदस्य शामिल थे। टीम के सदस्यों ने वीर परिवार सहायता योजना पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए बताया कि यह योजना देश के सशस्त्र बलों, अर्द्धसैनिक बलों एवं राज्य पुलिस बल के उन जवानों के परिवारों के लिए है, जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी है। डालसा ने स्पष्ट किया कि शहीद जवानों एवं उनके स्वजनों की सहायता करना सर्वोच्च प्राथमिकता की श्रेणी में है। उन्होंने कहा कि नालसा का उद्देश्य शहीद परिवारों को निःशुल्क विधिक सहायता, मुआवजा प्राप्ति, पेंशन एवं अन्य सरकारी लाभ योजनाओं तक सरल पहुंच उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत शहीद परिवारों को सरकारी विभागों में लंबित मामलों के निपटारे हेतु कानूनी सहयोग, विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता, बच्चों की शिक्षा एवं रोजगार से संबंधित योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक सहयोग भी प्रदान किया जाता है।

### नगर परिषद परिसर में हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर सह टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित

देवघर। मधुपुर नगर परिषद परिसर में इस वर्ष हज-ए-बैतुल्ला मक्का की यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सह टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य हज यात्रियों को हज यात्रा के दौरान आवश्यक धार्मिक विधियों, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं अनुशासनात्मक पहलुओं की जानकारी देना था। अपने संबोधन में मंत्री हफीजुल हसन ने जानकारी दी कि इस वर्ष देवघर जिले से 29, दुमका जिले से 13 तथा जामताड़ा जिले से 16 हज यात्री हज यात्रा पर जाएंगे, जिनमें महिला हज यात्री भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हज वही लोग अदा करते हैं जिन्हें अल्लाह का हुक्म और बुलावा मिलता है। मंत्री ने हज यात्रियों से अपील की कि हज के दौरान किसी प्रकार के दिखावे और फिजूलखर्ची से बचें तथा पूरी सादगी, संयम और अनुशासन के साथ इबादत करें। मंत्री हफीजुल हसन ने हज यात्रियों से यह भी आग्रह किया कि वे हज के दौरान अपने गांव, शहर, प्रदेश, देश और पूरी दुनिया में अमन, शांति और खुशहाली के लिए दुआ करें। कार्यक्रम के दौरान हज प्रशिक्षकों द्वारा हज की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यक टीकाकरण भी किया गया। इस अवसर पर हज प्रशिक्षक सहित कई गणमान्य व्यक्ति और हज यात्री उपस्थित थे।

### कोरका में संतमत सत्संग का भव्य समापन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा, सत्संग से समाज में प्रेम और सद्भाव बढ़ता है

झारखंड दर्शन संवाददाता



गोड्डा। कोरका में आयोजित संतमत सत्संग का समापन समारोह आज श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन दिवस पर सत्संग पंडाल में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने सत्संग में उपस्थित अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए संतमत की महत्ता पर प्रकाश डाला। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि संतमत सत्संग केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला एक महान माध्यम है। उन्होंने कहा कि संतों की वाणी मनुष्य को सत्य, प्रेम, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। सत्संग से जीवन में शांति, संयम और सद्भाव का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब समाज में तनाव और विभाजन की कोशिशें हो रही हैं, ऐसे आध्यात्मिक आयोजन लोगों को एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने संतमत के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की अपील करते हुए कहा कि सत्संग हमें सत्य के मार्ग पर चलना सिखाता है और मन को शुद्ध करता है।समापन अवसर पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने आयोजन समिति एवं संतमत परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया और वातावरण पूरी तरह भक्ति मय बना रहा।

# नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब ने द्रोणाचार्य क्लब को 6 विकेट से हराया

झारखंड दर्शन संवाददाता



**साहिबगंज।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सिदोझकान्हू स्टेडियम में आयोजित सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत शनिवार को द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब और नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब की टीम 26.4 ओवर में 159 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से मिस्टर एनर्जी ने सर्वाधिक 36 रन बनाए, जबकि आदित्य ज्ञान और प्रीतम कुमार ने 26-26 रनों का योगदान दिया। अन्य बल्लेबाज नॉर्थ कॉलोनी के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं सके। नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब की ओर से विकास, मतिउर्रहमान और अमोल कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो विकेट चटकाए। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब की टीम ने सधी हुई बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और 22.4 ओवर में मात्र 4 विकेट खोकर 163 रन बना लिए। अमोल कुमार ने नाबाद 46 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि आनंद मोहन ने 50 रन और अंकित कुमार ने नाबाद 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब की ओर से अनिकेत आनंद ने दो विकेट प्राप्त किए।

ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब के अमोल कुमार को ह्यमैन ऑफ द मैचह्न घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ० रणविजय ने उन्हें ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका हयातुल्लाह और तारिक अनवर ने निभाई, जबकि स्कोरिंग का कार्य श्याम रंजन ने किया। मौके पर टूर्नामेंट इंचार्ज मो० अशफाक आलम सहित कई खेल प्रेमी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। टूनामेंट इंचार्ज ने जानकारी दी कि आगामी सोमवार को राजमहल सीनियर क्रिकेट क्लब 'ए' और माही ब्लू के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## सामाजिक समरसता में महिलाओं की भूमिका पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में रविवार को सामाजिक समरसता में महिलाओं की भूमिका विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक परिवर्तन का सक्रिय भागीदार बनाना एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नीता चौहान ने कहा कि महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उन्नति के बिना समग्र विकास संभव नहीं है। मुख्य अतिथि ममता कुमारी ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिलाएं समाज की आधारशिला हैं और उनके सशक्त होने से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने महिलाओं के लिए पुस्तकालयों की स्थापना की आवश्यकता बताते हुए प्रशासन से इस दिशा में पहल करने की अपील की। कार्यशाला के दौरान महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं अन्य वक्ताओं ने महिलाओं की भागीदारी, लैंगिक समानता और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक श्याम लाल उरांव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

## सिंगरा कलां विकास से वंचित, बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव उजागर



**मेदिनीनगर।** जनसंपर्क अभियान के दौरान सिंगरा कलां क्षेत्र की वास्तविक स्थिति सामने आने के बाद विकास को लेकर गंभीर चिंताजनक तस्वीर उभर कर आई है। यह क्षेत्र नगर निगम के विकास से कोसों दूर नजर आया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में न तो पक्की सड़कों का निर्माण हुआ है और न ही नालियों की समुचित व्यवस्था है। रात के समय स्ट्रीट लाइट की सुविधा न होने के कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा गरीब और जरूरतमंद परिवारों को अब तक आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल पाया है। वर्षों से लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार केवल कागजों में विकास दर्शा रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यहां के नागरिक खेती योग्य भूमि पर भी नगर निगम टैक्स देने को मजबूर हैं, लेकिन बदले में सड़क, नाली और रोशनी जैसी मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इस दौरान पूनम सिंह ने कहा कि सिंगरा कलां की स्थिति यह दशार्ती है कि बीते कई वर्षों में यहां केवल दिखावटी विकास हुआ है। न सड़क है, न नाली, न प्रकाश की व्यवस्था और न ही गरीबों को उनका अधिकार मिला है। खेती की जमीन पर टैक्स वसूली कर सुविधाएं न देना जनता के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने संकल्प लिया कि सिंगरा कलां के हर नागरिक को उसका अधिकार दिलाने के लिए पूरी मजबूती से आवाज उठाई जाएगी और क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।

## औचक चेकिंग में रंका पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर सुपारी किलर

**गढ़वा।** रंका-गोदरमाना मार्ग पर औचक निरीक्षण के दौरान रंका पुलिस ने दो पेशेवर सुपारी किलरों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने दो अवैध देशी लोडेड पिस्टल, एक कट्टा, पांच जिंदा गोली, एक अपाचे मोटरसाइकिल, ?5,520 नकद तथा एक हेलमेट बरामद किया है।इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने बताया कि शुक्रवार की संध्या रंका पुलिस नियमित गश्ती के दौरान झुमेलवा बाईसप्लॉट के समीप सुनसान स्थान पर एंटी-क्राइम चेकिंग कर रही थी। इसी क्रम में गोदरमाना की ओर से काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पहुंचे। पुलिस द्वारा वाहन के कागजात मांगे जाने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, जिसके बाद दोनों की तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान दोनों युवकों की कमर से लोडेड पिस्टल बरामद किए गए।

# नावाटोली में भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुणा शंकर के प्रधान कार्यालय का भव्य उद्घाटन, नेताओं ने जीत का लिया संकल्प

झारखंड दर्शन संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रविवार को मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर एवं भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी आदरणीय श्रीमती अरुणा शंकर के प्रधान कार्यालय का भव्य उद्घाटन नावाटोली में किया गया। उद्घाटन समारोह में भाजपा के प्रदेश और जिला स्तर के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रधान कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष सह नगर निगम चुनाव प्रभारी भानु प्रताप शाही, प्रदेश महामंत्री सह चुनाव प्रभारी मनोज सिंह, मेदिनीनगर विधायक आलोक चौरसिया, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन के पश्चात उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकताओं ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे क्रम संख्या 01 पर एयर कंडीशनर चुनाव चिन्ह पर मतदान कर अरुणा शंकर को भारी मतों से विजयी बनाएंगे। इस अवसर पर दाऊदनगर विधानसभा के विधायक डॉ० प्रकाश चंद्र ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एसी चुनाव चिन्ह केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एयर कंडीशनर हर मौसम में राहत देता है, उसी प्रकार अरुणा शंकर नगर की जनता को समस्याओं से राहत दिलाने का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि अरुणा शंकर ने भोग-विलास और निजी सुविधाओं को छोड़कर जनसेवा को अपना लक्ष्य बनाया है और आने वाले समय में वे विकास की बेटी के रूप में मेदिनीनगर में एक नई मिसाल स्थापित करेंगी।

विधायक डॉ० प्रकाश चंद्र ने अरुणा शंकर के पिछले ढाई वर्षों के कार्यकाल को सराहनीय बताते हुए कहा कि उनकी कर्मठता, ईमानदारी और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए आज नगर निगम चुनाव हो रहा है, जो भाजपा के लिए गर्व का विषय है।

अपने संबोधन में अरुणा शंकर ने कहा कि यह अवसर उन्हें जनता और कार्यकताओं के संघर्ष और विश्वास के कारण मिला है। उन्होंने कहा कि वे सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों का सम्मान करती हैं और उनके सहयोग को अपना वरदान मानती हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि अब समय आ गया है कि हर कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी संभाले और जनता के बीच जाकर विकास के मुद्दों को मजबूती से रखे। इस अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोजपा कार्यकताओं द्वारा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के उपरांत संयुक्त प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया गया।

# तीन अनाथ मासूम बच्चों के लिए मानवता की मिसाल बने तिरंगा वाले शौकत खान

झारखंड दर्शन संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिले में मानवता, सामाजिक संवेदना और राष्ट्रधर्म की एक अनुकरणीय मिसाल उस समय देखने को मिली, जब राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह एवं अनेक निःशुल्क सेवा अभियानों के संस्थापक शौकत खान तीन अनाथ और बेसहारा मासूम बच्चों के लिए संबल बनकर सामने आए। रविवार की सुबह एक सेवानिवृत्त फौजी ने शौकत खान को फोन पर सूचना दी कि उनके गांव में तीन छोटे बच्चे हैं, जिनके पिता का कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था, जबकि नौ दिन पहले उनकी माता का भी देहांत हो चुका है।

रविवार को बच्चों की माता का दसवां संस्कार था, जिसके लिए श्राद्ध कर्म और बच्चों के दैनिक जीवन-यापन हेतु तत्काल सहायता की आवश्यकता थी। सूचना मिलते ही शौकत खान ने बच्चों की पूरी स्थिति की जानकारी ली और बिना किसी देरी के स्वयं राहत सामग्री लेकर बच्चों के घर पहुंचे। उन्होंने बच्चों और परिवार को चावल, आटा, दाल, सरसों तेल, रिफाइंड तेल, मसाले, चीनी, गुड़, चूड़ा, बिस्कुट, ब्रेड, नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, सर्फ सहित अन्य आवश्यक घरेलू सामग्री उपलब्ध कराई।

इसके साथ ही तीनों बच्चों के लिए नए कपड़े तथा तत्काल आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया। बच्चों को ढांढस बंधाते हुए शौकत खान ने कहा कि यह समय पहाड़ जैसी विपत्ति का है, लेकिन वे केवल आज ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी हर परिस्थिति में बच्चों के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि तीनों बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च वे स्वयं वहन करेंगे तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर सहयोग करते रहेंगे। इस मौके पर बच्चों के चाचा-चाची, सेवानिवृत्त फौजी सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। शौकत खान ने उपस्थित लोगों से भावुक अपील करते हुए कहा कि माता-पिता को कोई वापस नहीं ला सकता, लेकिन समाज, रिश्तेदार और गांव मिलकर इन बच्चों के लिए भाई, पिता और संरक्षक बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये बच्चे केवल एक परिवार के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की धरोहर हैं और इनकी देखभाल करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। बताया गया कि इस मानवीय सेवा कार्य में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के ला. वेंकटेश्वर नारायण, शौकत खान की छोटी बहन तथा उनके पुत्र साजिद खान का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# ग्रामीण खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा को निखारने की जरूरत : मुखिया पुष्पा देवी

झारखंड दर्शन संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल उन्हें सही मंच और संसाधन उपलब्ध कराने की। खेल मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा है और इसमें हार-जीत स्वाभाविक है। उक्त बातें पोलपोल कला पंचायत की मुखिया पुष्पा देवी ने कही। वे रविवार को सदर प्रखंड के धमधमवा गांव में राजा मेदिनीराय यंग स्टार क्लब द्वारा आयोजित ग्राम स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। टूनार्मेंट का उद्घाटन मुखिया पुष्पा देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह, शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता भरदुल सिंह तथा अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह ने कहा कि खेल से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। खेल के माध्यम से मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर और संसाधन मिलें, तो वे भी राज्य और देश स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

शिक्षक भरदुल सिंह ने कहा कि ग्रामीण खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों का अभाव उनके आगे बढ़ने में बाधा बनता है। यदि सरकार और समाज मिलकर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं, तो ग्रामीण खिलाड़ी भी ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन अनुशासन और समर्पण ही खिलाड़ी को महान बनाता है। पहले दिन का मुकाबला गुरियादामर और केचकी टीम के बीच खेला गया। 10-10 ओवर के मैच में गुरियादामर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 ओवर 2 गेंद में 77 रन बनाए और ऑलआउट हो गई। जवाबी पारी में केचकी की टीम ने 8 ओवर 3 गेंद में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। इस टूनार्मेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। आयोजन समिति की ओर से अतिथि यों को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अजय सिंह, ठकुराई सिंह, उमेश सिंह, हरि सिंह, ध्रुव पाल, चंदन कुमार, पप्पू सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## हरिहरगंज प्रखंड को मिला नया सांसद प्रतिनिधि, राजीव रंजन का हुआ भव्य स्वागत

झारखंड दर्शन संवाददाता



**हरिहरगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र के चर्चित युवा नेता राजीव रंजन को पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा हरिहरगंज प्रखंड का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकताओं सहित स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। राजीव रंजन के सांसद प्रतिनिधि बनने की सूचना मिलते ही हरिहरगंज क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यावसायिक वर्ग के लोगों ने उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया। रविवार को हरिहरगंज न्यू सब्जी बाजार स्थित नयन होटल के पास उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाइयां खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। बधाई देने वालों में संजय जयसवाल, दिनेश स्वर्णकार, दिनेश पासवान, निरंजन गुप्ता, डॉ० प्रमोद कुमार, संतोष शर्मा, विजय सिंह, अजय सिंह, बाबू भाई, सुधीर सिंह, राजू शर्मा, मुकेश मेहता, दिनेश मेहता, लखन सिंह, कृष्ण कुमार साहू, शंभु यादव, कृष्णानंद जी महाराज सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। इस अवसर पर राजीव रंजन ने सांसद विष्णु दयाल राम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज प्रखंड के सर्वांगीण विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा केंद्र सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे क्षेत्र के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे।

## भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी अरुणा शंकर को लोजपा का मिला औपचारिक समर्थन

झारखंड दर्शन संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, मेदिनीनगर की राजनीति में गतिविधियां तेज होती जा रही हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थित महापौर प्रत्याशी श्रीमती अरुणा शंकर के पक्ष में समर्थन का कारवां लगातार मजबूत होता जा रहा है। रविवार को इस समर्थन को और बल तब मिला, जब दाऊदनगर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पलामू जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से अरुणा शंकर के समर्थन की औपचारिक घोषणा की।इस अवसर पर विधायक डॉ० प्रकाश चंद्र ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के समग्र और संतुलित विकास के लिए एक सशक्त, ईमानदार और दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता है, जो श्रीमती अरुणा शंकर के रूप में जनता को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि अरुणा शंकर ने अपने पिछले कार्यकाल में नगर निगम के विकास, स्वच्छता, जनसुविधाओं और प्रशासनिक सुधारों को लेकर जो कार्य किए हैं, वह सराहनीय हैं। उन्होंने भाजपा और सहयोगी दलों के कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरें और ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करें। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पलामू जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार तथा स्थानीय जनता की अपेक्षाओं और क्षेत्र की विकासात्मक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लोजपा (रामविलास) ने अरुणा शंकर को पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा और लोजपा का यह गठबंधन नगर निगम चुनाव में भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और मेदिनीनगर को विकास की नई दिशा देगा।

## फरार वारंटी के खिलाफ पुलिस का सख्त रुख, ढोल-नगाड़े के साथ घर पर चिपकाया गया इश्तेहार

झारखंड दर्शन संवाददाता



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उसके घर पर इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई रविवार को बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत अलीपुर मोहल्ला, अलीनगर टिकरी रोड स्थित आरोपी के आवास पर की गई। हरिहरगंज थाना के एसआई संतोष कुमार एवं अविनाश कुमार ने औरंगाबाद टाउन थाना पुलिस के सहयोग से हरिहरगंज थाना कांड संख्या 129/25 के फरार आरोपी मोहम्मद सैफुल्लाह उर्फ सैफ के घर पर ढोल-नगाड़ा बजाकर विधिवत इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर उपस्थित रहे। एसआई अविनाश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी मोहम्मद सैफुल्लाह उर्फ सैफ पिछले कई महीनों से फरार चल रहा है। पुलिस द्वारा कई बार उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई, लेकिन वह लगातार पुलिस को चकमा देता रहा। उन्होंने बताया कि आरोपी हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अंसारी बिगहा निवासी जसमुद्दीन अंसारी उर्फ नवाब की हत्या के मामले में नामजद अभियुक्त है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। यदि आरोपी शीघ्र आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध कुर्की-जब्ती सहित अन्य कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि आरोपी के संबंध में कोई सूचना मिलती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# महापौर प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी को मिला बेंच छाप, क्रम संख्या पांच पर नामांकन

झारखंड दर्शन संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव को लेकर महापौर प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है। इसी क्रम में महापौर पद की प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी को क्रम संख्या 5 पर बेंच छाप चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है, जिसे लेकर उनके समर्थकों और कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नम्रता त्रिपाठी झारखंड के पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी की पुत्री हैं। वे लगातार नगर निगम क्षेत्र के मतदाताओं से संपर्क कर आशीर्वाद मांग रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि नगरवासियों ने उन्हें एक बार सेवा का अवसर दिया, तो वे नगर निगम को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी। मीडिया से बातचीत में नम्रता त्रिपाठी ने कहा कि जिस प्रकार जीवन में आगे बढ़ने से पहले परीक्षा देनी होती है, उसी तरह यह चुनाव भी एक परीक्षा है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि क्रम संख्या 5 बेंच छाप पर भारी मतों से मोहर लगाकर उन्हें इस परीक्षा में सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि बेंच छाप केवल उनका व्यक्तिगत चुनाव चिन्ह नहीं है, बल्कि नगर निगम क्षेत्र के सभी युवाओं, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और आम नागरिकों का प्रतीक है। चुनाव जीतने के बाद उनकी पहली प्राथमिकता हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना, शिक्षा को बढ़ावा देना, युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर देना और नगर निगम को सुंदर एवं व्यवस्थित रूप में विकसित करना होगा। नम्रता त्रिपाठी ने विश्वास जताया कि यदि नगरवासी उन्हें मौका देंगे, तो वे पूरी क्षमता, ईमानदारी और समर्पण के साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरेंगी।

# बरवाडीह में सहायक अध्यापकों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह एवं वनभोज का आयोजन

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बरवाडीह।** सहायक अध्यापक संघ, प्रखंड इकाई बरवाडीह की ओर से प्रखंड के पंपुकल कोयल नदी तट पर विदाई सह सम्मान समारोह एवं वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर एवं विशिष्ट अतिथि सह बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मंच संचालन की जिम्मेदारी उमेश कुमार सिंह ने निभाई। इस अवसर पर प्रखंड के सेवानिवृत्त लगभग एक दर्जन से अधिक पारा शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ अध्यक्ष शकील खां ने कहा कि यह आयोजन केवल औपचारिक नहीं, बल्कि उन शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रयास है, जिन्होंने 20 से 22 वर्षों तक अल्प मानदेय में सुदूरवर्ती क्षेत्रों में विषम परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा की अलख जगाई। मुख्य अतिथि संतोषी शेखर ने कहा कि सहायक अध्यापकों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से किया है, लेकिन सेवा निवृत्ति के बाद उन्हें सरकार एवं शिक्षा विभाग की ओर से कोई ठोस सुविधा नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि आज पारा शिक्षकों और उनके परिवारों के समक्ष भुखमरी एवं असुरक्षा जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। नियमितिकरण एवं वेतनमान उनकी प्रमुख मांगें हैं, जिनकी लड़ाई में वे सदैव उनके साथ खड़ी रहेंगी। विशिष्ट अतिथि नसीम अंसारी ने कहा कि सहायक अध्यापक अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा को समर्पित कर देते हैं। वे केवल शिक्षण कार्य ही नहीं, बल्कि चुनावी ड्यूटी, जनगणना एवं विद्यालय संचालन जैसे अनेक दायित्वों का भी निर्वहन करते हैं। ऐसे में उनकी मांगों की अनदेखी अत्यंत दुखद है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन मांगों को क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र सिंह एवं सरकार तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में संजीव कुमार सिंह, अनुज कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिंह, अमित कुमार, गुलाम अनवर, अनिल कुमार यादव, दिनेश मेहरा, डिलेश कुमार यादव, अवध बिहारी प्रसाद, आरती कुमारी, विजय यादव सहित दर्जनों शिक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 09 फरवरी 2026 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com



## संक्षिप्त खबरें

### टी-20 विश्व कप मैच के बाद अमेरिकी राजदूत ने आईसीसी और जय शाह को कहा धन्यवाद



**नई दिल्ली।** मुंबई में भारत और अमेरिका के बीच टी-20 विश्व कप मैच में शामिल होने के बाद भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और उसके चेयरमैन जय शाह को ₹क्रिकेट की एक अविश्वसनीय शाम₹ के लिए धन्यवाद दिया। रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अमेरिकी राजदूत गोर ने कहा कि टी-20 विश्व कप में क्रिकेट की अविश्वसनीय शाम के लिए आईसीसी और जय शाह को धन्यवाद। मुझे लगता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य बहुत उज्ज्वल है, जिसमें आगामी ओलंपिक्स भी शामिल है। मैच के दौरान सर्जियो गोर ने आईसीसी चेयरमैन जय शाह से मुलाकात की और अमेरिका में क्रिकेट के तेजी से विकास पर चर्चा की। अमेरिकी राजदूत ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि टी-20 विश्व कप में आईसीसी चेयरमैन जय शाह से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हमने विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और अद्भुत प्रशंसकों के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट के तेजी से विकास पर चर्चा की।

### स्पेन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लवलीना बरगोहाईं ने जीता स्वर्ण पदक



**गुवाहाटी।** भारत की स्टार मुक्केबाज और ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बरगोहाईं ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाया है। स्पेन में आयोजित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान लवलीना बरगोहाईं का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। उन्होंने विभिन्न देशों से आई अनुभवी और मजबूत प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाजों को लगातार पराजित करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। हर मुकाबले में उनकी तकनीक, आक्रामकता और रणनीतिक समझ साफ नजर आई, जिसने दर्शकों और विशेषज्ञों को प्रभावित किया। फाइनल मुकाबले में लवलीना ने आत्मविश्वास से भरा खेल दिखाते हुए निर्णायक जीत दर्ज की। उन्होंने पूरे मैच के दौरान नियंत्रण बनाए रखा और सटीक पंचों के जरिए प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। निर्णायकों ने सर्वसम्मति से उन्हें विजेता घोषित किया, जिसके साथ ही उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया। लवलीना की इस जीत पर खेल जगत में खुशी की लहर है। भारतीय बॉक्सिंग संघ, खेल विशेषज्ञों और प्रशंसकों ने उन्हें इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाइयां दी हैं। इसे भारतीय बॉक्सिंग के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

### झारहा में फाइनल मैच का आयोजन, मुखिया देवसागर राम ने किया विजेताओं का सम्मान



**मेदिनीनगर।** झारहा में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला उत्साह और रोमांच के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर आसेहार पंचायत के हैट्रिक मुखिया देवसागर राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को शील्ड देकर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मैच में धोनी फाइटर आसेहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम के कप्तान सुधांशु वर्मा ने टीम के बेहतर तालमेल और मेहनत का श्रेय सभी खिलाड़ियों को दिया। वहीं, लोकल फिटर झगरपुर की टीम उपविजेता रही, जिसने मुकाबले में कड़ी टक्कर दी। मुख्य अतिथि देवसागर राम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं को सही दिशा देने के साथ-साथ आपसी भाईचारा और खेल भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस मौके पर राकेश कुमार, लड्डू कुमार और पिंटू गुप्ता समेत कई खेल प्रेमी और ग्रामीण मौजूद थे।

# टी-20 विश्व कप: इंग्लैंड ने नेपाल को 4 रन से हराया

- नेपाल की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 180 रन ही बना सकी
- कुसल भुर्तेल 17 गेंदों में 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे



**मुंबई। एजेंसी**

आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 में रविवार को इंग्लैंड और नेपाल के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए ग्रुप सी के इस मैच में नेपाल को आखिरी ओवर में जीत के लिए 10 रन चाहिए थे, लेकिन टीम सिर्फ 5 रन ही बना सकी। इंग्लैंड ने मुकाबला चार रन से जीतकर टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाए थे। जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 180 रन ही बना सकी।

इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ 185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल को चौथे ओवर में पहला झटका लगा। आसिफ शेख 7 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद 42 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज कुसल भुर्तेल 17 गेंदों में 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। नेपाल की पारी को कप्तान रोहित पौडेल और दीपेंद्र सिंह ने संभाला और दोनों ने टीम को 12 ओवर में 100 रन के पार पहुंचाया। हालांकि, 15वें ओवर में दीपेंद्र 29 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की मदद से 44 रन बनाकर आउट हो गए। अगले ही ओवर में कप्तान रोहित पौडेल भी 34 गेंदों में 39 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फिर 146 रन पर नेपाल का पांचवां विकेट आरिफ शेख के रूप में गिरा, जिन्होंने 8 गेंदों में 10 रन बनाए। अंतिम ओवरों में लोकेश बम ने संघर्ष जारी रखा और 18वें ओवर में जोफ्रा आर्चर को दो छक्के जड़े। नेपाल को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए 24 रन चाहिए थे, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। लोकेश बम 20 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर नाबाद लौटे।

इंग्लैंड की ओर से लियाम डॉसन ने 2 विकेट लिए, जबकि सैम कर्रन, विल जैक्स, ल्यूक वुड और जोफ्रा आर्चर को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट एक रन बनाकर आउट हुए, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर 26 रन ही बना सके। टॉम बैंटन भी सिर्फ 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जैकब बेथेल और कप्तान हैरी ब्रूक ने पारी को संभालते हुए रन गति बढ़ाई। बेथेल ने 35 गेंदों में 4 चौके और 4 छक्कों की मदद से 55 रन की तेज पारी खेली।

ब्रूक ने 32 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों के साथ 53 रन बनाए। अंतिम ओवरों में विल जैक्स ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 18 गेंदों में नाबाद 39 रन ठोक दिए, जिससे इंग्लैंड 184 के मजबूत स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रहा। नेपाल की ओर से दीपेंद्र सिंह एयरी और नंदन यादव ने 2-2 विकेट लिए, जबकि शेर मल्ला और संदीप लामिछाने को एक-एक विकेट मिला।

### विराट, रोहित पर कोच गंभीर के दबाव बनानें की बातें गलत : सैकिया

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के मुख्य कोच गौतम गंभीर से कोई मतभेद नहीं हैं। साथ ही कहा कि ये दोनो ही उस स्तर के खिलाड़ी हैं जिन्हें कोई भी दबाव बनाकर बाहर नहीं कर सकता है। इस प्रकार बोर्ड ने एक प्रकार से कोच गौतम गंभीर के रोहित शर्मा और विराट कोहली से मतभेदों की खबरों को खारिज कर दिया है। सैकिया ने कहा कि पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें आ रही है कि गंभीर इन दोनो को बाहर होने के लिए मजबूर कर रहे हैं जो सही नहीं है। इससे पहले कई लोगों का आरोप था कि टी20 विश्वकप 2024 जीतने के बाद रोहित और विराट ने इस प्रारुप से संन्यास ले लिया था। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट को भी छोड़ दिया। अब दोनों केवल एकदिवसीय ही खेलते हैं और इसमें भी उनपर दबाव बनाया जा रहा है। सैकिया ने कहा कि लोगों की अपनी धारणा हो सकती है पर गंभीर क्या कोई भी विराट और रोहित जैसे खिलाड़ियों पर दबाव नहीं बना सकता है। उन्होंने कहा ऐसी धारणा हो सकती है पर विराट हमेशा टीम में हैं। गंभीर भी टीम में हैं। हम परिणाम देखते हैं और कुछ नहीं। साथ ही कहा कि विराट पर टेस्ट से संन्यास लेने के लिए दबाव नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि कोहली जैसे बड़े खिलाड़ी को कोई भी किसी फैसले के लिए मजबूर नहीं कर सकता।

## धर्मशाला में सोमवार से शुरू हो रही आल इंडिया इंटर जोनल महिला कबड्डी, सीयू कर रहा मेजबानी

**धर्मशाला। एजेंसी**



हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ने जा रही है। सीयू इस बार ऑल इंडिया इंटर जोनल कबड्डी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। प्रतियोगिता की मेजबानी करने के लिए सीयू पूरी तरह तैयार है। यह आयोजन न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे प्रदेश के खेल इतिहास के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह बेहद खास होने वाला है। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कुलपति प्रो. एसपी बंसल ने बताया कि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए कबड्डी जगत के बड़े नाम धर्मशाला की धरती पर उतरेंगे। इनमें भारतीय कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी दीपक हुड्डा और हिमाचल की शान व भारतीय महिला कबड्डी टीम की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। इन सितारों की मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. सुमन शर्मा की देखरेख में इस पूरी प्रतियोगिता का खाका तैयार किया गया है। कुलपति ने बताया कि देश भर के चार जोन्स से आने वाली सर्वश्रेष्ठ टीमों के ठहरने, खान-पान और सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। खेल के मैदानों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। कुलपति ने कहा कि यह चैंपियनशिप केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि देश भर की संस्कृतियों और खेल भावना का मिलन है। हमारा लक्ष्य है कि हिमाचल के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर का एक्सपोजर मिले और खेल के क्षेत्र में विश्वविद्यालय एक नई पहचान बनाए।

### अंडर-19 विश्व कप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान

## वैभव सूर्यवंशी समेत भारत के तीन खिलाड़ी शामिल

**नई दिल्ली। एजेंसी**



अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को हराकर रिकॉर्ड छठी बार खिताब अपने नाम किया है। इस बीच रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अंडर-19 विश्वकप की 'टीम ऑफ द टूनार्मेंट' की घोषणा कर दी। फाइनल मैच में ऐतिहासिक पारी खेलने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इस टीम में जगह मिली है। 14 वर्षीय वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 80 गेंदों पर 175 रनों की दमदार पारी खेलकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता था। उनके साथ कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल को भी 12 सदस्यीय सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे को सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह नहीं मिल सकी। कनिष्क ने पूरे टूर्नामेंट में बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अहम योगदान दिया, जबकि हेनिल ने 11 विकेट चटकाए, जिसमें अमेरिका के खिलाफ 5/16 का शानदार स्पेल शामिल रहा। उपविजेता इंग्लैंड के भी तीन खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली है। थॉमस रेव को टीम का कप्तान और विकेटकीपर नियुक्त किया गया है। रेव ने टूर्नामेंट में 66 की औसत से 330 रन बनाए, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में खेली गई मैच जिताऊ शतकीय पारी भी शामिल है। इंग्लैंड के ही मैनी लुम्सडेन और बेन मेस को बी जगह मिली है। मैनी ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 16 विकेट लिए और बेन मेस 444 रनों के साथ प्रतियोगिता टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। श्रीलंका के वीरन चामुदिथा को सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने जापान के खिलाफ ऐतिहासिक 192 रन की पारी खेली थी, जिसमें 26 चौके और एक छक्का शामिल था। अफगानिस्तान के फैसल खान शिनोजादा और नूरिस्तानी उमरजई को अपनी टीम को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बाद चुना गया है। फैसल ने आयरलैंड और भारत के खिलाफ शतक लगाया था, जबकि नूरिस्तानी उमरजई ने टूनार्मेंट में 14 विकेट लिए, जिसमें तंजानिया के खिलाफ 9 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ओलिवर पीक भी टूनार्मेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ शतक जमाए थे। पाकिस्तान के अली रजा और वेस्टइंडीज के स्पिनर विटेल लावेस को भी टीम में जगह मिली है। अली रजा ने 13.92 की औसत से 13 विकेट झटके, जबकि लावेस ने पांच मैचों में 10 विकेट लिए।

**अंडर-19 विश्व कप 2026 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट**

वैभव सूर्यवंशी (भारत), वीरन चामुदिथा (श्रीलंका), फैसल खान शिनोजादा (अफगानिस्तान), थॉमस रेव (विकेटकीपर/कप्तान, इंग्लैंड), ओलिवर पीक (ऑस्ट्रेलिया), बेन मेस (इंग्लैंड), कनिष्क चौहान (भारत), नूरिस्तानी उमरजई (अफगानिस्तान), विटेल लावेस (वेस्टइंडीज), अली रजा (पाकिस्तान), मैनी लुम्सडेन (इंग्लैंड), हेनिल पटेल (भारत)।

### ग्रामीण खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा को निखारने की जरूरत : पुष्पा देवी



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ग्रामीण खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। खेल मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इसमे हार जीत लगा रहता हैं। उक्त बातें पोलपोल कला पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी ने कही।

वे रविवार को सदर प्रखंड के धमधमवा में राजा मेदिनीराय यंग स्टार क्लव द्वारा ग्राम स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में बोल रही थी। मुखिया पुष्पा देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह, शिक्षक सह समाजिक कार्यकर्ता भरदुल सिंह, अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से टूनामेंट का उदघाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य अर्जुन सिंह ने कहा कि खेल से तन मन दोनों स्वस्थ रहता हैं।खेल से मानसिक शारिरिक व बौद्धिक विकास होता हैं।उन्होंने कहा कि ग्रामीण खिलाड़ी को अवसर मिले तो ये भी अच्छा कर सकते हैं।

शिक्षक भरदुल सिंह ने कहा कि ग्रामीण खिलाड़ी में प्रतिभा हैं परंतु संसाधन के अभाव है।अगर बेहतर संसाधन उपलब्ध कराया जाय तो ग्रामीण खिलाड़ी भी राज्य देश स्तर पर अपना पहचान बना सकते है। इस मौके पर अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेले।इसमे हार जीत लगा रहता हैं।हारने वाले टीम की ओर बेहतर खेलने का प्रेरणा मिलता हैं।

## व्यापार

# शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4.55 लाख करोड़ बढ़ा

### बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज नंबर वन रही

**नई दिल्ली। एजेंसी**



बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में शानदार तेजी देखी गई जिससे निवेशकों के बीच उत्साह का माहौल बना। इस तेजी के पीछे बड़ी कंपनियों के मजबूत प्रदर्शन को मुख्य कारण माना जा रहा है। शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। लाभ में रहने वाली इन आठ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 4,55,336.36 करोड़ रुपये बढ़ा। इस सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,41,887.97 करोड़ रुपये बढ़कर 19,63,358.79 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा एलआईसी का मूल्यांकन 64,926.1 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल 52,516.39 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक 52,476.97 करोड़ रुपये बढ़कर बंद हुआ। हालांकि, इस तेजी के बावजूद टीसीएस और इंफोसिस के शेयर पीछे रहे। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 88,172.8 करोड़ रुपये घटकर 10,64,242.35 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 63,462.66 करोड़ रुपये घटकर 6,26,067.95 करोड़ रुपये रह गया। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर, इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का क्रम रहा।

### सीबीडीटी ने 'आयकर अधिनियम 2025' के नियमों पर हितधारकों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली। एजेंसी**

आयकर व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता लाने के उद्देश्य से, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 'आयकर अधिनियम 2025' के प्रस्तावित नियमों एवं प्रपत्रों पर हितधारकों से सुझाव मांगे हैं। सीबीडीटी ने रविवार को स्पष्ट किया है कि सुझाव मुख्य रूप से निम्नलिखित चार मानकों के आधार पर दिए जाने चाहिए। इनमें सरल भाषा, मुकदमेबाजी में कमी, अनुपालन के बोझ में कमी और अनावश्यक नियमों की पहचान है। उल्लेखनीय है कि आयकर अधिनियम, 2025 को अगस्त 2025 में राष्ट्रपति की मंजूरी मिल चुकी है। यह नया कानून 1 अप्रैल, 2026 से पूरे देश में लागू हो जाएगा। अंतिम अधिसूचना जारी करने से पहले सरकार चाहती है कि करदाता और विशेषज्ञ अपने इनपुट साझा करें ताकि नियमों को अधिक व्यावहारिक बनाया जा सके।

हितधारकों की सुविधा के लिए आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर एक विशेष यूटिलिटी शुरू की गई है। हितधारक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना नाम और मोबाइल नंबर दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद ओटीपी आधारित सत्यापन के जरिए अपने सुझाव पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। सुझाव देते समय संबंधित नियम, उप-नियम या फॉर्म संख्या का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। प्राप्त होने वाले सभी सुझावों का विश्लेषण विशेषज्ञों की समिति द्वारा किया जाएगा, जिसके बाद ही आयकर नियम, 2026 को अंतिम रूप दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 1962 के पुराने नियमों की जगह आधुनिक और डिजिटल-फ्रेंडली नियम लाना है।

### हार्ले-डेविडसन समेत बड़ी बाइक्स होंगी सस्ती

**नई दिल्ली।** भारत सरकार अमेरिका से आने वाली प्रीमियम मोटरसाइकिलों को बड़ी राहत देने जा रही है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील के तहत 800 सीसी से 1,600 सीसी और उससे ज्यादा इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर इंपोर्ट ड्यूटी पूरी तरह खत्म की जाएगी। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत और अमेरिका ने इसी दिन एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें अंतरिम व्यापार समझौते का जिक्र किया गया है। उम्मीद है कि यह समझौता मार्च के मध्य तक आधिकारिक रूप से साइन हो जाएगा और इसके लागू होते ही नई ड्यूटी व्यवस्था प्रभाव में आ जाएगी। पिछले साल भारत सरकार ने बड़ी बाइक्स पर इंपोर्ट ड्यूटी कम की थी। 1,600 सीसी तक की पूरी तरह बनी मोटरसाइकिलों पर ड्यूटी 50 फीसदी से घटाकर 40 फीसदी और 1,600 सीसी से ऊपर की बाइक्स पर 30 फीसदी कर दी गई थी। अब नई डील में 800 सीसी से ऊपर की श्रेणी को पूरी तरह ड्यूटी फ्री किया जाएगा।

### टीवीएस मोटर ने की 5.12 लाख से ज्यादा वाहनों की बिक्री

**नई दिल्ली। एजेंसी**




भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में टीवीएस की पकड़ न सिर्फ मजबूत है बल्कि लगातार बढ़ती भी जा रही है। कंपनी के लिए जनवरी 2026 एक ऐतिहासिक महीना साबित हुआ, जिसमें कंपनी ने 5.12 लाख से ज्यादा वाहनों की बिक्री के साथ करीब 29 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी दर्ज की। घरेलू बिक्री के साथ निर्यात कारोबार ने भी इस ग्रोथ में अहम योगदान दिया। जनवरी 2026 में टीवीएस ने दोपहिया सेगमेंट में लगभग 4.94 लाख यूनिट्स की बिक्री की, जो सालाना आधार पर करीब 28 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह रही कि घरेलू बाजार में दोपहिया बिक्री 30 प्रतिशत तक बढ़ी, जिससे पता चलता है कि शहरी और ग्रामीण–दोनों क्षेत्रों में टीवीएस की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है। कंपनी की मजबूत पकड़ मोटरसाइकिल और स्कूटर दोनों सेगमेंट में देखने को मिली। कम्प्यूटर बाइक्स से लेकर स्कूटर और प्रीमियम मॉडल्स तक, टीवीएस की रेंज ने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा किया और कुल बिक्री को नई ऊंचाई पर पहुंचाया। इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट टीवीएस के लिए इस माह का सबसे बड़ा हाइलाइट रहा। जनवरी 2026 में कंपनी की ईवी बिक्री में 50 प्रतिशत से अधिक का उछाल दर्ज किया गया। यह संकेत है कि भारतीय ग्राहक इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स को लेकर पहले से ज्यादा भरोसा दिखा रहे हैं।

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से 28.19 करोड़ रुपये की सड़क परियोजना को मिली स्वीकृति

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सतत प्रयासों से भटगांव विधानसभा क्षेत्र को सड़क विकास की एक बड़ी सौगात मिली है। राज्य शासन द्वारा बीरपुर 12 मील हनुमान मंदिर से कालीघाट महावीरपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के डामरी मजबूतीकरण कार्य के लिए 28.19 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण परियोजना के माध्यम से लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या का समाधान होगा।

### साइबर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों को धोखे से म्यांमार भेजकर साइबर फ्रॉड कराने के मामले में कार्रवाई करते हुए इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद द्वारा एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान अमनदीप सिंह निवासी मनोरापुर, कलियावाला, उत्तराखंड के रूप में हुई है। इससे पहले इसी प्रकरण में दो आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं। रविवार को इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि यह मामला राहुल, अंकित खिचड़ निवासी गांव धौलू तथा अमरदीप सिंह निवासी काताखेड़ी की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

### 9.26 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक पकड़े, एक गिरफ्तार, दूसरा अस्पताल में भर्ती

**शिमला।** शिमला ज़िले में हाल के महीनों में नशीले पदार्थों की तस्करी के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसे देखते हुए पुलिस ने विभिन्न इलाकों में विशेष निगरानी और गश्त अभियान तेज किया हुआ है। इसी अभियान के तहत रामपुर थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस के अनुसार डिटेक्शन सेल रामपुर की टीम शनिवार रात जब भैरा खड्ड (निरथ) क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी, तभी एक वाहन को जांच के लिए रोका गया।

### मुख्यमंत्री धामी ने खटीमा में लोगों की सुनी समस्याएं



**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उधम सिंह नगर जनपद के खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन रविवार को कैंप कार्यालय लोहियाहेड एवं हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ग्राम भगचुरी पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय निवासी मलकीत सिंह राणा के निधन और वीरेंद्र मौर्य की माता सुन्दरी देवी (92) के निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर नितिन सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### बाइकों की भिड़ंत के बाद पिकअप से कुचलकर एक युवक की मौत

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में विंध्याचल थाना क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत भटेवरा गांव के सामने रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे के बाद एक बाइक सवार सड़क पर गिर गया और पिकअप से कुचलकर उसकी मौत हो गई। अष्टभुजा चौकी प्रभारी सुनील मिश्र ने बताया कि मृतक की पहचान किशोरी बैरागी उर्फ डॉक्टर बंगाली(28) निवासी कोलकाता के रूप में हुई है। वह बीते तीन माह से जिगना थाना क्षेत्र के दुबहां गांव में निजी क्लीनिक खोलकर लोगों का इलाज करता था।

### नाबालिग से दुष्कर्म, पुलिस ने दर्ज किया केस

**पलवल।** पलवल जिले के मुंडकटी थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ रेप की वारदात सामने आयी है। तीन युवकों ने रात के अंधेरे में घर में घुसकर पीड़िता को जबरन खींच लिया और कार में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मिली जानकारी के अनुसार 6 फरवरी की देर रात पीड़िता शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। तभी अमृत, संदीप और दक्ष नामक आरोपी दीवार फांदकर अंदर घुसे और युवती को दीवार के ऊपर से बाहर खींच लिया।

### पैसे के विवाद में हुई मारपीट में युवक की मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित सोरांव थाना क्षेत्र के सेवइथ गांव में शनिवार को बैंक से पैसे निकालने को लेकर हुई मारपीट में बेटे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपित दामाद को गिरफ्तार कर लिया। शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की रही है। सहायक पुलिस ने बताया कि सोरांव थाने को सूचना मिली कि सोरांव थाना क्षेत्र के सेवइथ गांव निवासी गुड्डू लाल पुत्र स्वर्गीय होरीलाल का बैंक से पैसे निकालने को लेकर बेटे अनिल कुमार से मारपीट हो गई।

# भारतीय कृषि उत्पादों को कोई नुकसान नहीं : शिवराज

- भारतीय कृषि और किसान को सर्वोपरि रखा गया है
- यूपीए की सरकार में भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी

**भोपाल। एजेंसी**



केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह डील पूरी दुनिया को यह संदेश देती है कि भारत की नीति समझौते की है, समझौते में झुकने की नहीं। इस समझौते में ऐसा कोई भी उत्पाद शामिल नहीं है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे। किसानों के हित सर्वोपरि हैं, उन पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान रविवार को अपने भोपाल स्थित आवास पर भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संतुलित रणनीति अपनाकर सकारात्मक संवाद करते हुए यह ट्रेड डील की गई है।

डिप्लोमेसी मतलब राष्ट्र प्रथम, डेवलपमेंट यानी विकसित भारत की दिशा में भारतीय कदम बढ़ाने लिए ट्रेड डील बड़ा आधार है। भारतीय कृषि और किसान की सारी चिंताओं का समाधान इस ट्रेड डील में किया गया है। यह डील हमारे कृषि उत्पादों को नए अवसर प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि और किसान को सर्वोपरि रखा गया है। यूपीए की सरकार में भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी और अब हम तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। हमारे वो सारे कृषि उत्पाद, जो हमारे किसानों की मूल ताकत है, उन सबको इस समझौते से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील अपने आप में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयाँ और गति देने वाली है। यह समझौता केवल व्यापारिक समझौता नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड डील डिप्लोमेसी, डेवलपमेंट और डिग्निटी का एक उत्तम उदाहरण है। यह ट्रेड डील हमारे किसानों को न केवल पूरी तरह से सुरक्षित रखती है, बल्कि हमारे कृषि उत्पादों को नए अवसर प्रदान करती है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय किसानों के कई कृषि उत्पादों को अमेरिका में शून्य शुल्क पर निर्यात किया जाएगा, लेकिन अमेरिकी किसानों के कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में यह छूट नहीं दी गई है। भारत के कृषि और डेयरी के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। कृषि क्षेत्र में कई उत्पादों पर जो टैरिफ था, उसे अमेरिका ने 50 परसेंट से घटाकर शून्य किया है। इनमें मसाले प्रमुख हैं, हमारे मसालों का बड़ी मात्रा में निर्यात होता है।

इसके अलावा चाय, कॉफी, नारियल, नारियल का तेल, सुपारी, काजू, वनस्पति मोम, एवोकाडो, केला, अमरूद, आम, कीवी, पपीता, अनानास, मशरूम तथा जौ जैसे कुछ अनाज भी इसमें सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि डब्बा बंद सब्जियां भी भारत नहीं आएंगे। वर्ष 2024-25 में 4.45 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने के साथ भारत ने वैश्विक निर्यातक के रूप में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखी है और हमारे मसाला निर्यात में 88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### अगर कृषि और कृषि उत्पादों को देखें

**चौहान ने कहा कि अगर कृषि और कृषि उत्पादों को देखें, तो भारतीय किसानों को नुकसान हो, ऐसा कोई भी उत्पाद सम्मिलित नहीं किया गया है। सभी ऐसी वस्तुओं को समझौते के बाहर रखा गया है। सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूँ, चीनी, मोटे अनाज, पोल्ट्री, डेयरी, केला, स्ट्रॉबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग, तिलहन, इथेनॉल, तंबाकू जैसे उत्पादों पर कोई टैरिफ में छूट नहीं दी गई है। सबसे ज्यादा चिंता इसी बात की थी कि हमारे प्रमुख अनाज सुरक्षित रहने चाहिए, वो सब के सब सुरक्षित रखे गए हैं। प्रमुख अनाज, प्रमुख फल, हमारे डेयरी उत्पाद उनके लिए कोई द्वार अमेरिका के लिए नहीं खोला गया है।**

### भोपाल मेट्रो की सैर पर निकले छात्र, करीब 400 स्कूली बच्चों ने किया सफर

**भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार को उत्साह और जिज्ञासा का अनोखा नजारा देखने को मिला, जब करीब 400 स्कूली बच्चों ने मेट्रो की सैर की। ट्रेन के शीशों से शहर का नजारा देखकर बच्चे खुशी से झूम उठे। सफर के दौरान उन्होंने मेट्रो स्टॉफ से कई सवाल किए, जिनमें सबसे ज्यादा उत्सुकता इस बात को लेकर रही कि मेट्रो आखिर चलती कैसे है। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 के विद्यार्थियों ने केंद्रीय विद्यालय मेट्रो स्टेशन से एम्स तक लगभग 6 किलोमीटर का सफर किया। इस दौरान बच्चों ने रानी कमलापति स्टेशन, एमपी नगर, डीबी मॉल और एम्स हॉस्पिटल को ऊँचाई से देखा। मेट्रो से गुजरते हुए उन्हें डॉ. अंबेडकर (जीजी फ्लाईओवर) ब्रिज और होशंगाबाद रोड स्थित वीर सावरकर सेतु देखने को मिला। बच्चों ने साथ मौजूद मेट्रो और स्कूल स्टॉफ से मेट्रो के संचालन, सुरक्षा और तकनीक से जुड़े कई सवाल पूछे। नई पीढ़ी को मेट्रो से परिचित कराने के उद्देश्य से यह विशेष सफर आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को टिकट में छूट भी दी गई। विद्यार्थियों को प्लेटफॉर्म व्यवस्था, ट्रेन संचालन, यात्रियों की सुरक्षा और आपात स्थितियों से निपटने की जानकारी दी गई।**

## पर्यटन विभाग के प्रयास से कोनेश्वर महादेव मंदिर को मिलेगा नया वैभव

**लखनऊ। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चौक में स्थित प्राचीन कोनेश्वर महादेव मंदिर अब अपने वैभव के नए शिखर की ओर अग्रसर है। मंदिर के कोने में विराजमान शिवलिंग की विशिष्ट पहचान और सदियों पुरानी मान्यताओं को केंद्र में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इस पौराणिक धरोहर के पर्यटन विकास को गति दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों पर एक करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की जाएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'रामायण काल और भगवान राम के भाई लक्ष्मण से जुड़ी मान्यताएं मंदिर को विशेष बनाती हैं। गोमती नदी के तट पर स्थित यह कौण्डिन्य ऋषि का आश्रम था, जिनका उल्लेख प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। यहां बड़ी संख्या में प्रदेश ही नहीं, बल्कि दूर-दराज क्षेत्रों से शिव भक्तों का आगमन होता है। मंदिर परिसर में



आगंतुकों की सुविधा हेतु आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल निर्माण कार्य होंगे।'

धर्मग्रंथों के अनुसार, माता सीता को वन में छोड़ने आए शोक संतप्त लक्ष्मण गोमती तट पर स्थित कौण्डिन्य ऋषि के इसी आश्रम में ठहरे थे। उन्होंने लक्ष्मण को आश्रम में स्थापित शिवलिंग का अभिषेक करने को कहा था। इस कथा का वर्णन वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण में भी है। मंदिर में शिवलिंग कोने में स्थित है। कौण्डिन्य ऋषि आश्रम में स्थापित शिवलिंग को कौण्डिन्येश्वर महादेव के नाम से जाना गया।

### नूंह की कोटला झील में प्रवासी पक्षियों के अवैध शिकार पर चार आरोपी गिरफ्तार

**नूंह। नूंह जिले में स्थित प्रसिद्ध कोटला झील में प्रवासी पक्षियों और जल मुर्गियों के अवैध शिकार के मामलें में नूंह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना आकेड़ा ने बीते साल दिसंबर में दर्ज मुकदमा के तहत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों ने जांच के दौरान अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि वन्य जीव संरक्षण निरीक्षक रजनेश कुमार की शिकायत के अनुसार आरोपी जाल बिछाकर पक्षियों को पकड़ रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जाकिर,वहीद, मुजाहिद उर्फ मुज्जी और राजूदीन उर्फ सिराजुदीन निवासी आकेड़ा के रूप में हुई है। सभी आरोपियों ने अपने अपराध स्वीकृति कथन में बताया कि गांव की बनी कोटला झील में सर्दियों में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी और जल मुर्गियां आती हैं। वे लंबे समय से जाल लगाकर इनका शिकार करते आए हैं और उन्हें बाजार में बेचकर पैसे कमाते हैं। 21 दिसंबर 2025 को आरोपी जाकिर, वहीद, राजूदीन, मुजाहिद सहित अन्य साथियों जावेद, वसीम, रमजानी, हब्बल आदि ने जाल बिछाकर पक्षियों को पकड़ा था।**

## केंद्र सरकार का बजट ऐतिहासिक: राजेन्द्र कुमार मौर्य

**प्रतापगढ़। एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने रविवार को केंद्र सरकार के पेश बजट 2026-2027 को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने पत्रकार को संबोधित करते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने वाला है। सरकार ने "Reform Over Rhetoric" (नारेबाजी से ऊपर सुधार) के मंत्र को अपनाकर देश की आर्थिक नींव को और मजबूत किया है। विधायक ने बजट के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया कि राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.3 प्रतिशत पर लक्षित करना एक साहसी और अनुशासित कदम है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपये और रक्षा क्षेत्र के लिए 7.8 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान यह दशार्ता है कि देश की सुरक्षा और तरक्की के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। टियर-2 और टियर-3 शहरों में युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे। सदर विधायक ने बताया कि एमएसएमई सेक्टर के लिए 10,000 करोड़ रुपये का फंड सहित कैंसर की 36 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट, ?शिक्षा के क्षेत्र में हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल और 15,000 स्कूलों में आधुनिक वीएफएक्स व एनीमेशन लैब, खेती में ह्यभारत-विस्तार एआईह्न प्लेटफॉर्म से किसानों को मौसम और बाजार की सटीक जानकारी मिलेगी। विधायक मौर्य ने स्थानीय उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रतापगढ़ का आंवला अब विदेशों में निर्यात हो रहा है, जो स्थानीय किसानों की बड़ी जीत है।

## विकसित भारत के लक्ष्य पर केंद्रित है बजट : आशीष पटेल

**मीरजापुर। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में रविवार को जिला पंचायत सभागार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाला, युवा-केंद्रित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम है। मंत्री ने बताया कि बजट में आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय अनुशासन और सुशासन को प्राथमिकता दी गई है।

मध्यम वर्ग को राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक आय पर शून्य कर की व्यवस्था जारी रखी गई है। उत्तर प्रदेश के लिए बजट को विकास का ग्रोथ इंजन बताते हुए उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड रेल, एक्सप्रेसवे, लॉजिस्टिक



कॉरिडोर से कनेक्टिविटी और निवेश बढ़ेगा।

एमएसएमई के लिए 10 हजार करोड़ का ग्रोथ फंड, पूर्वांचल-बुंदेलखंड पर विशेष फोकस, कृषि में एआई आधारित तकनीक, वाराणसी में इनलैंड वॉटरवे शिप रिपेयर हब, 36 जीवनरक्षक दवाओं पर शुल्क छूट, हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल और युवाओं के लिए टेक्नोलॉजी लैब जैसी घोषणाओं को उन्होंने प्रदेश के लिए अहम बताया। प्रेस कांफ्रेंस का संचालन जिला मीडिया सह-प्रभारी प्रणेश प्रताप सिंह ने किया।

इस दौरान एमएलसी श्याम नारायण सिंह, विधायक रिंकी कोल, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आजमगढ़ में 24 घंटे में दूसरी मुठभेड़, एक घायल गोतस्कर समेत दो गिरफ्तार

**आजमगढ़। जिले में पुलिस की सक्रियता के बीच 24 घंटे के भीतर दूसरी मुठभेड़ सामने आई है। जहानागंज थाना क्षेत्र में बीती रात गौतस्करी की सूचना पर घेराबंदी करने पहुंची। पुलिस टीम पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक गोतस्कर के पैर में गोली लगी, जबकि उसके साथी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पिकअप वाहन, अवैध तमंचा-कारतूस और एक बछड़ा बरामद किया। शनिवार की देर रात थाना जहानागंज पुलिस संदिग्ध वाहन चेकिंग व गश्त कर रही थी। इसी दौरान ग्राम गंभीरवन (बड़ैला ताल) के पास पिकअप में गोवंश लदे होने की सूचना मिली। थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान मोहीम अहमद पुत्र दिलशेर अहमद निवासी कोटिला (कंकाली टोला), थाना रानी की सराय तथा गिरफ्तार आरोपी सुनील कुमार पुत्र शोभनाथ निवासी जलाईपुर ऊंचेगांव, थाना रानी की सराय के रूप में हुई है।**

## राजिम कुंभ एक धार्मिक मेला नहीं, बल्कि एक जीवंत उत्सव : विदेशी पर्यटक

**राजिम। एजेंसी**

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बन चुके राजिम कुंभ कल्प की ख्याति अब देश की सीमाओं को पार कर विदेशों तक पहुंचने लगी है। इटली से आए 8 से 10 विदेशी पर्यटकों के दल ने राजिम कुंभ मेला क्षेत्र में पहुंचकर भारतीय सनातन परंपरा और संत संस्कृति का सजीव अनुभव किया। विदेशी पर्यटक पहले कुंभ कल्प के संत समागम परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्माओं से भेंट कर आशीर्वाद लिया। संतों के सान्निध्य में उन्होंने ध्यान, साधना और भारतीय जीवन दर्शन के विषय में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विदेशी श्रद्धालु भारतीय संस्कृति की गहराई और आध्यात्मिक ऊर्जा से विशेष रूप से प्रभावित नजर आए। पर्यटकों ने मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए त्रिवेणी संगम, साधु-संतों के शिविर, यज्ञ मंडप, सांस्कृतिक मंच और शासकीय स्टॉल का



भ्रमण किया। उन्होंने राजिम कुंभ के सुव्यवस्थित आयोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और लोकसंस्कृति की विविधता की खुलकर प्रशंसा की।

इटली से आए पर्यटक गजेंद्र नथावत, फाबियो मुनारी, पेपिनो मुनारी, जिओलियाना मुनारी, मोरेनो मोंटिको एवं रोसान्जेला लोमेंटी ने मीडिया से चर्चा में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि राजिम कुंभ केवल एक धार्मिक मेला नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा से जुड़ा एक जीवंत उत्सव है। यहां आध्यात्म, संस्कृति और मानवता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। संतों का आशीर्वाद, लोगों की सरलता और परंपराओं की भव्यता हमें भीतर तक छू गई। यह अनुभव हमारे लिए अविस्मरणीय रहेगा। पर्यटकों ने बताया कि राजिम घूमने के बाद वे रायपुर के लिए रवाना होंगे, इसके बाद जबलपुर होते हुए दिल्ली जाएंगे।

मेला परिसर में विदेशी सैलानियों को देख स्थानीय श्रद्धालुओं और दर्शकों में भी उत्सुकता दिखाई दी। कई लोग उनके साथ सेल्फी लेते और टूटी-फूटी अंग्रेजी में संवाद करते नजर आए। विदेशी पर्यटक नागा साधुओं के साथ भगवान दत्तात्रेय मंदिर भी पहुंचे, जहां पेशवाई के लिए उपस्थित साधु-संतों से भेंट कर वे अत्यंत प्रसन्न दिखे।

**शुभारंभ** मप्र: मुख्यमंत्री ने शहडोल के धनपुरी में किया वाटर पार्क का शुभारंभ

# जैतपुर को नगर परिषद का दर्जा देने की घोषणा की

- जैतपुर में महाविद्यालय का भवन बनेगा
- शहडोल में नए महाविद्यालय की शुरुआत किया जाएगा

**शहडोल। एजेंसी**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को शहडोल जिले के धनपुरी में नगर पालिका द्वारा निर्मित वाटर पार्क का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जैतपुर नगर को नगर परिषद का दर्जा देने की घोषणा की। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव का धनपुरी पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ता बंधुओं ने आत्मीय



स्वागत किया।

इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में नवनिर्मित वाटर पार्क का लोकार्पण करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के पर्यटन को रफ्तार मिलेगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनों को आगे बढ़ाना है। क्षेत्र के विधायक ने कुछ मांग की है तो हम मना कैसे कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र में 2300 करोड़ की सिंचाई योजना देने की घोषणा करते हुए कहा कि जैतपुर में महाविद्यालय का भवन बनेगा। शहडोल में नए महाविद्यालय की शुरूआत किया जाएगा। लोगों की मांग पर जैतपुर को नगर पंचायत देने की घोषणा करता हूं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे धनपुरी के अंदर इतना बढिया स्विमिंग पुल देखकर इंदौर, उज्जैन जैसे बड़े नगर की याद आ गई। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की ओर ध्यान नहीं दिया। हमारी सरकारों के काम करने का तरीका ही अलग है। जब मैं जय जयकार कराता हूं तो कांग्रेस वालों की पार्टी पर सांप लोट जाते हैं। हम भगवान श्रीराम की जयकार करने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि माता शबरी ने वर्षों तक राम का इंतजार किया। भगवान राम प्रेम के वशीभूत होकर शबरी माता के पास पहुंचे। श्रीराम ने शबरी के झूठे बेर खाए। मनुष्य से मनुष्य का प्रेम यह है सनातन संस्कृति की विशेषता। हम जब पूरे शहडोल की तरफ देखते हैं तो यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत अच्छा काम हुआ है। किसानों के हित का पूरा ध्यान रखा गया है।

मोदी जी का पूरा जीवन देश के विकास के लिए ही है। भारत का मान सम्मान बढाने के लिए सशक्त बनाने के लिए हम देश के प्रधानमंत्री का जोरदार अभिनंदन करें। उन्होंने कहा कि आज धनपुरी में जो सौगात मिली है वह जंगल में मंगल हो गया है। धनपुरी धन्य हो गई। नगरपालिका अध्यक्ष को बधाई कि इतनी अच्छी सौगात इस क्षेत्र को मिली है।

सभी क्षेत्र में काम करते हुए आज मप्र सबसे आगे बढ रहा है। हम लगातार काम कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण का काम किया गया है। बहुत जल्दी युवाओं को सभी तरह के कल कारखाने की सौगात मिलेगी। माता शबरी की प्रतिमा का अनावरणइसके बाद मुख्यमंत्री गंधिया जनपद पंचायत जयसिंह नगर के लिए प्रस्थान कर स्थानीय कार्यक्रम में सहभागिता निभाएंगे।

## टी-20 विश्वकप के लिए नेपाली टीम को प्रधानमंत्री कार्की ने दी शुभकामना

**काठमांडू। एजेंसी**

प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने आईसीसी टी-20 विश्व कप खेलने जा रही नेपाली राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को जीत की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री कार्की ने कप्तान रोहित पौडेल के नेतृत्व में टीम से नेपाल के लिए उल्लेखनीय परिणाम दिलाने का विश्वास व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री कार्की ने सोशल मीडिया पर लिखा आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हमारा राष्ट्रीय गान गूंजेगा और उसे पूरी दुनिया सुनेगी। कप्तान रोहित पौडेल की टीम नेपाल के आत्मविश्वास, एकता और सामूहिकता का बेजोड़ प्रदर्शन



करेगी। अपने फेसबुक और एक्स अकाउंट पर प्रधानमंत्री ने लिखा तीसरी बार आईसीसी टी-20 विश्व कप खेल रहा नेपाल इस समय दुनिया भर में फैले प्रशंसकों के समर्थन और अतीत में हासिल किए गए चमत्कारों व सफलताओं के सहारे आगे बढ़ रहा है।

इंग्लैंड के साथ आज होने वाले ऐतिहासिक मुकाबले से पहले पूरे राष्ट्र की ओर से शुभकामनाएं।



> एक ऐसा देश जहां आधुनिक यूरोपीय संस्कृति के साथ-साथ लोग अभी भी अपने पारंपरिक मूल्य और संस्कार भी सहेजे हुए हैं। बादलों में उड़कर बुल्गारिया पहुंच जाना एक सपने जैसा था। चलते हैं यहां

# सपनों की उड़ान जैसी बुल्गारिया की सैर, खूबसूरती ही नहीं यहां का आर्किटेक्चर भी है लाजवाब

तीन दशक पहले मुझे बचपन में बुल्गारिया जाने का मौका मिला था। एक चिल्ड्रेंस कैंप में। उसी की याद को ताजा करने जब मैं दोबारा बुल्गारिया गई, तो महसूस हुआ कि यह स्थान आपको अपनी ओर खींचता है। मुझे अपनी बुल्गारिया यात्रा के दौरान कभी भी सैलानी जैसा एहसास नहीं हुआ, बल्कि ऐसा लगा जैसे मैं कुछ दिनों के लिए वहां बस गई थी। मुझे बुल्गारिया की राजधानी सोफिया और शहर वारना घूमने और रहने का अवसर मिला। बुल्गारिया पहुंचने के लिए हमने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से तुर्की में इस्तांबुल के लिए फ्लाइट पकड़ी। इस्तांबुल से हमें कनेक्टिंग फ्लाइट से बुल्गारियाई शहर वारना पहुंचना था। किन्हीं वजहों से हमारी वह फ्लाइट मिस हो गई और कुछ समय हमें इस्तांबुल एयरपोर्ट की एक लाउंज में बिताना पड़ा। देर रात हमें वारना की फ्लाइट मिली और कुछ घंटों में हम वारना शहर में थे।

### विहंगम है वारना का नजारा

मैदान, पहाड़, घाटी, संकरे रास्तों व नदियों का देश है बुल्गारिया। यहां की सबसे बड़ी नदी है इस्कर और सबसे बड़ी लेक बुर्गास है। आपको जानकर हैरानी भी होगी कि इस देश में करीब 540 नदियां बहती हैं। एक टैक्सी से हम वारना में होटल पैनोरमा पहुंचे। सुनने में अजीब लगता है, लेकिन सच में यहां तक की ड्राइव मन मोह लेने वाली थी। हरे-भरे खेतों, साफ-सुथरी सड़कों और सूरजमुखी के हजारों फूलों के बीच स्टोन फॉरेस्ट तक जाने का रास्ता बेहद मनमोहक था। साथ ही, मन में उतावलापन था कि पत्थरों का जंगल कैसा होगा? स्टोन फॉरेस्ट पहुंचकर सदियों पुराने पत्थर और प्राकृतिक जमीनी सुंदरता और कलात्मकता को देखकर हैरान थे। पेड़, मिट्टी, जंगली पौधे और पत्थरों का यह जंगल पहले एक समुद्र था। पत्थर के खंभों से पटा हुआ यह जंगल बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां का वातावरण बहुत ही साफ और सुंदर है। खूबसूरत फूल-पौधे चारों तरफ हरियाली बिखेरते बड़े मनोरम लगते हैं। वारना शहर में घूमते हुए हमारी नजर यहां बने घरों पर पड़ी। बहुत ही सुंदर अपार्टमेंट बने हैं। बुल्गारियाई आर्किटेक्चर बहुत सुंदर, आकर्षक और प्रभावी हैं। बातों-बातों में हम कब वारना पार्क पहुंच गए पता ही नहीं चला। इस पार्क की खासियत है कि आप गार्डन के साथ-साथ बाजार भी घूम लेते हैं। यहां रेस्टोरेंट्स में तुर्की व बुल्गारियाई व्यंजन काफी पसंद किए जाते हैं। अगली सुबह हमें बल्चिक-कलियाकारा जाना है, जो वारना के पास ही बसा एक कस्बा है। यह बल्चिक सी के पास ही स्थित है।

### कलियाकारा केप

कलियाकारा केप पहुंचने पर हमें यहां एक आर्कियोलॉजिकल साइट भी देखने को मिली, जो एक म्यूजियम की तरह है। यह एक तरह से यहां की सभ्यता का प्रतीक है। इस म्यूजियम में हजारों साल पुरानी सभ्यता की निशानियां रखी हैं। इनमें बर्तन, हथियार जैसी बहुत सारी चीजें देखने को मिलती हैं। ये सामान खुदाई के दौरान मिले थे। अब इस साइट को टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित किया गया है। यहां एक लंबी वॉक के बाद महसूस होता है कि जरूर जीवन यहां कई हजार साल पहले भी रहा होगा। इस तरह के चिन्ह इस वॉक के दौरान देखने को मिलते हैं।

### बल्चिक बॉटेनिकल गार्डन

यह एक खूबसूरत बॉटेनिकल गार्डन है। इसे टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया गया है। फूलों से लदे पेड़ आपका स्वागत करते हैं। ढेरों फूल, पौधों, पेड़ों और जड़ी-बूटियों से हरे-भरे इस गार्डन में घूमने का एक अलग ही आनंद है। यहां बुल्गारियाई, जापानी गुलाब के साथ एक से बढ़कर एक कैक्टस भी देखने को मिलेंगे।



# सस्ते में लेना है घुमक्कड़ी का मज़ा, तो इन टिप्स एंड ट्रिक्स के साथ करें प्लानिंग

**बहुत से लोग यह सोचकर घूमने से रह जाते हैं कि पैसे कम हैं कैसे घूमेंगे? लेकिन आपको हम बता दें कि अगर आप ढंग से प्लान बनाएं तो कम पैसों में भी आराम से घूम सकते हैं।**



आजकल की भागदौड़ वाली जिंदगी में घुमक्कड़ी संजीवनी जैसी है, जो आपको तरोताजा कर देती है। बड़े शहरों की व्यस्त जिंदगी की जरूरत भी है ट्रैवल ताकि आप प्रदूषण और शोर-शराबे से दूर अपनों के साथ सुकून के कुछ पल बिता पाएं। सोशल मीडिया के इस दौर में घूमना एक ट्रेंड भी बनता जा रहा है। ऐसे बजट फिट ट्रैवल और भी प्रासंगिक हो जाता है।

### घुमक्कड़ों की तरह घूमने में है असली मजा

यह बात तो सही है कि घूमने और नई जगहों को एक्सप्लोर करने से हम तरोताजा होते हैं। बहुत कुछ सीखते भी हैं। मगर आज की महंगाई वाले दौर में बहुत से लोगों के लिए घूमना बजट पर भारी पड़ता है। जो लोग यह सोचते हैं कि घूमना सिर्फ पैसे वालों का शौक है, तो उनको बता दूं कि ऐसा है नहीं। अगर हम थोड़ी मेहनत और थोड़ा रिसर्च करें। इंटरनेट और सोशल मीडिया की मदद लें, तो घूमने का प्लान बजट में बना सकते हैं। बजट फिट ट्रैवल एक भ्रम नहीं है। घूमने का ट्रेंड, जो पहले केवल बड़ों शहरों में ही देखा जाता था, आजकल छोटे-छोटे शहरों में भी इंटरनेट और स्मार्टफोन की वजह से बढ़ रहा है। घूमने का असली आनंद तो घुमक्कड़ों की तरह घूमने में है न की पर्यटकों की तरह पर्यटन करने में।

### करनी होगी एडवांस प्लानिंग

ट्रैवल प्लान करने में सबसे बड़ी चुनौती होती है डेस्टिनेशन तक कैसे जाया जाए? कहीं भी जाने से पहले उस जगह की अपने शहर से कनेक्टिविटी देखते हैं, इंटरनेट से समय और दूरी को चेक करने के बाद फिर पब्लिक ट्रांसपोर्ट, जैसे- ट्रेन या बस की बुकिंग कराते हैं। एडवांस बुकिंग से जहां अंतिम समय की भागदौड़ से बच जाते हैं, वहीं तत्काल या अन्य चार्जेज की भी बचत हो जाती है।

### होटल की बजाय होमस्टे बेहतर

किसी भी यात्रा की दूसरी समस्या यह होती है कि हम रुकें कहां? जगह सुरक्षित है या नहीं? शहर या घूमने की जगह से बहुत दूर तो नहीं है? सस्ती जगह है तो अच्छी है या नहीं? आजकल ये समस्याएं भी आसानी से हल हो जाती हैं। कई बड़े स्टेशंस पर भारतीय रेलवे के गेस्ट रूम्स भी उपलब्ध होते हैं, जिनकी बुकिंग ट्रेन टिकट के साथ ही एडवांस में की जा सकती है। बहुत से लोकप्रिय ट्रैवल डेस्टिनेशंस में होमस्टे आसानी से मिल जाते हैं वह भी बजट में। यहां रहने पर स्थानीय लोगों का रहन-सहन, खान-पान और उनकी संस्कृति को नजदीक से जानने का मौका मिल जाता है। साथ ही उस जगह से जुड़ी कई ऐसी जानकारियां भी मिलती हैं जो गूगल के पास भी नहीं होंगी। वैसे, अकेले घूमने वाले लोगों के लिए हॉस्टल और होस्टल जैसे कई विकल्प मौजूद हैं, जो बहुत कम पैसे में आपको डॉर्मिटरीज और रूम मुहैया कराते हैं। साथ ही, साथ अपने जैसे और भी लोगों से मिलने-जुलने, उनके अनुभवों को साझा करने का मौका भी मिलता है। यकीन मानिए यात्रा और यात्री दोनों ही बेहतरीन गुरु हैं।

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट या बाइक ले लें

आप इंटरनेट पर थोड़ा-सा रिसर्च कर कर लें, तो अपने बजट में रहने की जगह खोज सकते हैं। कई वेबसाइट्स हैं, जो उनके रिव्यू भी उपलब्ध कराती हैं। जरूरत है बस थोड़ा-सा समय देने की। घूमने वाली जगहों पर कई बार लोकल ट्रांसपोर्टेशन बहुत महंगे होते हैं, ऐसी स्थिति में ज्यादातर हम लोकल पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसे लोकल बस, ट्रेन या शेयर ऑटो से काम चलाते हैं। युवाओं में दुपहिया वाहनों का क्रेज देखते हुए कई जगहों पर 200-500 रोज के हिसाब से बाइक या स्कूटी किराए पर आसानी से मिल जाते हैं। अगर आप बाइक लेना चाहें, तो आपको बस अपना कोई पहचान पत्र उनके पास जमा करना होता है। यह सस्ता, सुविधाजनक और ट्रेंडी रास्ता भी है।

# देश की इन 5 खूबसूरत जगहों की दुनिया भी है दीवानी

## वक्त निकाल कर जरूर जाएं घूमने

**आमतौर पर भी जब खूबसूरत जगहों क जिक्र होता है तो लोग विदेश की अलग-अलग लोकेशंस को गिनाना शुरू कर देते हैं जबकि देश में भी बेहद शानदार जगहें हैं।**



आमतौर पर भी जब खूबसूरत जगहों क जिक्र होता है तो लोग विदेश की अलग-अलग लोकेशंस को गिनाना शुरू कर देते हैं, जबकि देश में इतनी शानदार जगहें हैं, जिन पर किसी का भी दिल आ जाएगा। खास बात ये है कि इन जगहों की देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के लोग भी दीवाने हैं। ऐसे में आज यानी कि नेशनल टूरिज्म डे (National Tourism Day) के मौके पर आइए जानते हैं कौन-कौन सी हैं वे जगहें...

**गुलमर्ग**

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है कश्मीर का। कहते हैं कि कुदरत ने इस जगह को नायाब खूबसूरती से बख्शा है। यूं तो यहां का कोना-कोना बहुत सुंदर और मनमोहक है लेकिन अगर बात गुलमर्ग की करें तो ये जम्मू कश्मीर का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। इसकी सुंदरता के कारण इसे धरती का स्वर्ग भी कहा जाता है। यह देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। फूलों के प्रदेश के नाम से मशहूर यह स्थान उत्तरी कश्मीर के बारामुला में स्थित है। एडवेंचर स्पोर्ट्स और स्कीइंग के शौकीन लोगों के लिए गुलमर्ग एक बेहद खास जगह मानी जाती है।



**गोवा:**

गोवा तो घूमने वाले लोगों की लिस्ट में टॉप पर होता है। खासतौर पर यंगस्टर्स के लिए। युवा वहां जाना खूब पसंद करते हैं। उन्हें यहां के बीच ही नहीं बल्कि यहां की नाइट लाइफ को एन्ज्वॉय करने जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी बीच पर सुकून के पल और फिर एक हसीन शाम गुजारना चाहते हैं तो ये जगह देखनी चाहिए।

**लेह-लद्दाख:**

देश की और खूबसूरत जगह है लेह-लद्दाख। यहां प्राकृतिक खूबसूरती के साथ-साथ लोग ट्रैकिंग और बाइक राइडिंग के लिए भी आते हैं। इसके अलावा हाइकिंग, क्लाइम्बिंग और कैंपिंग का मजा लेने भी आते हैं। इसके अलावा यहां की जंस्कार वैली, खरदुंग-ला पास, हेमिस नेशनल पार्क और स्पीतुक गोम्पा जैसी जगहें घूमना एक बेस्ट ऑप्शन होता है।

**मुंबई**

यूं तो मुंबई को 'फिल्म नगरी' के नाम से भी जाना जाता है। इस शहर को सपनों का शहर भी कहते हैं। यहां हर रोज लाखों लोग अपनी आंखों में बेपनाह सपने लेकर आते हैं। मगर इस शहर में भी कई टूरिस्ट प्लेस हैं, जिन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। यहां घूमने के लिए जुहू चौपाटी, हाजी अली दरगाह, महालक्ष्मी मंदिर, गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव समेत कई जगहें हैं।

**केरल:**

देश में घूमने के लिए सबसे सुंदर केरल भी एक अच्छा ऑप्शन है। यहां मुन्नार की प्राकृतिक खूबसूरती आपका मन मोह लेगी। इसके अलावा थेक्कडी, कोवलम, कुमारकोम जैसी जगहें भी घूमना एक बेहतर ऑप्शन है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा साईं पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* (*पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741